सूर्योदय : 6:51
सूर्यास्त : 5:48
अधिकतम तापमान : 18.0
न्यूनतम : 11.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-245 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 14 फरवरी 2024
03 शाबान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# भारत और यूएई के रिश्ते मजबूत: मोदी

**उपलब्धि**

- अबू धाबी में पीएम मोदी का ग्रैंड वेलकम, गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित
- हिंदू मंदिर का आज पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन



> अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर का 14 फरवरी को पीएम मोदी शुभारंभ करेंगे। बीएपीएस मंदिर का उद्घाटन कार्यक्रम पीएम मोदी की यूएई यात्रा का प्रमुख हिस्सा है। अभी उपलब्ध जानकारी के अनुसार उस दिन मंदिर में लगभग 2000-5000 भक्तों के आने की उम्मीद है। दुबई-अबू धाबी शेख जायेद हाइवे पर अल रहबा के समीप स्थित बीएपीएस हिंदू मंदिर करीब 27 एकड़ जमीन पर बनाया गया है और इस मंदिर का निर्माण कार्य 2019 से चल रहा है। इस मंदिर के लिए जमीन संयुक्त अरब अमीरात सरकार ने दान की है। संयुक्त अरब अमीरात में तीन अन्य हिंदू मंदिर हैं जो दुबई में स्थित हैं।

**अबू धाबी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान गले मिले। पीएम मोदी के आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

अबू धाबी स्थित शेख जायद स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रवासी भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज मैं अपने परिवार के सदस्यों से मिलने आया है। समुद्र पार जिस देश की मिट्टी में आपने जन्म लिया, उस मिट्टी की खुशबू मैं आपके लिए लेकर आया हूं। भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीय भाई-बहनों को आप पर गर्व है। आप सभी देश का गर्व है। एक भारत-श्रेष्ठ भारत की सुंदर तस्वीर आपकी आवाज आज आसमान से पार जा रही है। यह पल मेरे लिए अभिभूत करने वाला है। यहां पहुंचे सभी लोगों का मैं आभारी हूं। एक भारत-श्रेष्ठ भारत की आपकी यह आवाज आज अबू धाबी से बाहर जा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, मेरे साथ शेख नाहयान भी मौजूद हैं। जो भारत और भारतीय समुदाय के अच्छे मित्र हैं। आज के इस शानदार आयोजन के लिए मैं शेख बिन जायद का आभार व्यक्त करता हूं। गर्मजोशी भरा यह समारोह उनके सहयोग के बिना संभव नहीं था। मुझे खुशी है कि हमें भी चार बार शेख नाहयान का भारत में स्वागत करने का अवसर मिला है। पहले वह गुजरात आए थे, तब लाखों लोग उनका आभार व्यक्त करने के लिए सड़क के दोनों ओर जमा हो गए थे। आप जानते हैं कि ये आभार किसलिए था। आभार इसलिए था कि वह जिस तरह यूएई में आप सभी का ध्यान रखते हैं, आपके हितों की चिंता करते हैं, ऐसा कम ही देखा गया है। पीएम मोदी ने कहा, यह भी मेरा सौभाग्य है कि यूएई ने मुझे अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ जायद से सम्मानित किया। यह सिर्फ मेरा सम्मान नहीं है बल्कि करोड़ों भारतीयों का सम्मान है।

# किसानों ने प्रदर्शन रोका, शंभू और खनौरी बॉर्डर पर हुई झड़प

**आंदोलन**

- हरियाणा के 7 जिलों में 15 फरवरी तक इंटरनेट बैन
- आज फिर से करेंगे प्रदर्शन



**अंबाला।** मंगलवार दिन भर अंबाला का शंभू बॉर्डर रणक्षेत्र बना रहा। पुलिस ने प्रदर्शनकारी किसानों को दिल्ली नहीं जाने दिया।

पुलिस ने सड़कों पर कीलें लगा रखी थी, कंटीली तारें थी, बैरिकेड्स थे, आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे थे, वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया गया। कुल मिलाकर वो सब किया गया जिससे किसानों को दिल्ली कूच करने से रोका जा सके. यहां तक कि शाम के वक्त भी किसानों पर आंसू गैस के गोले फायर किए गए। वहीं अब किसानों ने फिलहाल प्रदर्शन रोक दिया है. वे अब कल फिर दिल्ली जाने की कोशिशें करेंगे। पंजाब किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के महासचिव सरवन सिंह पंधेर ने 13 फरवरी को भारतीय इतिहास का काला दिन बताते हुए कहा कि किसान अपनी बात रखने के लिए दिल्ली जाना चाह रहे थे और किसानों के खिलाफ आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया। अभी यहां बॉर्डर पर स्पीकर लगा रहे हैं और फिर बुधवार सुबह फिर से दिल्ली कूच की कोशिश करेंगे। वहीं किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने बोलते हुए कहा कि हम जो कह रहे हैं, वो कोई नई मांग नहीं है। सरकार ने पहले ही हम से कमिटमेंट कर रखा था।

## जमीन पर उतरेंगे 10 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

### सीएम योगी ने जीबीसी 4.0 की तैयारियों पर की बैठक



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक कर आगामी 19-21 फरवरी को प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 की तैयारियों की समीक्षा की। विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विकास प्राधिकरणों के सीईओ के साथ हुई इस विशेष बैठक में मुख्यमंत्री जी ने विभागवार और जनपदवार निवेश प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए जीबीसी-4.0 के सफल आयोजन के लिए निम्न दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में 10-12 फरवरी, 2023 को यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का सफल आयोजन हुआ। इस आयोजन में 10 कन्ट्री पार्टनर, 40 देशों के 1000 से अधिक विदेशी प्रतिनिधियों, पार्टनर कंट्री के 04 मंत्रीगण, 17 केंद्रीय मंत्रीगणों, राजदूतों/उच्चायुक्तों और 25000 से अधिक डेलीगेट्स सहित राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों तथा अन्य गणमान्य महानुभावों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर उत्तर प्रदेश का मान बढ़ाया। यह आयोजन हमारी 25 करोड़ जनता की आकांक्षाओं, युवाओं की अपेक्षाओं को पूरा करने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को .1 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होने वाला है। 16 देशों के 21 नगरों और देश के 10 शहरों में रोड शो सहित प्रदेश के सभी 75 जनपदों में निवेशक सम्मेलन के उपरांत तीन दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से ?39.52 लाख करोड़ के औद्योगिक निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे 1.10 करोड़ नौकरी/रोजगार के अवसर सृजित होंगे। अब उत्तर प्रदेश इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तरह से तैयार है। आगामी 19-21 फरवरी तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन होने जा रहा है। पहले दिन 19 फरवरी को प्रधानमंत्री जी द्वारा एक साथ 10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों के जमीनी क्रियान्वयन की शुरुआत होगी। इस अवसर पर उद्योग जगत के अनेक प्रतिष्ठित समूह, सीईओ, निवेशकों आदि की गरिमामयी उपस्थिति होगी। देश के ग्रोथ इंजन उत्तर प्रदेश का यह समारोह प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश के औद्योगिक विकास को गति देने का माध्यम होगा।

## स्वामी ने सपा महासचिव के पद से दिया इस्तीफा

**लखनऊ।** पूर्व कैबिनेट मंत्री व एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्या ने सपा के राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी नेतृत्व पर दलितों व पिछड़ों को उचित भागीदारी न देने समेत कई गंभीर आरोप लगाए हैं। लेकिन, अंदरखाने माना जा रहा है कि वे राज्यसभा के टिकट वितरण से नाराज चल रहे हैं। उनके इस्तीफे को सपा नेतृत्व पर दबाव की राजनीति के तौर पर भी देखा जा रहा है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेजे त्यागपत्र में उन्होंने कहा है कि डॉ. भीमराव आंबेडकर और डॉ. राममनोहर लोहिया समेत सामाजिक न्याय के पक्षधर महापुरुषों ने 85 बनाम 15 का नारा दिया था।

## अब यूएई में भी चलेगा यूपीआई रुपेय कार्ड



**अबुधाबी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में बैठक की। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। यूएई के राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, यहां बीएपीएस (बोचासनवासी अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था) मंदिर का निर्माण आपके सहयोग के बिना संभव नहीं होता। पीएम मोदी और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने अबू धाबी में यूपीआई रुपेय कार्ड सेवा की शुरुआत की।



## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दीं

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने बसंत पंचमी के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि बसंत पंचमी विद्या, बुद्धि, ज्ञान, कला, और संगीत की देवी माँ सरस्वती के प्राकट्य का दिन है। इसलिए इस पर्व पर देवी सरस्वती का विधिपूर्वक पूजन किया जाता है। धर्म-अध्यात्म, सभ्यता-संस्कृति, ज्ञान-विज्ञान, कला-साहित्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में चिन्तन और साधना से मानव ने जो स्थान हासिल किया है, उसके लिए ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त करने का आयोजन है सरस्वती पूजा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमारी परम्परा में पर्व एवं त्योहार हर्षोल्लास एवं राष्ट्रीयता को सुदृढ़ करने के प्रेरणास्पद अवसर हैं। बसंत पंचमी का पर्व हमारी संस्कृति के गौरव एवं समृद्धि का प्रतीक है। बसंतोत्सव प्रकृति के उल्लास का पर्व है। पूरे देश में बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है।

# बीज, कृषि यंत्रों पर मिलने वाली अनुदान राशि तत्काल किसानों के खाते में भेजी जाये: डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, विकास कार्यों की मासिक समीक्षा के दौरान बैठक से अनुपस्थित पाए जाने, विभागीय योजनाओं की प्रगति खराब होने पर ए.आर. को-ऑपरेटिव, महाप्रबंधक दुग्ध का स्पष्टीकरण प्राप्त करने, पर्यटन विभाग के संचालित कार्यों में ई-श्रेणी होने पर यू.पी.पी.सी.एल. के प्रबंधक को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने, कृत्रिम गर्भाधान, मुख्यमंत्री निराश्रित बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, व्यक्तिगत शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, गठित समूह का बैंक क्रेडिट लिंकेज, कृषि यंत्र अनुदान योजना में खराब रैंकिंग पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि इस माह में प्रत्येक दशा में प्रगति सुधारी जाए। उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि बार-बार निर्देशों के बाद भी प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना के आवास पूर्ण नहीं हो रहे हैं, जिस कारण जनपद की रैंकिंग मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर खराब हो रही है, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित समूह के बैंक क्रेडिट लिंकेज में जनपद विगत कई माह से डी-श्रेणी में चल रहा है। उन्होंने उपायुक्त एन.आर.एल.एम. को निर्देशित करते हुए कहा कि बैंकर्स से समन्वय स्थापित कर बैंक क्रेडिट लिंकेज की प्रगति सुधारें। श्री सिंह ने खंड विकास अधिकारियों को आदेशित करते हुए कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में प्रत्येक विकासखंड में मनरेगा मद से व्यय की गई धनराशि का 10 प्रतिशत से कम कार्य जिन ग्राम पंचायत में हुआ है, उन्हें चिन्हित कर स्वयं समीक्षा करें, मनरेगा से कराये जाने वाले कार्यों में कोताही बरतने वालों की जिम्मेदारी तयकर उनके विरुद्ध कार्यवाही हो साथ ही जिन ग्राम पंचायतों में मनरेगा से काफी कम कार्य हुए हैं, वहां कार्य योजना बनाकर कार्य कराए जाएं ताकि क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि मनरेगा से गांव के प्रत्येक चकरोड पर मिट्टी का कार्य कराया जाए ताकि आवागमन के संसाधन उपलब्ध हों। उन्होने समीक्षा के दौरान पाया कि एंबुलेंस-108 के रिस्पांस टाइम में मंडल में प्रथम, एंबुलेंस-102 के रिस्पांस टाइम में मंडल में द्वितीय स्थान पर संतोष व्यक्त करते हुये कहा कि एंबुलेंस के संचालन में काफी सुधार हुआ है। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य चिकित्साधीक्षक को निर्देशित करते हुये कहा कि तत्काल सीटी स्कैन मशीन को प्रारंभ कराया जाये, चिकित्सालयों में एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध रहे, सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर जीवन रक्षक दावाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, खंड विकास अधिकारियों, पशु चिकित्साधिकारियों, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय को आदेशित करते हुए कहा कि कोई भी निराश्रित गोवंश सड़कों पर दिखाई न दें, गौशालाओं में संरक्षित दुधारू गोवंश को मुख्यमंत्री निराश्रित बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना में अति कुपोषित, कुपोषित बच्चों के परिजनों को वरियता पर उपलब्ध कराया जाये, जिन गोवंश पालकों को योजना के तहत गोवंश उपलब्ध कराये गये हैं उन्हें प्रति गोवंश रू.1500 प्रतिमाह सत्यापन के उपरांत उपलब्ध कराया जाये। उन्होने अधिशाषी अभियंता सिंचाई, ट्यूबेल को निर्देशित करते हुये कहा कि नहरों में पानी की उपलब्धता रहे, सभी सरकारी नलकूप चालू दशा में रहें, किसानों को सिंचाई के लिए पानी प्रत्येक दशा में उपलब्ध हो।

- **मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर कई योजनाओं की प्रगति चिंताजनक, माह के अंत तक सुधारी जाये प्रगति**

## महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाया वीमेन सेफ्टी सैंडल गन



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** राष्ट्रीय महिला दिवस पर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा, गोरखपुर के बीटेक डेटा साइंस प्रथम वर्ष की तीन छात्रा अन्नपूर्णा सिंह, श्रुति पाण्डेय, और हनी तिवारी नें मिल कर माहिलाओं की सुरक्षा के लिये वीमेन सेफ्टी सैंडल गन बनाया हैं। ये सैडल दिखने में किसी आम सैडल जैसा ही हैं मगर ये सैंडल मुसीबत में महिलाओ का हथियार भी बन सकता हैं। इस सैडल में दो इमरजेंसी बटन लगा हैं पहला ब्लूटूथ के माध्यम से मोबाइल से जुडा होता हैं द्य जिसकी सहायता से मुसीबत में महिलाएं अपनों तक कॉल करने के साथ ही लोकेशन भी भेज सकती हैं। इसे बनाने मे, सैडल, हिटिंग प्लेट, ब्लूटूथ मॉडुल, 3.7 वोल्ट बैटरी, मेंटल पाईप 20 एमएम स्विच, इत्यादि उपकरणों का प्रयोग किया गया हैं। संस्थान के निदेशक डॉ एन.के.सिंह नें छात्राओ द्वारा किये गये इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं कि सुरक्षा के लिए बनाया गया गया यह सैंडल निश्चित रूप से उनको असामाजिक तत्वों से सुरक्षित करेगा। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल सहित संस्थान के सभी शिक्षकों ने छात्राओं को बधाई दिया।

# प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक नोएडा पंकज सिंह ने गांव चलो अभियान के तहत किया बूथ प्रवास




**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष और नोएडा के विधायक पंकज सिंह ने आज पश्चिम विधानसभा में हैदरगंज द्वितीय वार्ड के बूथ संख्या 32 पर प्रवास के दौरान बूथ समिति और पन्ना प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की और आगामी लोकसभा चुनाव में पूरी लगन के साथ जुटने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में लाभार्थियों, स्वयं सहायता समूह सदस्यों और क्षेत्र के प्रभावशाली लोगों के साथ भी अलग-अलग बैठक की। प्रवास के दौरान बूथ सचिव सौरभ तिवारी के आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ भोजन किया।

मनजीत सिंह के आवास पर क्षेत्र के वरिष्ठ जनों के साथ चौपाल की। चौपाल को संबोधित करते हुए पंकज सिंह ने कहा कि पार्टी द्वारा बीजेपी के विचार, और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही है विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

2014 के बाद प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में 25 करोड़ भारतीय गरीबी रेखा से बाहर आए हैं वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के सफल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में भी 6 करोड़ से अधिक लोग विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाते हुए गरीबों की रेखा से ऊपर उठकर खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी सरकार में अंत्योदय की विचारधारा के अंतर्गत सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास से इंफ्रास्ट्रक्चर का अभूतपूर्व विकास हुआ है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, उज्जवला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, सुकन्या समृद्धि योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना जैसी अनेकों अनेक योजनाओं ने आम व्यक्ति के जनजीवन के स्तर को सुधारने का कार्य किया है जिससे आज देश की जनता में प्रधानमंत्री जी के प्रति एक विश्वास का भाव उत्पन्न हो चुका है और उनकी हर बात को आमजन मोदी की गारंटी मानता है और देश की जनता ने मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री चुनने का मन बना लिया है। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि प्रवास में आयोजित बैठकों के दौरान महानगर उपाध्यक्ष टिंकू सोनकर, अभिषेक खरे, मंडल अध्यक्ष राजन मिश्रा, पार्षद धर्मेंद्र सिंह, बूथ अध्यक्ष शालिनी पांडे और ज्योति सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## 9 मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 09 मार्च 2024 को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु माननीय जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह के कुशल मार्ग दर्शन में जिला पंचायत, प्रोबेशन, कार्यक्रम, कार्यक्रम, सूचना, रसद एवं खाद्य, श्रम एवं औषधी आदि विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। इसमें उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला जज श्री महेन्द्र कुमार रावत ने उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि मान्नीय उच्चतम न्यायालय एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 09.03.2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला दीवानी न्यायालय उरई एवं वाह्य स्थित न्यायालयों में किया जाना है। इसमें जिला पंचायत, प्रोबेशन, कार्यक्रम, कार्यक्रम, सूचना, रसद एवं खाद्य, श्रम एवं औषधी से सम्बन्धित परिवाद/सिविल वाद आदि विभिन्न प्रकृति के अधिकाधिक मुकदमों/मामलों को नियत किया जाना है। इस सम्बन्ध में सभी विभागों के परिणामोन्मुखी व सार्थक प्रयासों की आवश्यकता है। इस पर सभी अधिकारियों ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी डा.अमरेन्द्र पौत्स्यायन, सीडीपीओ विमलेश आर्या, जिला श्रम प्रतिनिधि रामवृक्ष, अभिहीत अधिकारी खाद्य सुरक्षा जतिन कुमार सिंह, जिला पंचायत विभाग से राजस्व निरीक्षक भारत सिंह यादव, जिला पंचायत विभाग के प्रतिनिधि आशीष कुमार, अपर सूचना अधिकारी पंकज तिवारी, एवं जिला दिव्यांजन सशक्तिकरण अधिकारी शिव सिंह आदि उपस्थित रहे।

## छोटू को मिली बड़ी जिम्मेदारी



**कोंच अवधनामा संवाददाता।** मुहल्ला जवाहर नगर सागर तालाब निवासी रिजवान मंसूरी उर्फ छोटू टाईगर को प्रदेश अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड अनीस राजा ने मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड का जिलाध्यक्ष बनाकर पार्टी को ऊंचाइयों पर ले जाने की जिम्मेदारी सौंपी है जैसे ही यह समाचार छोटू टाइगर को जानने वाले एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को हुई तो उनमें खुशी की लहर दौड़ गयी और उन्होंने गोले दागकर व मिठाई खिलाकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। आपको बताते चलें कि छोटू टाईगर छोटी सी उम्र से ही पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच रहते हुए पार्टी के कार्यक्रमों में फट्टा बिछाने का काम किया और उसके अंदर समाजवाद कूट कूटकर भर गया और जमीनी स्तर से पार्टी के लिए कार्य करते हुए इन बुलंदियों को छुआ छोटू टाइगर ने साइकिल यात्रा जेल भरो आंदोलन पार्टी प्रचार एवं जन सम्पर्क में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए पार्टी को मजबूत करने का कार्य किया है ऐसे संघर्षशील कार्यकर्ता को मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड का जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर पार्टी सहित समाज में खुशी का माहौल है।

## दो साल के मासूम को लेकर प्रेमी के साथ महिला फरार



**उरई अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के उमरार खेड़ा की रहने वाली शादीशुदा महिला अपने दो वर्षीय बेटे को लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई। बता दें कि काशीराम कालोनी के पीछे उमरारखेरा के रहने वाले अनूप पुत्र प्रकाश ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 10 फरवरी को वह शहर में मजदूरी करने के लिए निकला था और वह अपनी पत्नी बच्चों व एक रिश्तेदार को अपने घर छोड़ गया था। लेकिन जब वह शाम को वापिस आया तो उसकी पत्नी छाया व 2 साल का बच्चा वेदांत घर पर नही मिले तथा न ही उसका रिश्तेदार इंद्रजीत पुत्र देवी शरण निवासी सिकंदरपुर थाना नदीगांव जिला जालौन घर पर मिला। काफी देर तलाशने के बाद जब वह नहीं मिले तो अनूप ने पास की पुलिस को सूचना दी। और घर में जब गृहस्ती का सामान देखा तो उसे पता चला कि उसके पास रखी हुई नगदी रुपए एवं जेवरात भी गायब है जिससे उसे घर आये रिश्तेदार इंद्रजीत पर शक हुआ और उसके बारे में जानकारी की तो पता चला कि वह भी अपने घर से गायब है।

# सहकारिता सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा हुई




**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ की मंगलवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर हुई बैठक में सहकारिता सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा हुई। प्रदेश के सहकारिता मंत्री श्री जेपीएस राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री बृज बहादुर, विधान परिषद सदस्य श्री पवन चौहान, श्री अवनीश कुमार सिंह, श्री ओमप्रकाश सिंह तथा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री डीके शर्मा ने बैठक को संबोधित किया। बैठक में अध्यक्ष पीसीपी श्री वाल्मीकि त्रिपाठी, अध्यक्ष सीएलडीएफ श्री यशवीर सिंह, अध्यक्ष यूपीआरएनएसएस श्री प्रेम सिंह शाक्य, अध्यक्ष पीसीयू श्री सुरेश गंगवार तथा अध्यक्ष यूपीसीबी श्री जितेन्द्र बहादुर सिंह सहित प्रकोष्ठों के पदाधिकारी तथा सहकारिता के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

प्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री श्री जेपीएस राठौर ने कहा कि फरवरी के अन्तिम सप्ताह में आयोजित होने वाले सहकारिता सम्मेलन को देश के यशस्वी गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह सम्बोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सहकारिता के क्षेत्र को और अधिक व्यापक बनाने तथा देश की अर्थव्यवस्था में मजबूत कड़ी के रूप में विकसित करने के लिए केन्द्र में सहकारिता मंत्रालय का गठन किया और इसकी जिम्मेदारी माननीय अमित शाह जी को सौंपी। उन्होंने कहा कि माननीय अमित शाह जी के मंत्रालय संभालते ही विभिन्न नई योजनाओं से सहकारिता के क्षेत्र में नई गति आई है।

श्री राठौर ने कहा कि सहकारिता के प्रत्येक क्षेत्र में काम करने वाले लोगों में ऊर्जा का संचार करने के साथ सहकारिता को जनांदोलन बनाने प्रेरणा लेकर देश के माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी फरवरी के अंतिम सप्ताह में लखनऊ में आयोजित होने वाले सहकारिता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी, केन्द्रीय मंत्री श्री बीएल वर्मा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

प्रदेश उपाध्यक्ष श्री बृज बहादुर ने कहा कि आज की तैयारी बैठक सम्मेलन के लिए जिम्मेदारियों के निर्धारण तथा ऐतिहासिक व अभूतपूर्व सम्मेलन के आयोजन के रोड मैप को अंतिम रूप देने के लिए आहुत की गई। उन्होंने कहा कि हम सभी आज से ही सहकारिता सम्मेलन की सफलता के लिए जुटकर सफल आयोजन से सहकारिता जन आंदोलन के अग्रदूत बने।

# 35 परीक्षा केंद्रों पर होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता एव पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रट सभागार में 17 व 18 फरवरी को दो पालियों में होने बाली पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न हुई। इस दौरान बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि परीक्षा को शुचितापूर्ण तरीके से सम्पन्न कराये परीक्षा कराने में कोई परेशानी होने पर उच्चाधिकारियों को अवगत कराएं।

उन्होंने कहा कि सभी केंद्रों पर समुचित पुलिस व्यवस्था कर ली जाये साथ ही सभी परीक्षार्थियों की समुचित चैकिंग करा ली जाये द्य उन्होंने कहा कि महिला अभ्यर्थी कोई भी आभूषण पहन कर परीक्षा केंद्र पर न आये कोई भी अभ्यर्थी घड़ी पहन कर ना आये सभी परीक्षा केंद्रों पर क्लॉक रूम बना लिए जाये। उन्होंने कहा कि प्रश्नपत्र खोलने की वीडियोग्राफी कराई जाये कार्यदायी संस्थाएं ये सुनिश्चित कर ले कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से चल रहे हो, खराब हो या कम हो तो लगवा लिये जाये, सभी कक्ष निरीक्षकों के परिचय पत्र बने हो कोई भी व्यक्ति परीक्षा केंद्र में मोबाइल ले के नही जायेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश न दिया जाये। केंद्र व्यवस्थापक ये सुनिश्चित कर ले कि कोई भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट व मेकेनिकल गैजेट परीक्षा केंद्र में न पहुंचे। उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित किया है कि वो ये सुनिश्चित कर ले कि कोई भी बस टेम्पो ऑटो अबैध बसूली न करे। एआरएम को बसें रिजर्व में रखने के लिए निर्देशित किया गया जिले में 35 परीक्षा केंद्र बनाए गये हर पाली में 17640 परीक्षार्थी सम्मलित होंगे। इस दौरान डीएम ने बताया कि 35 केंद्रों परीक्षा केंद्रों की निगरानी 20 सेक्टर मजिस्ट्रेट करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं बैठक में अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक व संवंधित अधिकारी मौजूद रहे।

- **17640 अभ्यर्थी परीक्षा में होंगे सम्मिलित**
- **20 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त, 35 स्टेटिक मजिस्ट्रेट करेंगे निगरानी**
- **एआरएम को बसे रिजर्व रखने के दिए निर्देश**

## नगर की सड़कों पर लगे जाम से लोग परेशान



**कोंच अवधनामा संवाददाता।** नगर की यातायात व्यवस्था सुचारू ढंग से चले इसके लिए पुलिस की लचर व्यवस्था और दुकानदारों की मनमानी बड़ी चुनौती बनी हुई है। यहीं वजह है कि नगर में व्यस्त बाजारों में शुमार रामगंज में दिन भर लोग जाम से परेशान हैं। यहां चंद मिनट का सफर घंटे भर में पूरा हो पता है ऐसे में आम लोगों की दिक्कत बढ़ी हुई है, लेकिन इसकी चिंता ना तो पुलिस को है और ना ही अन्य किसी को। नगर की यातायात व्यवस्था का बुरा हाल है।पुलिस भले ही कितनी जागरूकता अभियान चला ले, लेकिन इसका जमीनी तौर पर पालन नहीं हो रहा है। नगर में जाम की समस्या लगातार लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। नगर के मुख्य बाजारों में शामिल रामगंज बाजार जाम का दूसरा नाम बना हुआ है। व्यस्त बाजारों में प्रतिबंध के बाद भी चार पहिया सहित भारी वाहन बेधड़क दिन के वक्त में घूमते नजर आते हैं। पुलिस इनको नहीं रोक पाती, इसके अलावा दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों का सामान सड़क तक लगाने की वजह से यह सड़क और भी संकरी हो चली है, जिसकी वजह से आम लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## दर्जनों ने सपा की सदस्य ग्रहण की



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की मौजूदगी में शमशाबाद निवासी इजहार खान ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करते वक्त फर्रुखाबाद लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य, कायमगंज के पूर्व विधायक प्रताप सिंह यादव, पूर्व जिला महासचिव मंदीप यादव एडवोकेट, जिला महासचिव इलियास मंसूरी मौजूद रहे। सदस्यता ग्रहण करते वक्त इजहार खान ने लोकसभा प्रत्याशी नवल किशोर शाक्य को भरोसा दिलाया कि इस बार चुनाव में वह जी तोड़ मेहनत कर उनके पक्ष में अपने क्षेत्र का वोट डलवाने का पूरा काम करेंगे। इजहार खान ने कहा कि वह शुरू से ही समाजवादी विचारधारा से जुड़े रहे हैं बीच में कुछ कारणों से उन्हें अलग पार्टी से चुनाव लड़ना पड़ा था परंतु अब जब समाजवादी पार्टी से जुड़ गए हैं तह उम्र समाजवादी पार्टी की राजनीति करने का प्रण लेते हैं। वह इससे पहले शमशाबाद से नगर पंचायत का चुनाव भी लड़ चुके हैं एवं जिला संगठन में भी वह पदाधिकारी रह चुके हैं।

# महायोगी गोरखनाथ विवि में गठित होगी अंतरराष्ट्रीय सलाहकार समिति : डॉ. जीएन

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर।** भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ. जीएन सिंह ने कहा कि नर्सिंग व मेडिकल क्षेत्र की वैश्विक आवश्यकताओं के दृष्टिगत महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में जल्द ही एक अंतरराष्ट्रीय सलाहकार समिति का गठन किया जाएगा।

इस समिति में यूएसए, रूस, ओमान, जर्मनी, फ्रांस, श्रीलंका, वियतनाम, थाईलैंड, सिंगापुर समेत कई देशों के विषय विशेषज्ञों को शामिल किया जाएगा। डॉ. सिंह मंगलवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन वर्चुअल माध्यम से प्रतिभागियों और व्याख्यान देने वाले अतिथियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने बताया अंतरराष्ट्रीय सलाहकार समिति गठित हो जाने से नर्सिंग व मेडिकल के अन्य क्षेत्रों में न केवल समय के अनुकूल पाठ्यक्रमों को परिमार्जित किया जा सकेगा बल्कि वैश्विक स्तर पर कुशल नर्सिंग व संबद्ध मेडिकल स्टाफ का समुचित समायोजन हो सकेगा। डॉ. सिंह ने कहा कि बहुत कम समय में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय और इससे जुड़े नर्सिंग व अन्य कॉलेजों ने शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं। गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन प्रथम सत्र में भारतीय ज्ञान प्रणाली का वैश्वीकरण विषय पर ओएस फार्मा यूएसए के संस्थापक डॉ. ओंकारनाथ सिंह का विशिष्ट व्याख्यान हुआ। यूएसए से वर्चुअल माध्यम से जुड़े डॉ. ओंकारनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा प्राचीनकाल से ही वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से ओतप्रोत है। ज्ञान, विज्ञान और दर्शन के क्षेत्र में यह समृद्ध विरासत से परिपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मेडिकल सेवा एक टीम वर्क है जिसमें डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ सबकी भूमिका एक दूसरे से जुड़ी हुई है। अमेरिका में नर्सिंग व फार्मेसी की सेवा डॉक्टर की सेवा के बराबर ही सम्मानजनक है। डॉ. सिंह ने बताया कि भारतीय ज्ञान प्रणाली में प्रशिक्षित नर्सों की पूरे विश्व में जरूरत महसूस की जाती है। संगोष्ठी के दूसरे दिन के एक अन्य विशिष्ट व्याख्यान में फोर्ट वर्थ टेक्सास, यूएसए की नर्स प्रैक्टिशनर पायस सुबेदी भी ऑनलाइन जुड़ीं। उन्होंने अमेरिका में नर्सिंग सेवा के विभिन्न आयामों की विस्तार से जानकारी दी। पायस सुबेदी ने कहा कि नर्स सिर्फ रोगी का उपचार ही नहीं करती है बल्कि आगे स्वास्थ्य की देखभाल के लिए जागरूक भी करती है। नर्सिंग एक एडवोकेसी जॉब है। रोगों को लेकर नर्स की भूमिका रोगी के साथ एडवोकेट के रूप में होती है। एक दूसरे सत्र में सऊदी अरब से ऑनलाइन माध्यम से जुड़ीं श्रीमती गायत्री जयापुन राज ने नर्सिंग सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का आह्वान किया।

# पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर सतर्क हुआ प्रशासन




**अवधनामा संवाददाता**

**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने जनपद में 17 एव 18 फरवरी को कुल 14 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश पुलिस की आरक्षी नागरिक सीधी भर्ती को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली में 6816 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे, सभी परीक्षा केंद्रों, प्रमुख स्थानों, चौराहों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है, परीक्षा को सकुशल शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत केंद्रों पर मजिस्ट्रेट व पर्यवेक्षक पुलिस नियुक्त किए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, सीसीटीवी कैमरा की मॉनिटरिंग हेतु कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें नियुक्त संबंधित अधिकारी द्वारा अनवरत निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सख्त निर्देशित करते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी को दी गई बुकलेट का भली भांति अध्ययन कर लें किसी भी प्रकार की भ्रांतियां न रहे।

## नि:शुल्क कैंसर शिविर का आयोजन कल

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय बाल्यावस्था कैंसर दिवस के अवसर पर नबील कैंसर केयर सेंटर एवं कैंसर केयर एंड वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में निशुल्क कैंसर शिविर का आयोजन 15 फरवरी को किया जा रहा है जिसमें हर तरह के कैंसर की जागरूकता के लिए जानकारी प्रदान की जाएगी व प्रतिष्ठित कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर एन. ए.सिद्दीकी द्वारा निशुल्क परामर्श भी प्रदान किया जाएगा। कैंसर केयर एंड वेलफेयर ट्रस्ट की चेयरपर्सन डॉक्टर निशा सिद्दीकी ने बताया कि हर साल कैंसर निदान के लिए निशुल्क परामर्श, प्रतिष्ठित कैंसर विशेषज्ञ द्वारा दिया जाता है। इस वर्ष कुर्सी रोड स्थित ओमेगा हॉस्पिटल में निशुल्क शिविर का आयोजन 15 फरवरी को होगा जिसमें बच्चों व बड़ों के समस्त कैंसर से संबंधित निशुल्क परामर्श दिया जाएगा।

# सैकड़ो लोगों ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** विभिन्न पार्टीयों तथा समाजसेवी संगठनों, अल्पसंख्यक समुदाय के दर्जनों सहित सैकड़ो लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण



की है। पार्टी कार्यालय सहादतगंज में महानगर के मंडलों के लोगों को महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह तथा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने तथा जिले की विधानसभा के लोगों को जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी तथा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने पार्टी का ध्वज तथा पट्टिका पहना कर उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। अयोध्या महानगर में इं अनिल मिश्र, बैंक मैनेजर देवेन्द्र तनेजा, व्यापारी सुमित माखेजा, हरीश लखमानी, अमित गोयल, पंकज रवेत्रापाल, इमरान खान, समाज सेवी प्रवीण दूबे, रोजी खान, बेला देवी, लक्ष्मी, अल्पसंख्यक समुदाय के इमरान खां, रमजान, सबरेज मिर्जा, लारैब जमीर, मिसम अब्बास, मिर्जाशुजा हसन, जुगवान अली, फैजी अब्बास, मो. रफी, सैयद अरदश अली, सफाअत खान, अतहर अली, चांद अली, फैसल खान, जावेद खान, जावेद खान, नफीस राझी, नसीम अख्तर, नदीम, साबिर हुसैन, अजली वारिस, मो. मुरशिद, सद्दाम खान, सुरैया, मो. इरशाद सहित दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। अयोध्या जिले में सपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष व सचिव लाल चंद्र चौरसिया, प्रधान कुलदीप निषाद, हरिप्रसाद निषाद, समाजसेवी सुरेश निषाद, संतोष कुमार गुप्ता, राजू शर्मा सहित दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।विधायक वेद प्रकाश गुप्ता सबका साथ सबका विकास करते हुए सबका विश्वास हासिल करने के पथ पर अर्ग्रसर हो रही है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता में उत्साह का माहौल है। महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने आज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।

# डीएम ने 73 और भवन स्वामियों को पेइंग गेस्ट पंजीकरण का प्रमाण पत्र वितरित किया

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने आयुक्त कार्यालय सभागार में पेइंग गेस्ट योजना के 73 और आवेदकों भवन स्वामियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस प्रकार अब तक कुल 703 भवन स्वामियों को पेइंग गेस्ट योजना से जोड़ा जा चुका है तथा और नये भवन स्वामियों को योजना से जोड़ने का कार्य निरन्तर प्रगति पर है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी भवन स्वामी अपनेङ्कअपने यहां आने वाले अतिथियों को उच्च स्तरीय सुविधाएं, स्वच्छता एवं सफाई का विशेष ध्यान रखें एवम् व्यवहार उत्तम रखें व घर जैसा वातावरण उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि अयोध्यावासी होने के नाते सभी का कर्तव्य आतिथ्यभाव से अच्छी सुविधा अतिथियों को प्रदान करना है तथा ÷अतिथि देवो भव÷ के वास्तविक स्वरूप को चरितार्थ करना है और अयोध्या में पेइंग गेस्ट योजना को एक ब्रांड बनाना है। इस योजना से हमारे सांस्कृतिक सम्बंध प्रांगण होंगे। अतिथियों के प्रति व्यवहार अच्छा करें तो यहां से वे सुखद एहसास लेकर जाएंगे तथा पुनः वे आपके यहां आयेंगे इससे आप आर्थिक रूप से मजबूत होंगे और विचारों, संस्कृति आदि का आदानङ्कप्रदान भी होगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि पेइंग गेस्ट योजना में पंजीकृत किए गए समस्त भवन स्वामियों का डाटा यथा रूम संबंधी जानकारी, लोकेशन आदि दिव्य अयोध्या एप पर तत्काल ऑन बोर्ड कर दिया जा रहा है जहां से पर्यटक/श्रद्धालु बुकिंग कर सकते तथा टूरिस्ट गाइड भी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस एप पर प्रशिक्षित गाइड पंजीकृत हैं अतः योजना से जुड़े भवन स्वामी एप पर उपलब्ध समस्त सुविधाओ की विस्तृत जानकारी रखें जिससे आवश्यकता पड़ने पर पर्यटकों को उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि विगत कुछ समय में अयोध्या में



व्यापक परिवर्तन हुए हैं, विश्व पटल पर अयोध्या तीव्र गति से एक वैश्विक पर्यटन नगरी के रूप में उभर कर आई है यहां पर व्यापक स्तर पर समस्त क्षेत्रों में विकास के कार्य हुए हैं एवम् बहुत सी परियोजनाएं प्रगति पर हैं तथा प्रस्तावित भी हैं। इस दौरान उन्होंने बताया कि अयोध्या धाम में चार कॉरिडोर यथा राम पथ, श्री राम जन्म भूमि पथ, भक्ति पथ, धर्म पथ का कार्य पूर्ण हो चुका है। दशरथ पथ, सुग्रीव पथ का कार्य प्रगति पर है। लक्ष्मण पथ, क्षीर सागर पथ, अवध आगमन पथ का कार्य प्रस्तावित है।इसी के साथ ही अयोध्या धाम में विभिन्न मार्गो एवम् गलियों का चौड़ीकरण एवम् उच्चीकारण किया जा चुका है। अयोध्या जनपद को अन्य जनपदों से जोड़ने वाले मार्गों को उच्चीकृत कर आधुनिक रोड फर्नीचर से सुसज्जित किया जा रहा है। रिकार्ड समय में महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट बनकर तैयार हुआ एवम् संचालित हो रहा है इसे भविष्य में और भी विस्तारित किया जाएगा। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के फेज वन के उच्चीकरण का कार्य पूर्ण हो गया है। इसी के साथ ही यहां के ऐतिहासिक भवनों, मठङ्कमंदिरों एवं घाटों, कुंडों आदि को उसी वास्तुकला एवम् सामग्री का प्रयोग कर संरक्षित करने एवम् उनका वही स्वरूप प्रदान करने का कार्य चरणबद्ध रूप से किया जा रहा है।

## श्री कृष्ण जन्मोत्सव की रही धूम

**गोशाईगंज - अयोध्या।** स्थानीय घुनघुनवां पौसरा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।कथा व्यास आचार्य तुलसीराम शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा में वह सारे तत्व हैं, जिनके माध्यम से जीव अपना तो कल्याण कर ही सकता है, साथ में अपने से जुड़े हुए लोगों का भी कल्याण होता है। जीवन में व्यक्ति को अवश्य ही भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। बिना आमंत्रण के भी अगर कहीं भागवत कथा हो रही है। तो वहां अवश्य जाना चाहिए। इससे जीव का कल्याण ही होता है। श्रीकृष्ण जन्म के प्रसंग शुरू होते ही पांडाल में मौजूद श्रद्धालु ,नंद के आनंद भयो जय कन्हैयालाल, की भजनों के साथ झूम उठे। कथा व्यास ने श्रीकृष्ण से संस्कार की सीख लेने की बात कही। भगवान श्रीकृष्ण स्वयं जानते थे कि वह परमात्मा हैं। उसके बाद भी वह अपने माता पिता के चरणों को प्रणाम करने में कभी संकोच नहीं करते थे।

## सुरक्षा के दृष्टिगत अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**अयोध्या।** आस्था स्पेशल ट्रेन से अयोध्या धाम पर आने वाले दर्शनार्थियों की सुरक्षा के दृष्टिगत एडीजी रेलवे,उ0प्र0 जय नरायन सिंह द्वारा पुलिस उपाधीक्षक रेलवे, लखनऊ विकास पांडेय, प्रभारी निरीक्षक



राकेश राय थाना जीआरपी अयोध्या कैंट व आरपीएफ के अधिकारियों के साथ यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत जीआरपी आरपीएफ बीडीएस व डॉग स्क्वाड टीम के साथ आस्था स्पेशल ट्रेन से अयोध्या धाम आने वाले दर्शनार्थियों की सुरक्षा के दृष्टिगत आज अयोध्या धाम जं0 व सालारपुर रेलवे स्टेशन का भ्रमण निरीक्षण कर पुलिस प्रबंध के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए तथा तेलंगाना के दर्शनार्थियों द्वारा उच्च कोटि की कलाकृति भेंट स्वरूप प्रदान की गई।

## सजग रहें, सावधान रहें, और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें: प्रशांत शुक्ला

**अयोध्या।** अरुंधति भवन पश्चिम टेढ़ी बाजार मल्टीलेवल पार्किंग अयोध्या एवं गुप्तहरि गार्डन अयोध्या में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत हीरो मोटर कोर्प और न्यू इंडियन एक्सप्रेस के तत्वाधान में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अयोध्या महापौर गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त विशाल सिंह ,दा इण्डियन न्यू



एक्सप्रेस की सीईओ लक्ष्मी मेनन के करकमलों द्वारा शुरुवात किया गया। संचालन कवच कंपनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान गणमान्य लोग भी मौजूद रहे कवच कंपनी के संरक्षक प्रशांत शुक्ला ने कहा हमारे देश में प्रतिवर्ष लाखों लोग सड़क दुर्घटनाओं के शिकार होते हैं, जिनमें से अनेक की मृत्यु हो जाती है या फिर वे गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। यह आंकड़े हमें चिंतित करते हैं, परंतु साथ ही साथ हमें यह भी संकेत देते हैं कि अगर हम सजग रहें, सावधान रहें, और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें, तो हम इन दुर्घटनाओं की संख्या को काफी हद तक कम कर सकते हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना और हम सभी को इस दिशा में एकजुट होकर काम करने के लिए प्रेरित करना।

# अनियंत्रित बोलेरो की टक्कर से देवरानी जेठानी की मौत

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र के डीली गिरधर गांव के मोड पर तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो ने जानवरों को खिलाने हेतु घास ।लेकर जा रही दो महिलाओं को जोरदार टक्कर मार दिया, जिसके चलते रिश्ते में देवरानी जेठानी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर के बाद बोलेरो चालक मौके से भाग निकला। उधर घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची इनायत नगर पुलिस ने दोनों महिलाओं का शव कब्जे में लेकर पंचायत नामा करने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मिल्कीपुर के चांदपुर निवासी 55 वर्षीय किस्मता पत्नी राजकुमार चौहान एवं 38 वर्षीय मंतूरा पत्नी राजबली चौहान मंगलवार को अपने घर से जानवरों को खिलाने हेतु खेत में घास काटने गई थी। अपरान्ह





करीब 2:30 बजे दोनों महिलाएं घास का गट्ठर लेकर अपने घर घर को वापस जा रही थी और वह डीली गिरधर मोड़ तिराहे से अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पार कर रही थी, तभी अचानक कुमारगंज की ओर से मिल्कीपुर की ओर तेज रफ्तार में जा रहे बोलेरो चालक ने दोनों महिलाओं को जोरदार टक्कर मार दिया और उन्हें रौंदता हुआ भाग निकला। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी सूचना पाकर इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और उन्होंने एंबुलेंस बुलाकर दोनों महिलाओं को सीएचसी मिल्कीपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मच गया है। मामले में मृतका के पति राजबली ने तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर जा रहे बोलेरो रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 42 एएन 7566 के चालक के विरुद्ध मुकदमा काम किए जाने है तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह ने बताया कि मामले में बोलेरो उपरोक्त तथा चालक अज्ञात के विरुद्ध धारा 279, 304 ए आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश हेतु पुलिस टीम गठित कर दी गई है।

## अवैध करंट से गोवंश की हुई दर्दनाक मौत

*अवधनामा संवाददाता*

**तारुन -अयोध्या।** तारुन बाजार कस्बे से सटे गोदवा गांव में मंगलवार की भोर फसल सुरक्षा को लगाये गये बिजली के अबैध करंट शुदा तारबाड़ में फंसकर एक पालतू गोबंश की जान चली गयी। हादसे के बाद हड़कंप मच गया।मामला एक भाजपा नेता के परिवार से जुड़ा होना बताया गया है। गाय स्वामिनी की शिकायत पर तीन पशु चिकित्सकों का पैनल मृतक गाय का पोस्टमार्टम करेगा।गांव निवासी पीड़िता स्वरूपा मौर्या पत्नी स्व0 बैजनाथ मौर्या का आरोप हैं कि उसके घर से सटी तालाब व बंजर खाते की जमीन के अलावा खाते की भूमि हैं। पूरी जमीन को गांव के दबंग किस्म के लोगो ने खेत के चारों ओर लोहे के तारों की बाड़ लगा रखी थी। पीड़िता के मुताबिक अबैध तारबाड़ लगाने की शिकायत पर शनिवार समाधान दिवस से राजस्व टीम मौके पर पहुँच कुछ अतिक्रमण हटवाकर चली गयी। जानवर खेत में दाखिल न हो सकें, इसके लिए खेत स्वामी रात में बिजली का तार लगाकर बाड़ में करंट दौड़ा देते थे। हर सुबह तार हटा देते थे।रोजाना की तरह मंगलवार की भोर करीब 3 बजे बादलों की गड़गड़ाहट तेज गरज बरसात के चलते महिला की गाय खूंटा तोड़ भागी और जाकर बिजली प्रवाहित तार में फंसकर उसकी मौके पर मौत हो गयी।

थानाध्यक्ष ओम प्रकाश राय ने बताया कि गाय स्वामिनी की शिकायत पर मृतक गाय का पोस्टमार्टम कराने की कार्यवाही की जा रही हैं। रिपोर्ट मिलने पर आगे की कार्यवाही की जायेगी। उधर तारुन पशु चिकित्सा अधिकारी ड़ा0 राज सिंह ने बताया कि गाय की मौत की वजह जानने को तीन पशु चिकित्सको की टीम द्वारा पोस्टमार्टम किया जायेगा। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने जिले से पैनल में शामिल चिकित्सको को मौके पर भेज दिया है।

## जनवादी लेखक संघ की बैठक में आगामी कार्यक्रमों और सदस्यता विस्तार पर हुई चर्चा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जनवादी लेखक संघ, फैजाबाद की एक गोष्ठी का आयोजन उर्दू के वरिष्ठ आलोचक मो. ज़फ़र साहब की अध्यक्षता और संगठन के सचिव डा. विशाल श्रीवास्तव के संयोजन में सरयू विहार कालोनी स्थित जलेस कार्यालय में किया गया। मो. ज़फ़र ने समाज में बढ़ती मनोवैज्ञानिक समस्याओं और अवसाद के बीच साहित्य की ज़रूरत पर बल दिया। इस अवसर पर आगामी आयोजनों से सम्बंधित कई निर्णय लिए गए। संगठन की महत्वपूर्ण साहित्य-श्रृंखला 'जनवादी साहित्य चौपाल' का आयोजन आगामी महीनों में शीघ्र करने पर सहमति बनी। सत्यभान सिंह जनवादी ने ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू गोष्ठी करने का भी प्रस्ताव रखा जिसका सर्वसम्मति से समर्थन करते हुए कार्ययोजना पर बात की गयी। मासिक घरेलू गोष्ठियों का क्रम भी निरंतर बनाए रखने पर सहमति बनी। मार्च माह को देखते हुए सदस्यता नवीनीकरण और नए सदस्यों को जोड़े जाने का काम आगे बढ़ाने पर बात हुई। कई पुराने सदस्यों के नवीनीकरण के साथ ही कवि राजीव श्रीवास्तव को संगठन की सदस्यता ग्रहण कराई गयी। इस अवसर पर सदस्यों की रचनाओं का पाठ भी हुआ। वरिष्ठ शायर इत्तिफ़ात माहिर ने 'एक चिंगारी की जद में कई घर आते हैं', मुज़म्मिल फ़िदा ने 'जिनसे बनी पहचान हमारी वह खंडर नीलाम न करना', नीरज सिन्हा ने 'सचाई की राह परीक्षा झूठ का सब संसार हो गया', पूजा श्रीवास्तव ने 'वह शख़्स मुझसे दूर जा बैठा है' और राजीव श्रीवास्तव ने 'मैं कहाँ और तुम कहाँ' सरीखी कविताओं की प्रस्तुति दी।जनवादी लेखक संघ उत्तर प्रदेश के आयोजन 'जनपद की कविता' का एक आयोजन फ़ैज़ाबाद में भी किए जाने पर भी विचार विमर्श किया गया। शायर मुज़म्मिल फ़िदा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## भारत नेपाल मैत्री संस्कृति में कलाकारों ने समा बाधा

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** भारत - नेपाल मैत्री संस्कृति के कार्यक्रमों का दो दिवसीय गोष्ठी का आयोजन जवाहर लाल नेहरू पीजी कालेज के प्रांगण में हुआ। जिसमें दोनों देश के कलाकारो द्वारा विभिन्न कार्यक्रमो में नेपाल खाटू नृत्य, उ0प्र0 के कलाकारो ने रघुवीरा नृत्य नाटिका,लोक गीत,राई नृत्य व लोक



गायन तथा स्थानीय कलाकारों ने अपने कलाइयों के माध्यम से समा बाध दिया। मुख्य अतिथि शंकर सिंह एसएसबी कमाण्डेण्ट 22 वीं वाहिनी व विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्षा डॉ पुष्प लता मंगल व पीजी कालेज प्राचार्य डॉ अजय कुमार मिश्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संस्कृति व पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक राजेश अहिवार द्वारा अधिकारियों एवं अतिथियों को साल व पुष्प अर्पित कर स्वागत किया गया। सहायक निदेशक संस्कृति एवं पर्यटन ने अपने स्वागत सम्बोधन में भारत नेपाल मैत्री सम्बन्धो की व्याख्या करते हुए कहा कि जनकपुर और अध्योया भारत व नेपाल की ऐसा सम्बन्ध बनाता जो आदि काल तक भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने बताया कि यह भारत नेपाल मैत्री यात्रा 8 जनपद होते हुए 21 दिनो तक चलेगा। एसएबी कमाण्डेण्ट शंकर सिंह महराजगंज 22 वीं वाहिनी ने कहा कि 43 किमी की भारत -नेपाल की खुली सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी एवं संस्कृति तथा रोटी बेटी का सम्बन्ध यह प्रतिक है कि दोनों देश आपसी सहयोग से आगे बढ़ रहा है । दोनों देशों के सीमा खुला होने से आपसी रिश्तों से आना जाना लगातार जारी रहता है जिससे सुरक्षा व्यवस्था को और सुरक्षित किया जा रहा। पी जी कालेज प्राचार्य डॉ अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि भारत नेपाल सरकार द्वारा संस्कृत को और मधुर स्थापित करने की दिशा में यह मैत्री महोत्सव का आयोजन कर विशेष कर दिया है जिससे यह साबित हो रहा कि जो हमारे रिश्ते है वह बहुत मजबूत और शक्तिशाली तथा प्राचीन है। चीन चाहे कितना भी कुटनीति अपना ले, लेकिन नेपाल पहले काम आयेगा। दोनों देश की सुरक्षा ब्यवस्था में दोनों देश के जवानों की मित्रता बहुत ही सहारनीय है आपसी मेलजोल से कार्य करते है। भारत नेपाल मैत्री संस्कृति महोत्सव में इस अवसर पर पी जी कालेज के सभी प्रोफेसर, छात्र व छात्राएं व आम पब्लिक भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र तेजापुर में जीडीए कोर्स कर रही 130 छात्राओं ऑनलाइन एग्जाम संपन्न हुआ

**गोसाईगंज- अयोध्या।** कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र तेजापुर में जीडीए कोर्स कर रही छात्राओं का प्रशिक्षण पूरा होने के उपरांत 130 छात्राओं का ऑनलाइन एग्जाम संपन्न हुआ। अकारीपुर ग्राम सभा तेजापुर ACI केंद्र पर कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण के उपरांत ऑनलाइन परीक्षा हुई.। ACI केंद्र में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कौशल हो रहा है जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को हेल्थ केयर मैं दक्ष करते हुए शत प्रतिशत रोजगार मुहैया करने के क्रम में प्रशिक्षण चल रहा है। प्रशिक्षं प्राप्त अभ्यर्थी का ऑनलाइन परीक्षा संपन्न हुई। एग्जामिनर श्री दिनेश कुमार शर्मा के द्वारा ऑनलाइन परीक्षा एवं प्रैक्टिकल का कार्य संपन्न कराया गया।

## नदी में डूबे दूसरे मछुआरे का नहीं मिल सका शव, एसडीआरएफ की टीम तलाश में जुटी, रेस्क्यू जारी



*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत देवगांव चौकी क्षेत्र के फजलपुर गांव से गोमती नदी में नव से मछली मारने के दौरान नदी में डूबे दूसरे मछुआरे का शव घटना के तीसरे दिन भी बरामद नहीं हो सका है। हालांकि प्रभारी निरीक्षक कुमारगंज रतन सिंह के नेतृत्व में एसडीआरएफ की टीम नदी में रेस्क्यू कर लापता युवक के शव की तलाश में जुटी हुई है। बता दें कि फजलपुर गांव निवासी राम किशोर पुत्र सजाऊ गांव के ही राममिलन पुत्र राम आनंद के साथ गांव के पास से गुजरी गोमती नदी में रविवार की शाम करीब 6:00 बजे मछली का शिकार करने के लिए इदिलपुर घाट पर गए थे। मछली पकड़ने के दौरान दोनों लोग नदी में डूब गए थे और उनका मोबाइल छोटी नाव में घाट से करीबन 1 किलोमीटर दूर बरामद हुआ था। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में रिस्क शुरू कर दिया था जहां तलाश के दौरान राममिलन का शव तो बरामद हो गया था किंतु रामकिशोर का शव नहीं मिल सका था। प्रभारी निदेशक ने स्थानीय गोताखोरों के साथ-साथ एसडीआरएफ की टीम मौके पर बुलाया और मंगलवार को देर शाम तक रेस्क्यू जारी रहा, किंतु राम किशोर का शव अभी बरामद नहीं हो सका है।

# सांसद खेल स्पर्धा 2024 का भव्य उद्घाटन हुआ

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद स्पोर्ट स्टेडियम मे सासंद खेल स्पर्धा के अन्तर्गत सदर विधान सभा के प्रतियोगिता का उद्घाटन केद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने ध्वारोहण व मशाल जलाकर किया। स्पर्धा के मुख्य अतिथि केद्रिय वित्त राज्य मंत्री जिला पंचायत अध्यक्ष रविकान्त पटेल सदर विधायक जयमंगल कनौजिया प्राचार्य पीजी कालेज डा अजय मिश्र ने मा सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित किया। खेल स्पर्धा को सम्बोधित करते हुए केद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने जनसमूह व खिलाडियों को सम्बोधित किया।वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि आज का दिन जनपद के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है, जहां हम सांसद खेल स्पर्धा 2024 के उद्घाटन के लिए एकत्रित हुए हैं। खेलों के महत्व की बात करें तो स्वामी विवेकानंद ने कहा, मेरी युवा शक्ति से आग्रह है कि वे अपनी मस्तिष्क शक्ति को बढ़ायें, उनके हाथ मजबूत हों, उनकी मांसपेशियाँ और अधिक शक्तिशाली हों, ताकि वे इस भूमि को फिर से महान बना सकें।÷ पिछले वर्ष की इस स्पर्धा की अपार सफलता ने हम सभी को यह समझने में मदद की कि खेल न केवल व्यक्तिगत क्षमता को निखारते



हैं, बल्कि समुदायों को भी एक साथ लाते हैं। इस वर्ष, हम अधिक व्यवस्थित और विस्तृत तरीके से आगे बढ़ रहे हैं। हमने पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग श्रेणियों में स्पर्धाओं का आयोजन किया है, ताकि प्रत्येक खिलाड़ी अपनी पूरी क्षमता के साथ प्रतिस्पर्धा कर सके। इस वर्ष, हम एथलेटिक्स, गोला फेंक, लंबी कूद, उच्च कूद, कुश्ती, खो-खो, वॉलीबॉल, क्रिकेट, और फुटबॉल जैसे खेलों में स्पर्धाएँ आयोजित कर रहे है।मुझे यह बताते हुए विशेष खुशी हो रही है कि हम कुछ देशी खेलों का भी आयोजन कर रहे हैं, जो हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। यह हमारे युवाओं को न केवल अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन करने का मौका देगा, बल्कि उन्हें हमारी विरासत से जोड़े रखने में भी मदद करेगा।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा है, ÷खेल जीवन के सर्वोत्तम गुरु होते हैं, जो हमें अनुशासन, समर्पण और टीम वर्क का महत्व सिखाते हैं। हमारी सरकार ने खेलों और युवा विकास के प्रोत्साहन के लिए विभिन्न पहलें शुरू की हैं। खेलो इंडिया जैसी पहलें केवल युवा प्रतिभाओं को पहचानने में मदद कर रही हैं, बल्कि उन्हें उचित प्रशिक्षण और सहायता भी प्रदान कर रही हैं। फिट इंडिया मूवमेंट, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (TOPS), और राष्ट्रीय खेल अकादमीयों की स्थापना जैसे

कदम, न केवल खेलों को बढ़ावा देने में मदद कर रहे हैं, बल्कि युवाओं को अपने सपनों को साकार करने के लिए एक मंच भी प्रदान कर रहे हैं।इसके अलावा, नेशनल स्पोर्ट्स एजुकेशन बोर्ड की स्थापना से खेल शिक्षा को और भी अधिक प्रोत्साहित आपकी कड़ी मेहनत और समर्पण इस कार्यक्रम की सफलता की कुंजी है।अंत में, मैं हमारे युवा प्रतिभागियों को यह कहना चाहूँगा कि आपका हर प्रयास, हर जीत, और हर हार हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

# आधार कार्ड करायें अपडेट

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्य विकास अधिकारी ॠषिराज ने बताया है कि जिन निवासियों का आधार कार्ड पिछले 10 साल या उससे अधिक समय से अपडेट नहीं हुआ है कृपया नवीनतम परिचय एवं पते के साक्ष्य से अपडेट करें। 5-7 वर्ष और 15-17 वर्ष आयु पूरी कर चुके बच्चों को अपना निःशुल्क बायोमेट्रिक अपडेट कराना है, 18. का नामांकन प्रतिबन्धित कर दिया है और केवल इण्डिया पोस्ट के केन्द्रो पर ही नामांकन किया जाएगा, 18ऩामांकन की पृष्ठभूमि सत्यापन के लिए पोर्टल सक्रिय हो चुका है। निवासी की पृष्ठभूमि सत्यापन के बाद 18 वर्ष से ऊपर का नामांकन पूरा होगा, 18 वर्ष के ऊपर नामांकन की पृष्ठभूमि सत्यापन के लिए जिला स्तर पर एडीएम एफ0आर0 और तहसील स्तर पर एसडीएम को नामित किया गया है। 0-5 वर्ष के बच्चो को आधार नामांकन सभी आधार केन्द्रों पर जन सेवा केन्द्र को छोड़कर कराया जा सकता है। आईपीपीबी और महिला एवं बाल कल्याण विभाग के आपरेटर घर-घर जाकर भी नामांकन कर सकते है। इसके अतिरिक्त आधार नामांकन और अपडेट के लिए भारतीय डाक, इण्डिया पोस्ट पैमेन्ट बैंक, प्राथमिक शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल कल्याण विभाग, सरकारी और प्राइवेट बैंक, सीएससी, बीएसएनएल में मशीनें कार्यरत है।

## गोसाईगंज में एक स्टेशन एक उत्पाद के तहत हुआ, गुड़-खांड स्टॉल का शुभारंभ

गोसाईगंज -अयोध्या। एक स्टेशन एक उत्पाद के तहत गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर गुड़-खांड, गन्ने से निर्मित उत्पादों के स्टाल का शुभारंभ रेलवे स्टेशन के अधीक्षक महेंद्र मिश्रा ने फीता काटकर किया। स्टाल संचालक प्रीति सोनकर ने बताया कि गन्ने से तैयार किए गए खांड-गुड़, शक्कर, सिरका, मूंगफली, तिल गुड़ स्टाल से बिक्री किए जाएंगे।

## पीडीए पखवाड़ा जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन




**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पीडीए पखवाड़ा जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को सोहास खास में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा नेताओं ने सपा की नीतियों व सपा कार्यकाल में किये गए जनकल्याणकारी कार्यो का उल्लेख किया। कार्यक्रम को पूर्व विधायक विजय पासवान, कार्यक्रम संयोजक, जोनल प्रभारी, सोहस खास के प्रधान सोनू यादव, विधानसभा अध्यक्ष जोखन चौधरी, पिछ्डा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव शैलेंद्र शर्मा और सोहस खास की जनता सेक्टर प्रभारी तथा अन्य लोग मौजूद रहे। पूर्व विधायक विजय पासवान ने कहा कि कार्यक्रम में सभी लोगों की उपस्थिति अहम रही और कार्यक्रम में साथ देने वाले सभी भाइयों का तहे दिल से शुक्रिया एवं धन्यवाद दिया।

## मदरसा शिक्षा परिषद बोर्ड की परीक्षा प्रारम्भ



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ बोर्ड द्वारा मुंशी/मौलबी आलिम, कामिल एवं फाजिल की परीक्षा मंगलवार से प्रारम्भ हुई। मदरसा खदीजतुल कुबरा निस्वा कॉलेज नौगढ़ सिद्धार्थनगर में 231 छात्र छात्राएं रजिस्टर्ड है, जिसमे 31 छात्र छात्राएं अनुपस्थित रहीं। बाकी परीक्षा केंद्र पर मदरसा उस्मानिया गर्ल्स कॉलेज नौगढ़, बैतुल उलूम सोनपुर, मदरसा बिनैका, मदरसा सेमरहना, नेशनल पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल, और मदरसा खदीजतुल कुबरा निस्वा कॉलेज नौगढ़ के छात्र छात्राएं सम्मिलित थी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण उप निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण बस्ती मंडल बस्ती विजय प्रताप यादव ने किया। उन्होंने कहा कि छात्र एवं छात्राओं को अनावश्यक परेशान न करे समय से बच्चों को अन्दर कर आने दे। आप सभी लोगो की जिम्दारी बनती है की निर्देशो का पालन कराये उन्के विसवास पर खरे उतरे कोई भी कक्ष निरीक्षक अगर लापरवाही करते पकडा गया तो उन्के खिलाफ विभागी कार्यवाही की जायेगी।

## सैकड़ो लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की



**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में पूरी ताकत के साथ जुट रही भाजपा संगठन को भी विस्तार देने में जुटी हुई है। इसी कड़ी में पूर्व जिला अध्यक्ष यमुना प्रसाद चतुर्वेदी के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधान, सभासद, बीडीसी, अध्यक्ष पद प्रत्याशी समेत सैकड़ो लोगों ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक उपाध्याय के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में पांच मंडलों के मंडल अध्यक्षों के माध्यम से क्षेत्र के तमाम राजनीतिक अहमियत रखने वाले लोगों ने भाजपा की रीतियों नीतियों में विश्वास जताते हुए सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वाले नए सदस्यों को पूर्व विधायक सुभाष राय, पूर्व जिलाध्यक्ष रामप्रकाश यादव, पंकज वर्मा, संजय सिंह, शिवपूजन वर्मा आदि समेत वरिष्ठ भाजपाइयों ने पटका पहना कर माल्यार्पण करते हुए मुंह मीठा कराकर स्वागत किया।पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा बिना किसी भेदभाव के सबका विकास करने में विश्वास रखती है इसीलिए लोग पार्टी के साथ ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़ रहे हैं। मीडिया प्रभारी विकाश निषाद ने बताया कि नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र माध्यम से निर्दल चेयरमैन प्रत्याशी रहे बृजेश जैसवाल, बसपा सभासद प्रत्याशी रहे आशुतोष शर्मा, निर्दल प्रत्याशी गौरव उपाध्याय, चंद्रभान विश्वकर्मा, विवेक पाठक ,शालू सैनी, अखिलेश सोनकर आदि, मंडल अध्यक्ष शुभम पांडे रुद्र के माध्यम से प्रधान विजय कुमार, दयाशंकर राजभर, राजितराम राजभर आदि, मंडल अध्यक्ष राजाराम मौर्य के माध्यम से लालचंद, राकेश, रविंद्र, प्रमोद, अशोक यादव, रजनीश त्रिपाठी आदि, मंडल अध्यक्ष रविंद्र भारती के माध्यम से प्रधान रामसूरत, वीरेंद्र यादव, नरेंद्र आदि, मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्त के माध्यम से प्रधान अखंड सिंह, प्रवक्ता पंकज मिश्र, रेलवे रिटायर्ड सीताराम आदि समेत उनके सैकड़ों समर्थकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान आनंद जायसवाल, सनी गौड,अमित गुप्ता,रोशन सोनकर विभिन्न मंडलों भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## केंद्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा की अध्यक्षता में दिशा की बैठक 16 फरवरी को

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी भीमजी



उपाध्याय ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोआरडीनेशन एण्ड मॉनीटरिंग कमेटी (दिशा) की बैठक भानुप्रताप सिंह वर्मा जी, सांसद जालौन-गरौठा-भोगनीपुर क्षेत्र/ राज्यमंत्री सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, भारत सरकार की अध्यक्षता में 16.02.2024 दिन शुक्रवार को प्रातः 10:30 बजे विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार उरई में आयोजित की गयी हैं। उन्होंने सभी सम्बंधित लोगों से उक्त बैठक में समय से प्रतिभाग करने की अपील की है।

# परीक्षा में लापरवाही संज्ञान में आयी तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** जनपद में आगामी 17 एवं 18 फरवरी दिन रविवार को आयोजित होने वाली उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा एवं आगामी बोर्ड परीक्षा को सकुशल शांतिपूर्ण एवं सुचिता के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार के साथ परीक्षा की तैयारियों को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापकों के साथ लोहिया कलाभवन में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित अधिकारीगण अपनी सभी तैयारियां परीक्षा से पूर्व मानकों के अनुरूप सुदृढ़ करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन ढंग से संपन्न कराने में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों का बहुत ही अहम योगदान होता है, इसीलिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए मानकों के अनुरूप अपनी-अपनी तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान करेंगे एवं संबंधित अधिकारीगण समय से अपनी-अपनी ड्यूटी स्थलों पर पहुंचकर अपने दायित्व का निर्वहन करें।

उन्होंने कहा कि आयोजित होने वाली परीक्षा में यदि किसी भी अधिकारी की लापरवाही संज्ञान में आती है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापक को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि उनके द्वारा अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि परीक्षा केंद्र पर सभी मूलभूत सुविधाएं एवं सीसीटीवी कैमरे एवं जैमर सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं, यदि कोई भी मूलभूत सुविधा, सीसीटीवी कैमरा एवं जैमर सुचारू रूप से काम नहीं कर रहा हो तो तत्काल उसको सही कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उनके द्वारा नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्र के एंट्री गेट पर एंट्री कराते समय इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर विशेष फोकस रखा जाए, कोई भी अभ्यर्थी अपने साथ इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को परीक्षा केंद्र के अंदर न ले जा पाए, ताकि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन संपन्न कराया जा सके।

जनपद में पुलिस भर्मी परीक्षा के कुल 22 केन्द्र बनाये गये है। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, समस्त उपजिलाधिकारी, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार एवं समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापक व जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने में जुटी महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी शिवांगी त्रिपाठी



**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस द्वारा मिशनद्धशक्तिद्धअभियान के तहत कराए जा रहे सुलह समझौते के क्रम में महिला सहायता प्रकोष्ठ (1090) उ0नि0 शिवांगी त्रिपाठी व महिला आरक्षी पूनम शर्मा के अथक प्रयास से पति पत्नी के एक वैवाहिक जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को एक साथ रहने के लिए समझाया गया। हौसला दिलाते हुए पूनम शर्मा ने पीड़िता से कहा चुप हो जाओ, रोना बंद करो। अब तुम यहां आ गयी हो तुम्हे न्याय जरूर मिलेगा। पीड़िता ने महिला सहायता प्रकोष्ठ में अपना दर्द बांटा था वह दो बिछड़े हुए परिवारों को एक करने का एक सरकारी विभाग बनाया गया है,जो अपने तरह की एक विशेष अदालत है, जिसे महिला सहायता प्रकोष्ठ कहा जाता है। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी शिवांगी त्रिपाठी दोनों पक्षों की बात बड़ी गम्भीरता से सुन रही थीं और उसे दिलासा दिला रही थीं कि वो फिक्र न करे उसे न्याय जरुर मिलेगा। शिवांगी त्रिपाठी में कुछ ऐसा ही गुण देखने को मिला जो अपने तर्कों और सहज शब्दों से ये अपनी बात मनवाकर दी दम लेती हैं। शिवांगी त्रिपाठी द्वारा समझाते हुए दोनों पक्षों से बताया कि एक परिवार में रहने का मतलब है कि सदस्य हर दिन एक साथ खाना खाने से लेकर छुट्टियों पर बाहर जाने तक सब कुछ एक साथ करते हैं। यही वह चीज़ है जो समाज के सदस्यों को संतुष्टि पाने में मदद करती है और फिर वे अपने परिवारों के साथ समय बिताने के नए तरीकों की तलाश करना शुरू करते हैं जो अंततः एक मजबूत संबंध और स्वस्थ रिश्ते की ओर ले जाता है। समझने के पश्चात अंतत दोनों (पति पत्नी) आपस में एक साथ रहने के लिए राज़ी हो गए एवं दंपत्ति द्वारा अंबेडकरनगर पुलिस को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

## पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा निष्पक्ष एवं पारदर्शी कराने के लिये डीएम व एसपी ने मातहतों को दिये कड़े निर्देश



**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षित नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 की लिखित परीक्षा के संबंध में जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में तैयारी बैठक आयोजित किया गया। अवगत कराना है कि पुलिस भर्ती परीक्षा में प्रदेश में लगभग 48 लाख परीक्षार्थी प्रतिभाग कर रहे है। यह परीक्षा दो दिन चार पालियों में आयोजित की जाएगी।17 फरवरी 2024 को प्रथम पाली 10ः00 बजे से 12ः00 तक, द्वितीय पाली 3ः00 बजे से 5ः00 तक तथा 18 फरवरी 2024 को प्रथम पाली में 10ः00 बजे से 12ः00 तक तथा द्वितीय पाली में 3ः00 बजे से 5ः00 तक आयोजित की जाएगी। प्रदेश की अब तक सबसे बड़ी भर्ती परीक्षा आयोजित होने जा रही है।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी सदानंद गुप्ता द्वारा परीक्षा संबंधित, आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि जनपद अंबेडकर नगर में इस हेतु कुल 39 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें दो पालियों में परीक्षा आयोजित किया जाएगा। इस दौरान केंद्र व्यवस्थापक/ सेक्टर मजिस्ट्रेट/ स्टैटिक मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारियों को उनके दायित्वों को गंभीरता पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा केंद्र व्यवस्थापक को सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे, परीक्षा कक्षा में पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल एवं स्वच्छ वॉशरूम की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया।

# महिलाओं का समग्र विकास और सम्मान बीजेपी का मूल मंत्र : विवेकानन्द मिश्र

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** भाजपा द्वारा विधानसभा स्तर पर आयोजित शक्ति वंदन अभियान में मंगलवार को समाज और नारी कल्याण क्षेत्र में विशिष्ट कार्यो के लिए स्वयं सहायता समूह की बहनों के सम्मान का कार्यक्रम हर्रैया कप्तानगंज और महादेवा विधानसभा के विक्रमजोत हर्रैया व बहादुरपुर के ब्लाक परिसर में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रत्येक ब्लाक प्रमुख ने अपने ब्लाक में किया।

वही विक्रमजोत में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रत्युष विक्रम सिंह, बहादुरपुर में जिला उपाध्यक्ष रवि सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के संयोजक रामचरन चौधरी ने आये हुए लोगों का स्वागत किया। कप्तानगंज कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने उत्कृष्ठ कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पर देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी के सरकार में महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। भाजपा की सरकार महिलाओं के सर्वागिण विकास और सम्मान के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि पीएम मोदी की सोच है कि घुंघट में रहने वाली घर की महिलाएं भी स्वयं सहायता समूह के माध्यम से अपने पैरो पर खड़ा होकर आत्मनिर्भर बन सके। इसके लिए उन्होने पूरा प्रयास भी किया है। पीएम मोदी की सोच है कि महिलाएं किसी के सामने हाथ न फैलाये। घर से बाहर निकलकर काम करके आत्मनिर्भर बनें। पूर्व विधायक रवि सोनकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक एवं राजनैतिक उत्थान के लिए लगातार काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री का लक्ष्य है एक साल में तीन करोड़ महिलाएं लखपति बने जिसके लिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं को ग्रामीण क्षेत्रो के विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जा रहा हैं।

सांसद ने कार्यक्रम में मौजूद स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से कहा कि बीजेपी सरकार का मूल मंत्र महिलाओं के समग्र विकास और सम्मान के लिए केन्द्र तथा प्रदेश की सरकारों ने जो काम विगत वर्षो में किया है, वह नारी शक्ति के लिए अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के माध्यम से महिलाओं के सामाजिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त किया गया है।

# छात्रों को हमेशा अपने सुनहरे भविष्य के लिए प्रयासरत रहना चाहिएः सुनील

अवधनामा संवाददाता



**आलापुर (अंबेडकरनगर)।** नगर पंचायत जहांगीरगंज अंतर्गत फतेह मोहम्मद मेमोरियल इंटर कॉलेज में कक्षा 11 के विद्यार्थियों की ओर से 12वीं के छात्र/ छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन मोहम्मद अरशद की संचालन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील कुमार मौर्य चेयरमैन प्रतिनिधि नगर पंचायत जहांगीरगंज ने संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को हमेशा अपने सुनहरे भविष्य के लिए चिंतित रहना चाहिए क्योंकि किसी कोर्स को पूरा करने के बाद उनके सामने भविष्य की समस्या आ जाती है अगर वह मेहनत व लगन के साथ तालीम हासिल करेंगे तो लक्ष्य आवश्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मिस दरख्शा अंजुम ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से छात्र अपनी मेहनत और संघर्ष के बलबूते पर अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। मिस दरख्शा ने कहा कि जीवन में सफलता हासिल करने के लिए लक्ष्य का निर्धारण करें इसके अभाव में अपनी क्षमता का दस फीसदी भी हासिल नहीं कर पाएंगे कोई भी लक्ष्य एक दिन में प्राप्त नहीं हो सकता इसके लिए अनवरत कोशिश करनी चाहिए।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि इकरामुद्दीन अंसारी ने कहा कि विदाई शब्द संवेदनाओं से परिपूर्ण हैं जो हमें सोचने के लिए बाध्य कर देता है। हमारे सम्मुख न जाने कौन सी परिस्थिति होगी परिस्थिति को मार्ग में बाधा नहीं बनने देना चाहिए विषम परिस्थितियों में भी क्षमता अनुसार कार्य करने के प्रवृत्ति ही व्यक्ति में निखार लाता है। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों को कॉलेज के प्रबंधक मोहम्मद हारुन अंसारी ने फूलों की माला पहनकर स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं प्रबंधक मोहम्मद हारुन अंसारी ने कहा कि शिक्षा के दौरान शिक्षक ने जो सीख दी है उसे अपने साथ ले जाएं ताकि इस संस्था का भी नाम रोशन हो सके। कॉलेज के प्रधानाचार्य मोहम्मद तौफीक अंसारी ने सभी विद्यार्थियों की सफलता की कामना की तथा उन्हें उत्तम शिक्षा प्राप्त करने की सलाह देते हुए कहा कि शिक्षा से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है।

# कमरे में सो रहे मां व बेटे को बंदकर चोरो ने उड़ाए बारह हजार नगदी

अवधनामा संवाददाता



**कुदरहा, बस्ती।** कलवारी थाना क्षेत्र के गायघाट पुलिस चौकी अंतर्गत छरदही गांव में मस्जिद के पास सोमवार की रात चोरो ने एक घरों को निशाना बनाया। कमरे में सो रहे माता व बेटे को बाहर से कुंडी बंद कर तीन कमरे का ताला तोड बारह हजार नकदी ले कर फरार हो गए।

ताला तोडने की आहट सुन जब दरवाजा खोलना चाहा तो बाहर से बंद था और पडोसी को घटना की जानकारी दी। जिससे लोग मकान के बगल पडोसी के जीने से मकान के अंदर जा कर कुंडी खोला तो स्वजन बाहर निकले तो सामन बिखरा देख रोने लगे। भोर मे ही डायल 112 की टीम पंहुच कर छानबीन शुरु की। जब कि मस्जिद में चार दिन पूर्व चोरो ने दानपात्र मे रखा रुपया व झालर भी उठा ले गए थे। गांव के शहबान पुत्र अब्दुल हमीद ने बताया कि अपनी माता मेहरूनिंसा के साथ बरामदे से सटे कमरे मे सो रहा था। रात में खटपट की आवाज सुन मां की आख खुली और बेटे को जगाया। जब दरवाजा खोलना चाहा तो बाहर से बंद था। डर से सहमें शहबान ने पड़ोसी सिद्दीक को घटना की जानकारी दी। वह आस पास के लोगों को घटना की जानकारी दी। जब लोग शोर मचतते घर के बाहर बरामदे मे मुख्य द्वार पर पहुंचे तो अंदर से बंद था। कुछ लोग पडोसी के बाहर से बने जीने के सहारे अंदर गए तो देखा कि कुंडी बंद था। जिसे खोला तो माता व बेटा अंदर कमरे को देखा तो तीनो कमरे का ताला टूटा था और अंदर रखा बाक्स व अटैची का भी ताला तोड सब सामान बिखरा था। जिसमे बारह हजार नगद रखा रुपया ले कर फरार हो गए। मेहरूनिंसा ने दहाड मार कर रोते हुए बताया कि मेरा परिवार बाहर अन्य प्रदेश मे रहता है। घर पर दो लोग ही रहते है। कुछ दिन पहले सामने मदरसे मे से दान पात्र को चोरो ने उठा ले गए थे। इस तरह की घटना कभी सोचा नही था। इसके पूर्व भी मेरे घर मे दो बार और चोरी हो चुकी है।

# लाभार्थी संपर्क अभियान के निमित्त जिला कार्यशाला का आयोजन




अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** भाजपा जिला कार्यालय पर मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के अध्यक्षता में आगामी कार्यक्रम लाभार्थी संपर्क अभियान के निमित्त जिला कार्यशाला का आयोजन हुआ।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रभारी हरिचरण कुशवाहा ने बताया भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व के निर्देशानुसार 25 फरवरी से 5 मार्च तक जिले भर में लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जाएगा। केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लोगों के बीच जाकर लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत संवाद स्थापित करेंगे पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता। भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि केन्द्र सरकार ने जनहित योजनाओं को धरातल पर उतारकर जनता से किए गए हर वादे को पूरा किया है। मोदी सरकार ने गरीब कल्याण को ध्यान में रखते हुए कई लोककल्याणकारी योजनाओं को शुरू किया है।

इस अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल, विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी, लोकसभा प्रभारी समीर त्रिपाठी, लोकसभा संयोजक राम कुमार कुंवर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य साधना चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी, बृजबिहारी मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा निशांत पांडेय, दीपक मौर्य, तेजू विश्वकर्मा, जिला मंत्री/कार्यक्रम संयोजक फतेबहादुर सिंह, अजय उपाध्याय, लोकसभा विस्तारक शैलेश द्विवेदी चेयरमैन बढ़नी सुनील अग्रहरी, अजय गुप्ता, अजय शर्मा, अरुण मिश्रा, डॉ0 शरदेंदु त्रिपाठी, विकास पाण्डेय, संपूर्णा नंद पांडेय, अर्चिष्मान मिश्र, बजरंगी गोस्वामी, मंडल अध्यक्षगण, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विश्व हिंदू परिषद की बैठक संपन्न, विहिप एवम बजरंग दल बढ़नी की ईकाई गठित

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिध्दार्थनगर।** रविवार को देर शाम विश्व हिंदू परिषद बढ़नी प्रखंड की बैठक श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में संपन्न हुई ,बैठक के मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद गोरक्ष प्रांत के प्रांत सहमंत्री सगुण श्रीवास्तव रहे।

बैठक में सीमापार से होने वाली अबांछित गतिविधियों, आस पास हो रहे हिंदू धर्म के लोगो के खिलाफ घटनाओं सहित संगठन के विस्तार पर चर्चा की गई। बैठक में विहिप के प्रांत सहमंत्री सगुण ने कहा कि आज विश्व हिंदू परिषद के कार्य का डंका पूरे देश में गूंज रहा है,ऐसे में हमे सतर्क रहने की जरूरत है, हिंदू धर्म के खिलाफ नेपाल सीमा गतिविधियां बढ़ी है, हमे हिंदू हित के लिए कार्य करना है इसके लिए संगठन का विस्तार एवम मजबूत होना जरूरी है। बैठक में विहिप एवम बजरंग दल के विस्तार पर भी चर्चा हुई एवम जिला इकाई ने कुछ नाम बढ़नी प्रखंड के लिए सुझाया जिस पर प्रांत सहमंत्री सगुण द्वारा सभी सदस्यो की सहमति से विहिप एवम बजरंग दल की प्रखंड इकाई के दायित्व को घोषणा की गई।विहिप के बढ़नी प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार अग्रहरी,उपाध्यक्ष के बढ़नी प्रखंड का अध्यक्ष राजकुमार अग्रहरि ,उपाध्यक्ष मनोज पांडेय, उपाध्यक्ष मनीराम यादव एवम रमेश मौर्या को प्रखंड मंत्री, रामसुंदर चौरसिया को प्रखंड संरक्षक, रामदीन यादव को प्रखंड गौसेवा प्रमुख,गणेश विश्वकर्मा मीडिया एवं प्रचार प्रमुख का दायित्व दिया गया। बजरंग दल के बढ़नी प्रखंड से प्रेमचन्द यादव को प्रखंड संयोजक, हेमंत अग्रहरि को प्रखंड सेवा प्रमुख,सुनील को प्रखंड सुरक्षा प्रमुख,और लवकुश पाल को प्रखंड कालेज विद्यार्थी प्रमुख घोषित किया गया है।

# ई रिक्शा की ठोकर से युवती घायल जिला अस्पताल रेफर

**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बढ़नी कस्बे के बढ़नी



पचपेड़वा मार्ग पर बढ़नी से पचपेड़वा की ओर जा रही तेज रफ्तार ई रिक्शा चालक ने एक युवती को पीछे से ठोकर मार दी। जिससे युवती गंभीर रूप से घायल हो गई मौके पर मौजूद स्थानीयजनों ने घायल युवती को पीएचसी बढ़नी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवती को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मंगलवार को बढ़नी कस्बा निवासी शिल्पी पुत्री राजकुमार कस्बे के एक विद्यालय से शिक्षण कार्य करके समय माता स्थान के निकट स्थित अपने घर वापस आ रही थी। बताया जाता है कि पीछे से आ रही एक ई रिक्शा चालक जो कान में ब्लू टूथ लगाकर तेज रफ्तार में बढ़नी से पचपेड़वा की ओर जा रहा था, पीछे से ठोकर मार दी जिससे युवती के सिर में गंभीर चोटे आई है। आनन फानन में स्थानीय जनों ने घायल युवती को पीएचसी बढ़नी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ई रिक्शा व चालक रमजान पुत्र चिनकान निवासी ग्राम हरहटा थाना गौरा जिला बलरामपुर को अपने हिरासत में ले लिया है। इस संबंध डा. प्रदीप वर्मा ने बताया कि उक्त युवती के सिर में गंभीर चोट आई है जिसे प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवती को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

## ईवीएम और राजनैतिक सियापा

हमारे देश में लम्बे समय से आम चुनाव व विधान सभा चुनाव ईवीएम के माध्यम से ही होते आ रहे है। और इसकी विश्वसनीयता सन्देह से परे है। किन्तु होता क्या है कि इधर चुनाव खत्म हुआ और उधर हारने वालो का सारा गुस्सा ईवीएम पर और हार का सारा ठीकरा ईवीएम पर फोड़ कर इतिश्री कर ली जाती है। कोई भी राजनैतिक दल अपनी कमियों और योजनाओं और वास्तविक परिस्थिति से ऑखे मूंद कर ईवीएम को कोसता रहता है। यह ध्यान देने योग्य बात है कि ईवीएम से जिस तरह से चुनाव होता है, उसमें लेशमात्र भी सन्देह की गुंजाइश नहीं है। समाचार चैनलों पर ईवीएम को लेकर बहसों का दौर भी आजकल में लगातार रूप में शुरू हो जायेगा, जिसमें पत्रकारों से लेकर राजनैतिक दलों के प्रवक्ता व अपने को विशेषज्ञ कहने वाले राजनैतिक विश्लेषक पूर्ण रूप से अपने अजीब अजीब तर्को से मतदाता के मन में सन्देह का विष बोने का काम करते नजर आयेगे। अच्छा तो यह हो कि जिन लोगो ने चुनाव करवाया हो जिनको चुनाव करवाने का अनुभव हो यथा पीठासीन अधिकारी पर्यवेक्षक व कोई भी अन्य कर्मचारी जो यह भली भॉति बता सके कि ईवीएम से चुनाव कैसे होता है। उसको भी ऐसा समाचार चैनलों की बहस में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाये।

अब आता है कि ईवीएम पर वोटिंग कैसे होती है। ईवीएम की दो यूनिट होती है। एकमेन और दूसरी जिसमें प्रत्याशियों के नाम व चुनाव चिन्ह होता है। सबसे पहली शुरूआत में 5 प्रत्याशियों के प्रतिनिधि होते है, जिसमें से 2 राष्ट्रीय पार्टी प्रत्याशी के प्रतिनिधि होने चाहिए। उनके समक्ष मॉक पोलिंग की जाती है। सबको ईवीएम की यूनिट खोलकर आगे पीछे से दिखा दिया जाता है सब प्रतिनिधि यूनिट को अच्छे से देख लेते है फिर उनसे 5-5 बार वोट करने के लिए कहा जाता है, और वोट के पश्चात उनसे पूछा जाता है कि सबने किस किसको और कितनी-कितनी बार वोट किया उससे मुख्य यूनिट के कुल वोट से मिलान किया जाता है। सबके सहमत होने के बाद यूनिट को सील कर दिया जाता है और प्रत्याशी प्रतिनिधियों से दस्तखत करवाकर उसी यूनिट पर चिपका दिया जाता है। चुनाव समाप्ति के बाद भी सील यूनिट पर दस्तखत करवाया जाता है। दीगर बात यह है कि मतदान के पूरे समय प्रत्याशी प्रतिनिधि मतदान केन्द्र पर उपस्थित रहते है। सबसे बड़ी और अहम बात सील यूनिट एक बार सील हो जाय तो उसके साथ कोई भी छेड़छाड़ असम्भव है। काउन्टिंग के समय प्रतिनिधियों के सामने ही दस्तखत का मिलान होने पर ही सील खोली जाती है। और मतगणना की जाती है। यह एकदम फूल प्रूफ व्यवस्था है। राजनैतिक दलों का दोहरा रवैया है और कुछ नहीं। जीतने पर उनकी नीतियों और उनके नेताओं की वजह से जीत मिलती है और अगर हार जाओ तो सारा दोष ईवीएम का सारे राजनैतिक दल यह भली भॉति जानते है इसीलिए वे न तो चुनाव आयोग के बुलाने पर जाते है, और न ही सुप्रीम कोर्ट में ईवीएम के विरूद्ध कोई तथ्य दे पाते है। मत-पत्र चुनाव से बोक्सों में मतो की लूट करना आसान है। जैसा पहले होता था या अभी पाकिस्तान में सबने देखा।

## प्रेम के नाम पर अश्लीलता बढ़ाता वेलेंटाइन्स डे, विरोध की नहीं जागरूकता की है जरूरत!



डॉ अजय कुमार मिश्रा

इंग्लैंड और फ़्रांस से शुरू हुआ प्रेम का प्रतीक वेलेंटाइन्स डे आज दुनियां में अपना महत्वपूर्ण स्थान बना चुका है खासकर युवाओं में तेजी से न केवल पकड़ मजबूत हुई है बल्कि अनेकों ऐसे बच्चे भी मिल जायेगे जिन्हें वास्तव में इसके सरोकार में शामिल नहीं होना चाहिए, पर वो लोग और तन्मयता से जुड़े है। इस दिन कार्ड, फूल, चॉकलेट और उपहारों को देने के साथ-साथ प्यार का इजहार किया जाता है। कई परिवर्तनों के दौर से गुजरता हुआ यह अब बाजारवाद का शिकार हो गया है और ग्लोबल कंपनियां इसे इस तरह प्रोमोट कर रही है की प्यार के इजहार का इससे नायब दिन कोई नहीं हो सकता। आधुनिकता के इस रंग में अब वेलेंटाइन्स डे सात दिनों के रंग का स्वरुप ले चुका है जिसमे प्रत्येक दिन कुछ अलग होता है और अंतिम स्वरुप 14 फरवरी को पूरा होता है। प्रत्येक वर्ष यह 14 फरवरी को मनाया जाता है। भारत का शायद ही कोई शहर ऐसा हो जो इसके प्रभाव में न हो। इसका प्रभाव बढ़ने से हम न केवल अपनी संस्कृति और सभ्यता भूलकर इन व्यवस्थाओं पर आगे बढ़ना चाह रहें है जिसका स्थायित्व कही नहीं है। वेलेंटाइन्स डे की अवधि में आप सभी ने यह जरुर सुना है की कुछ लोग इसका तीखा विरोध करतें है जबकि युवाओं को यह बेहद स्वीकार्य है। जगह ङ्क जगह पार्कों और कई जगहों पर कथित प्रेमी प्रेमिकाओं को मिलने से रोका जाता है या कई ऐसी गत्विधियाँ की जाती है जिसका उद्देश्य युवाओं में इसके प्रति डर बैठाना होता है।

देश के अन्दर की व्यवस्था में आप देखेगे तो वेलेंटाइन्स डे को अब किसी बंदिश के दायरें में नहीं रखा जा सकता। तकनीकी और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में विकास ने इसमें और अधिक आजादी दे दी है नतीजन प्यार, स्वच्छ भावना, समर्पण, त्याग की जगह व्यक्तिगत इच्छापूर्ति और शारीरिक इच्छापूर्ति ने ले लिया है जहाँ न्यूनतम उम्र और इस विषय के समझ की कोई बाध्यता नहीं है। आज आपको देश के महानगरों में सार्वजनिक स्थानों पर ऐसी गतिविधियाँ देखने को दिनभर मिलने लगी है की आप अन्दर से न केवल डरा हुआ महसूस करेगे बल्कि आपके मन में यह विचार अवश्य उत्पन्न होगा की मेरे बच्चे क्या इसी तरह के है? आधुनिक समाज के कुछ तथाकथित विद्वानों ने इसे और अधिक बढ़ावा दिया है जबकि 95 प्रतिशत लोगों को प्रेम का मतलब ही नहीं पता। वास्तव में प्रेम होता क्या है और इसके प्रति किस तरह के समर्पण की आवश्यकता है। जिस दिन हम सभी इस बात को स्वयं समझने और समझाने में सफल हो जायेगें उस दिन विरोध नहीं करना होगा बल्कि समाज में प्रत्येक जगह इसका विरोध युवाओं द्वारा दिखेगा।

यदि हम प्रेम की बात करें तो हमारी संस्कृति और धर्म में एक दो नहीं अनेकों ऐसे उदहारण है जिसे समझने से हम अपनी विषम से विषम परिस्थिति में भी आधुनिकता के इस मकड़जाल में नहीं आ पायेगे। श्रीराम और माँ सीता का प्रेम, मीरा और कृष्ण का प्रेम आज दुनियांभर में प्रेम का सजीव उदहारण है। समय के साथ साथ वैश्विक भागीदारी प्रत्येक क्षेत्र में देश के अन्दर और बढ़ेगी और जिसका लाभ और हानि हम सभी को समान रूप में वहन करना होगा। लाभ अधिक हो और हानि नाममात्र इसके लिए जरुरी है की अच्छी बातों और चीजों का अनुसरण करके व्यव्हार में लाये जबकि अनुपयोगी से हम दूर रहना सीखें। आगामी दो दशकों के पश्चात् स्थिति इतनी भयावह होगी की प्रेम के नाम पर लोगों का सम्बन्ध दिनों और घंटें भर का रह जायेगा, साथ ही विभिन्न अपराधों को भी जन्म देगा। जिस प्रेम को हम समर्पण और त्याग के नाम से जानते आ रहें है वह केवल शारीरिक इच्छापूर्ति तक सीमित दिखेगा जो वास्तव में विभिन्न विघटन का मूल रूप भी होगा और असंतोष और अपराध का एक बढ़ा कारण भी बनेगा। वर्तमान यदि बुरा है तो भविष्य भयावह होगा क्योंकि इन मुद्दों पर कोई न बहस करना चाहता है और न ही इसे रोकने के लिए सार्थक प्रयास। जिन संगठनों द्वारा प्रयास किया जा रहा है उनमे अधिकांश को ख़बरों में बने रहने का उद्देश्य है। वर्तमान परिवेश में लोगों को जरूरत है की परिवार में न केवल आपस में संवाद करें बल्कि विभिन्न अच्छाई और बुराई के व्यव्हार को करने के लिए एक समझ का निर्माण कम से कम अपने बच्चों में जरुर करें। सभी की सामूहिक जिम्मेदारी यह भी बनती है की यह स्पष्ट रूप से अपनों को सिखाएं की किस उम्र में किस चीज की आवश्यकता है। सरकार भी इस विषय में जागरूकता लाकर युवाओं को जागरूक कर सकती है।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,


भाजपा ने 164 ऐसी सीटों की दो कैटेगरी तैयार कर ली है जहां 45 मंत्रियों को जी-जान से जुटने को कहा गया है, भाजपा कमजोर सीटों पर सबसे ज्यादा जोर लगा रही है क्योंकि 2019 के चुनाव में भाजपा की 48 ऐसी सीटें थीं जहां जीत का अंतर 2 प्रतिशत से भी कम था, इन सीटों पर विपक्षी गठबंधन अगर एक उम्मीदवार उतार देता है तो भाजपा के लिए बड़ी चुनौती हो सकती है। ऐसी ही खतरे वाली सीटों के लिये भाजपा की तीक्ष्ण एवं प्रभावी रणनीतियां बन रही है। ऐसी ही रणनीतियां से समूचे राष्ट्र के राजनीतिक परिदृश्यों को बदलने एवं अपने पक्ष में करने के लिये भाजपा जुटी है।

# मोदी की कूटनीति से धमाकेदार जीत संभव



ललित गर्ग

2024 के आम चुनावों का रण सज चुका है, कुछ ही हफ्ते बचे हैं और भारतीय जनता पार्टी एवं सभी विपक्षी दलों ने भी कमर कस ली है। भाजपा एवं इंडिया गठबंधन दोनों ही खेमों में अब हर दिन चुनावी रणनीति को लेकर बैठकों, मुलाकातों एवं चुनावी गणित को फीट करने का दौर चल रहा है, एक तरफ भाजपा 2 हफ्ते बाद उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी करने की तैयारी कर रही है, वहीं दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन मकर संक्रांति के बाद सीट शेयरिंग का फॉर्मूला फाइनल करने वाला है, लेकिन भाजपा ने स्वयं 370 एवं उसके गठबंधन का 400 का लक्ष्य लेकर ही चल रही है। हाल ही में एक मीडिया हाउस के सर्वे के अनुसार भाजपा को भले ही 2019 की तुलना में केवल एक सीट का फायदा हो रहा है, भले नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना तय है लेकिन उनके गठबंधन को करीब 17 सीटों का नुकसान होता हुआ दिखाई दे रहा है। हो सकता है अन्य माध्यमों से भी ऐसी ही सूचनाएं भाजपा को मिल रही हो, इसलिये उसने 400 के लक्ष्य को हासिल करने का ठाना है। भाजपा एवं मोदी की चुनावी रणनीतियों एवं विश्वास से ऐसा लग रहा है कि एक बार फिर धमाकेदार जीत दर्ज कर अपनी हैट्रिक पूरी करेगी। इस जीत के बाद भारत में बड़े बदलाव एवं क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिलेंगे। राजनीति, प्रशासनिक, लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में आमूल-चूल परिवर्तन हो तो कोई आश्चर्य नहीं है।

नरेन्द्र मोदी, उनके राजनीतिक सलाहकार एवं भाजपा सम्भवतः इस मोड पर पहुंच गए हैं कि चुनाव जीतने के लिए उन्हें जितने तरह का रणनीतिक प्रबंधन करने जरूरी थे, वे सफलतापूर्वक किये जा चुके हैं या जल्द ही कामयाबी से कर लिये जाएंगे। जितनी कमजोर कड़ियां थीं, उनकी मरम्मत कर ली गई है। जिन राज्यों में खराब दृश्य दिख रहे हैं, वहां भाजपा पूरी ताकत से लगी है। भाजपा ने 164 ऐसी सीटों की दो कैटेगरी तैयार कर ली है जहां 45 मंत्रियों को जी-जान से जुटने को कहा गया है, भाजपा कमजोर सीटों पर सबसे ज्यादा जोर लगा रही है क्योंकि 2019 के चुनाव में भाजपा की 48 ऐसी सीटें थीं जहां जीत का अंतर 2 प्रतिशत से भी कम था, इन सीटों पर विपक्षी गठबंधन अगर एक उम्मीदवार उतार देता है तो भाजपा के लिए बड़ी चुनौती हो सकती है। ऐसी ही खतरे वाली सीटों के लिये भाजपा की तीक्ष्ण एवं प्रभावी रणनीतियां बन रही है। ऐसी ही रणनीतियां से समूचे राष्ट्र के राजनीतिक परिदृश्यों को बदलने एवं अपने पक्ष में करने के लिये भाजपा जुटी है। इसके लिये प्रभावी एवं दूरगामी राजनीतिक से जुड़े बड़े फैसले लिये जा रहे हैं। नीतीश कुमार और जयंत चौधरी जैसे नेताओं को इंडिया गठबंधन से छीन लिया गया है। कांग्रेस के अशोक चव्हान को भाजपा में शामिल करके राज्यसभा में भेजा जा रहा है। मायावती और चंद्रबाबू नायडू को विपक्ष में जाने से रोक दिया गया है। शिवसेना और राकांपा की



दो फाड कर दी गयी है। श्रीराम मन्दिर उद्घाटन से हिन्दू वोटों को प्रभावित किया गया है, वही पांच राजनीतिक रत्नों को 'भारत रत्न' सर्वोच्च पुरस्कार की घोषणा से आम चुनावों को प्रभावित करने का राजनीतिक कौशल दिखाया गया है।

जब इतना बढ़िया, कौशलपूर्ण और प्रभावी राजनीतिक प्रबंधन हो चुका हो तो चार सौ का लक्ष्य हासिल करना भाजपा के लिये असंभव प्रतीत नहीं होता। वैसे प्रधानमंत्री के रूप में देश की जनता नरेन्द्र मोदी को ही सर्वाधिक पसन्द कर रही है, एक अनुशासित एवं राष्ट्रीय मूल्यों से प्रेरित पार्टी के रूप में भाजपा कायम है। मोदी का राजनीतिक कौशल ही है कि आम तौर से सरकारें चुनाव से पहले अपना खजाना खोलती हैं, लेकिन मोदी बिना खजाना खोले एवं लोकलुभावना घोषणाओं के चुनावी वैतरणी को सफलतापूर्वक पार करने की रणनीति बना रही है। मोदी जानते हैं कि लोकलुभावन योजनाएं या लाभार्थियों का संसार अपने आप वोटों में नहीं बदलता। उसके तीन स्तरों पर काम करना होता है। राज्यों के स्तर पर जहां अपनी स्थिति लगातार मजबूत करना जरूरी होता है, नेताओं के स्तर पर जो विभिन्न समुदायों की नुमाइंदगी करते हैं और समुदायों के स्तर पर जिन्हें लगातार पार्टी के साथ जोड़ने का अभियान चलाना पड़ता है। एक और स्तर इस बार के चुनावी गणित को प्रभावित करती हुई प्रतीत हो रही है, वह है मोदी का राजनीतिक कौशल एवं देश-विकास का उनका संकल्प। निश्चित ही मोदी भारतीय राजनीति में विश्वास और विकास के नायक हैं तो वैश्विक पटल पर महानायक बनकर देश और दुनिया को दिशा दिखा रहे हैं। कतर की जेल में बंद आठ पूर्व भारतीय नौसैनिकों की रिहाई और उनमें से सात का स्वदेश आ जाना एक ऐसी शुभ सूचना है, जिससे पूरे देश ने चैन की सांस ली है। इन भारतीयों की सकुशल रिहाई भारत की एक शानदार कूटनीतिक जीत है। यदि इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दिया जा रहा है तो स्वाभाविक ही है, क्योंकि उन्होंने कुछ समय पहले दुबई में कतर के शासक से मुलाकात की थी। मोदी है तो सब कुछ मुमकिन है। यही कारण है कि उनकी छत्रछाया में भारत में राष्ट्रवाद का रंग गहरा हुआ है और भारत विश्वगुरु बनने की राह पर चल पड़ा है। आगामी लोकसभा चुनाव विशेष होंगे। इन चुनावों में विपक्षी दल कुछ अनूठा एवं विशेष कर पायेंगे, ऐसी संभावनाएं हर दिन कमजोर ही होती जा रही है। राहुल गांधी की यात्रा भी कोई प्रभाव स्थापित नहीं कर पा रही है, बल्कि कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन से विभिन्न दल दूरी बना रहे हैं। यह चुनाव पहले ही उनकी असफलता की घोषणा है। इधर मोदी के प्रति लोगों का आकर्षण कायम है। इसका बड़ा कारण मोदी की राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय छवि कायम रहना है। मोदी ने अनेक चमत्कार घटित किये हैं, जिसका अहसास देश की जनता को है। यूक्रेन युद्ध के समय वहां फंसे भारतीयों को वापस लाना हो या कोरोना के दौरान दुनिया भर में टीका भेजना, ये सभी नरेंद्र मोदी की वैश्विक सोच का परिणाम है। प्रधानमंत्री मोदी के इस विश्वास एवं दृढ़ता की अनेक वजहें है। एक बड़ी वजह हाल ही में साल 2023 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने शानदार जीत दर्ज करना भी है। विशेषकर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ का परिणाम तो कल्पना से भी बाहर था। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक एवं चमत्कारी जीत की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। क्योंकि प्रधानमंत्री के कार्यकाल की अनेक सुखद एवं उपलब्धिभरी प्रतिध्वनियां हैं, जिनमें चांद एवं सूर्य पर विजय पताका फहरा देने के बाद धरती को स्वर्ग बनाने की मुहीम चल रही है, राष्ट्रीय जीवन में विकास की नयी गाथाएं लिखते हुए भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने की ओर अग्रसर किया जा रहा है। भारत में जी-20 देशों महासम्मेलन सफलतापूर्वक सम्पन्न होना भी एक बड़ी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस जिम्मेदारी को संभालने का अर्थ था भारत को सशक्त करने के साथ-साथ दुनिया को एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बल देना। भाजपा इसलिए भी आशान्वित है, क्योंकि जिस विपक्षी एकता की बात 2023 के मध्य से चल रही थी, उसमें दरारे पड़ती ही जा रही है।

# 'वैलेंटाइन डे' प्यार का नया बाजार

किन्दवंतियों की मानें तो संत वैलेंटाइन के क्लाउडियस के इस फैसले का विरोध करने का फैसला किया। बताया जाता है कि वैलेंटाइन ने इस दौरान कई युवक युवतियों का प्रेम विवाह करा दिया। यह बात जब राजा को पता चली तो उसने संत वैलेंटाइन को 14 फरवरी को फांसी की सजा दे दी। कहा जाता है संत के इस त्याग के कारण हर साल 14 फरवरी को उनकी याद में युवा वैलेंटाइन डे मनाते हैं। 1260 में संकलित की गई ऑरिया ऑफ जैकोबस डी वॉराजिन नामक पुस्तक में भी सेंट वैलेंटाइन का वर्णन मिलता है।



हर्षवर्धन पाण्डे

पिछले कुछ समय से ग्लोबलाइज्ड समाज में प्यार भी ग्लोबल ट्रेंड का हो गया है । आज जहाँ इजहार और इकरार करने के तौर तरीके बदल गए हैं वहीँ इंटरनेट के इस दौर में प्यार भी बाजारू हो चला है । पहली बार शहरी चकाचौंध से इतर प्यार का यह उत्सव एक बड़ा बाजार को अपनी गिरफ्त में ले चुका है। हर जगह वैलेंटाइन की संस्कृति पसरती जा रही है । आज युवा भी इसकी गिरफ्त में पूरी तरह से नजर आते है तभी तो शहरों से लेकर कस्बों तक वैलेंटाइन का जलवा देखते ही बनता है। आलम यह है ये बड़ा उत्सव बन चुका है जो भारतीयों में तेजी से अपनी पकड़ बना रहा है। वैलेंटाइन के चकाचौंध पर अगर दृष्टि डालें तो इस सम्बन्ध में कई किस्से प्रचलित हैं। रोमन कैथोलिक चर्च की मानें तो यह वैलेंटाइन अथवा वलेंतिनस नाम के तीन लोगों को मान्यता देता है जिसमें से दो के सम्बन्ध वैलेंटाइन डे से जोड़े जाते है लेकिन बताया जाता है इन दो में से भी संत वैलेंटाइन खास चर्चा में रहे। कहा जाता है संत वैलेंटाइन प्राचीन रोम में एक धर्म गुरू थे। उन दिनों वहाँ पर क्लाउडियस दो का शासन था। उसका मानना था अविवाहित युवक बेहतर सैनिक हो सकते है क्योंकि युद्ध के मैदान में उन्हें अपनी पत्नी या बच्चों की चिंता नही सताती। अपनी इस मान्यता के कारण उसने तत्कालीन रोम में युवकों के विवाह पर प्रतिबंध लगा दिया। किन्दवंतियों की मानें तो संत वैलेंटाइन के क्लाउडियस के इस फैसले का विरोध करने का फैसला किया। बताया जाता है कि वैलेंटाइन ने इस दौरान कई युवक युवतियों का प्रेम विवाह करा दिया। यह बात जब राजा को पता चली तो उसने संत वैलेंटाइन को 14 फरवरी को फांसी की सजा दे दी। कहा जाता है संत के इस त्याग के कारण हर साल 14 फरवरी को उनकी याद में युवा वैलेंटाइन डे मनाते हैं। 1260 में संकलित की गई ऑरिया ऑफ जैकोबस डी वॉराजिन नामक पुस्तक में भी सेंट वैलेंटाइन का वर्णन मिलता है। इसके अनुसार रोम में तीसरी शताब्दी में सम्राट क्लॉडियस के अनुसार विवाह करने से पुरुषों की शक्ति और बुद्धि कम होती है। उसने फरमान जारी किया कि उसका कोई सैनिक या अधिकारी विवाह नहीं करेगा। संत वैलेंटाइन ने इस क्रूर आदेश का विरोध किया। उन्हीं के आह्वान पर अनेक सैनिकों और अधिकारियों ने विवाह किए।

कैथोलिक चर्च की एक अन्य मान्यता के अनुसार एक दूसरे संत वैलेंटाइन की मौत प्राचीन रोम में ईसाईयों पर हो रहे अत्याचारों से उन्हें बचाने के दरमियान हो गई। यहाँ इस पर नई मान्यता यह है ईसाईयों के प्रेम का प्रतीक माने जाने वाले इस संत की याद में ही वैलेंटाइन डे मनाया जाता है। एक अन्य किंदवंती के




अनुसार वैलेंटाइन नाम के एक शख्स ने अपनी मौत से पहले अपनी प्रेमिका को पहला वैलेंटाइन संदेश भेजा जो एक प्रेम पत्र था। उसकी प्रेमिका उसी जेल के जेलर की पुत्री थी जहाँ उसको बंद किया गया था। उस वेलेंन टाइन नाम के शख्स ने प्रेम पत्र लिखा फ्रॉम यूअर वैलेंटाइन। आज भी यह वैलेंटाइन पर लिखे जाने वाले हर पत्र के नीचे लिखा रहता है। क्लॉडियस ने 14 फरवरी को संत वैलेंटाइन को फांसी पर चढ़वा दिया। तब से उनकी स्मृति में प्रेम दिवस मनाया जाता है। कहा जाता है कि सेंट वैलेंटाइन ने अपनी मृत्यु के समय जेलर की नेत्रहीन बेटी जैकोबस को नेत्रदान किया व जेकोबस को एक पत्र लिखा, जिसमें अंत में उन्होंने लिखा था तुम्हारा वैलेंटाइन। 14 फरवरी के बहाने जिसे बाद में इस संत के नाम पूरे विश्व में निःस्वार्थ प्रेम से मनाया जाने लगा।

यही नहीं वैलेंटाइन के बारे में कुछ अन्य बातें भी हैं। इसके अनुसार तर्क यह दिए जाते है प्राचीन रोम के प्रसिद्ध पर्व ल्युपरकेलिया के ईसाईकरण की याद में मनाया जाता है। यह पर्व रोमन साम्राज्य के संस्थापक रोम्योलुयास और रीमस की याद में मनाया जाता है। इस आयोजन पर रोमन धर्मगुरु उस गुफा में एकत्रित होते थे जहाँ एक मादा भेड़िये ने रोम्योलुयास और रीमस को पाला था। इस भेड़िये को ल्युपा कहते थे और इसी के नाम पर उस त्यौहार का नाम ल्युपरकेलिया पड़ गया। इस अवसर पर वहां बड़ा आयोजन होता था। लोग अपने घरो की सफाई करते थे साथ ही अच्छी फसल की कामना के लिए बकरी की बलि देते थे। कहा जाता है प्राचीन समय में यह परम्परा खासी लोकप्रिय हो गई।

एक अन्य किंदवंती यह कहती है 14 फरवरी को फ्रांस में चिड़ियों के प्रजनन की शुरुआत मानी जाती थी जिस कारण खुशी में यह त्यौहार वहाँ पर प्रेम पर्व के रूप में मनाया जाने लगा। प्रेम के तार रोम से भी सीधे जुड़े नजर आते हैं। वहाँ पर क्यूपिड को प्रेम की देवी के रूप में पूजा जाने लगा जबकि यूनान में इसको इरोश के नाम से जाना जाता था। प्राचीन वैलेंटाइन संदेश के बारे में भी लोगो में एकरूपता नजर नही आती । कुछ ने माना है कि यह इंग्लैंड के राजा ड्यूक ने लिखा जो आज भी वहां के म्यूजियम में रखा हुआ है। आज युवाओं में वैलेंटाइन की खुमारी सर चढ़कर बोल रही है। इस दिन के लिए सभी पलके बिछाये बैठे रहते हैं। भईया प्रेम का इजहार जो करना है? वैलेंटाइन प्रेमी इसको प्यार का इजहार करने का दिन बताते है। यूँ तो प्यार करना कोई गुनाह नही है लेकिन जब प्यार किया ही है तो इजहार करने में देर नहीं होनी चाहिए लेकिन अभी का समय ऐसा है जहाँ युवक और युवतियां प्यार की सही परिभाषा नहीं जान पाये हैं । वह इस बात को नहीं समझ पा रहे हैं प्यार को आप एक दिन के लिए नहीं बाँध ब सकते । वह तो प्यार को हंसी मजाक का खेल समझ रहे हैं। आज के युवाओं का प्यार मैगी के नूडल जैसा बाजारू बन गया है जो दो मिनट चलता है। सच्चे प्रेमी के लिए तो पूरा साल प्रेम का प्रतीक बना रहता है लेकिन आज के बाजार ने प्यार की परिभाषा को सही रूप में बदलकर रख दिया है। हर चीज बाजार तय कर रहा है । इसका प्रभाव यह है 14 फरवरी को एक बड़े प्रेम पर्व का रूप दे दिया गया है जिसके चलते संसार भर के कपल प्यार का इजहार करने को उत्सुक रहते हैं। जहां चीन में यह दिन नाइट्स ऑफ सेवेन्स प्यार करने वालों के लिए खास होता है, वहीं जापान व कोरिया में इस पर्व को वाइट डे का नाम से जाना जाता है। इतना ही नहीं, इन देशों में इस दिन से पूरे एक महीने तक लोग अपने प्यार का इजहार करते हैं। आज 14 फरवरी का कितना महत्त्व बढ गया है इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है इस अवसर पर बाजारों में खासी रौनक छा जाती है।

# गजब का आत्मविश्वास था धर्मवीर बालक वीर हकीकत राय में

भगवान ब्रह्मा ने उनसे पृथ्वी के लोगों को संगीत के साथ आशीर्वाद देने का अनुरोध किया। तब से, देवदूत को देवी सरस्वती के रूप में जाना जाता है और भक्तों ने वसंत पंचमी का शुभ दिन मनाना शुरू कर दिया। यद्यपि बसंत-पंचमी को ऋतुराज और पतंगों के त्यौहार के तौर पर भी मनाया जाता है जबकि पंजाब में इस दिन बाल शहीद वीर हकीकत राय के धर्म रक्षा में दिए गए बलिदान को याद किया जाता है। हकीकत राय का ससुराल बटाला में थी। हकीकत की शहादत के बाद बटाला में उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी सती हो गई थी। इन दोनों वीर बाल दंपत्ति की याद में बटाला में प्रतिवर्ष बसंत पंचमी के दिन मेला भरता है।



डॉ उमेश प्रताप वत्स

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, माता सरस्वती जिन्हें विद्या, संगीत और कला की देवी कहा जाता है उनका अवतरण इसी दिन हुआ था और यही कारण है कि भक्त इस शुभ दिन पर ज्ञान प्राप्त करने के लिए उनकी पूजा करते हैं। भारत में अधिकतर क्षेत्र में इसे सरस्वती पूजा के नाम से भी जाना जाता है। अतः मां सरस्वती की पूजा के लिए देशभर में 14 फरवरी को बसंत पंचमी का त्योहार मनाया जाता है। पूरे भारत में बसंत पंचमी का पर्व बहुत हर्ष-उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिन मां सरस्वती की पूजा करने का विधान है। साहित्य, शिक्षा, कला इत्यादि के क्षेत्र से जुड़े लोग बसंत पंचमी के दिन विद्या की देवी सरस्वती की पूजा-आराधना करते हैं । लोग बसंत पंचमी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान कर पीले वस्त्र धारण करके। विधि- विधान से मां सरस्वती की पूजा करते हैं।

बसंत पंचमी से यह भी कहानी जुड़ी है कि इस दिन देवी पार्वती ने भगवान शिव की तपस्या को भंग करने के लिए कामदेव को भेजा था। इस प्रकार वसंत पंचमी का यह त्यौहार हिंदू त्रिमूर्ति में तीनों देवियों से जुड़ा हुआ है। दूसरे शब्दों में, यह एक ऐसा दिन है जो ज्ञान, समृद्धि और रचनात्मक ऊर्जा का जश्न मनाता है। गुजरात में उपहार के रूप में फूलों का आदान-प्रदान किया जाता है, जहां गुलदस्ते और मालाओं को आम के पत्तों से सजाया जाता है। इस दिन, लोग भारत के महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश राज्यों में शिव और पार्वती की पूजा करते हैं।

इस दिन को माघ पंचमी भी कहा जाता है। देवी सरस्वती का जन्म वसंत पंचमी को हुआ था, इसलिए उस दिन उनकी पूजा की जाती है और इस दिन को लक्ष्मी जी का जन्मदिन भी माना जाता है। इसलिए इस तिथि को श्री पंचमी भी कहा जाता है। इस दिन सुबह अभ्यंग स्नान किया जाता है और पूजा की जाती है। वसंत पंचमी पर वाणी की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की पूजा और प्रार्थना का बहुत महत्व है। भगवान ब्रह्मा ने उनसे पृथ्वी के लोगों को संगीत के साथ आशीर्वाद देने का अनुरोध किया। तब से, देवदूत को देवी सरस्वती के रूप में जाना जाता है और भक्तों ने वसंत पंचमी का शुभ दिन मनाना शुरू कर दिया। यद्यपि बसंत-पंचमी को ऋतुराज और पतंगों के त्यौहार के तौर पर भी मनाया जाता है जबकि पंजाब में इस दिन बाल शहीद वीर हकीकत राय के धर्म रक्षा में दिए गए बलिदान को याद किया जाता है। हकीकत राय का ससुराल बटाला में थी। हकीकत की शहादत के बाद बटाला में उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी सती हो गई थी। इन दोनों वीर बाल दंपत्ति की याद में बटाला में प्रतिवर्ष बसंत पंचमी के दिन मेला भरता है ।

उल्लेखनीय है कि वीर हकीकत राय का जन्म तत्कालीन पंजाब के सियालकोट 1724 को वागमल वंश में पिता बाग मल्ल पुरी व माता गौरां



के घर हुआ था। वीर हकीकत राय बहुत ही कुशाग्र बुद्धि के मालिक थे। इन्होंने मात्र पांच साल की आयु में इतिहास और संस्कृत विषय का अध्ययन कर लिया था। जन्म से ही वह एक अद्भुत बुद्धि के बालक थे। कहते हैं तब के माहौल के मुताबिक जब अन्य धर्मों के छात्र हिंदू देवी देवताओं के बारे में अपशब्द बोलते तो हकीकत राय इसका विरोध करते। उन्हें वाद-विवाद में पराजित कर देते। इस दौरान बाल्यावस्था में ही हकीकत राय की शादी लक्ष्मी से हो गई थी क्योंकि मुस्लिम आक्रांताओं के भय से माता-पिता अपनी लडक़ियों का बाल्यावस्था में ही विवाह करा देते थे । एक दिन मौलवी की अनुपस्थिति में मुस्लिम बच्चों ने हकीकत राय को बहस होने के बाद पहले खूब पीटा और फिर मौलवी से उसकी ही शिकायत कर दी। मौलवी के गुस्सा होने पर हकीकत राय को शहर के काजी के सामने ले जाया गया। बालक के परिजनों की तरफ से सारी हकीकत बताने के बाद भी जब हकीकत राय की कोई सुनवाई नहीं हुई तो शरियत के अनुसार बालक हकीकत राय को मृत्युदंड सुनाया गया। इस्लाम धर्म कुबूल कर उन्हें मुस्लमान बनने के लिए कहा गया लेकिन हकीकत राय ने अपना निश्चय न डोलने दिया और धर्म परिवर्तन नहीं किया। 1734 में वीर हकीकत राय को फांसी दे दी गई। बलिदान होने वाली वीरात्माएं जितनी संयमी और दृढ़ निश्चयी होती हैं, उतनी ही वे शुद्ध और पवित्र भी होती हैं। संयम और दृढ़ निश्चय के बिना आत्मिक शुद्धता और निर्मल पवित्रता नहीं आ सकती। सच्ची साधना भी तभी संभव है। इसलिए विवेकी और ज्ञानी पुरुष आत्मा की शुद्धता के लिए सदा आग्रह करते हैं। वही शुद्ध आत्मा वाला पुरुष जिसने कभी संयम किया हो, बलिदानी पथ पर हंसते-हंसते चल पड़ता है। देश, जाति और धर्म की पूर्ण सफलता तभी सिद्ध होगी, जब सहस्त्रों लक्ष्य संयमी आत्माएं स्वेच्छा से बलिदान के लिए तैयार हों। शहादत का प्याला पीना सभी के भाग्य में नहीं होता, जो संयमी और दृढ़ विचार वाले होते हैं यह सौभाग्य उन्हीं को प्राप्त होता हैं। यूँ तो सभी लोग इस नश्वर जगत में पैदा होते हैं, जीते हैं, और अन्त में मर जाते हैं, पर उन्हीं का जीना और मरना सार्थक हो जाता है, जो देश, जाति और धर्म के लिए जीते और मरते हैं। निसंदेह ऐसे ही मनुष्य सच्चे वीर हैं और वे ही अमृत पीकर इस संसार में आते हैं, क्योंकि उनका अन्त हो जाने पर भी उनकी अमर कीर्ति, उनकी शहादत, समाज कभी नहीं भुला पाता। वे अपना खून देकर अमरत्व वृक्ष की जड़ ऐसी सींच जाते हैं कि उसका कभी विनाश नहीं होता। वे स्वयं मिटकर अपने नाम को बलिदानी पथ पर स्वर्ण अक्षरों में अमर कर जाते हैं। ऐसे ही वीरात्मा शहीदों में बालक हकीकत राय का नाम आज भी गौरव के साथ लिया जाता है जो इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है। इस वीर बालक ने अपनी जान धर्म के लिए कुर्बान कर दी, पर धर्म हाथ से न जाने दिया। इस वीर बालक ने बाल्यकाल से ही धार्मिक शिक्षा खूब पायी थी। प्रत्येक राज्य में तत्कालीन सत्ता अपने धार्मिक सिद्धान्तों को ही सर्वोत्तम समझती है। उस समय इस अभागे देश भारत में गोभक्षी, अत्याचारी मुगलों का शासन था, जो अपने इस्लाम मत को ही सबसे अच्छा कहकर सारी जनता पर थोपने का प्रयास करते थे। निरीह शान्तिप्रिय हिन्दू लोग जबर्दस्ती तलवार के बल से मुसलमान बनाये जाते थे और जो मुसलमान नहीं बनते थे, वे बड़ी ही निर्दयता के साथ मार डाले जाते थे। मुसलमान बनने वालों के लिए बड़े-बड़े प्रलोभन थे कि मरने के बाद बिहिश्त में 72 हूरें मिलेगी और आनन्दभोग के लिए गुलाम सेवक के रूप में मिलेंगे। इसके अतिरिक्त यह भी कि मुसलमान होने पर राजदरबार में नौकरियां मिलेंगी। इन प्रलोभनों में भी जो हिन्दू नहीं फंसते, वे फिर मार डाले जाते थे। वीर बालक हकीकत राय के सामने भी यही समस्या उपस्थित थी। एक दिन मौलवी जी की उपस्थिति में सभी बालक खेल रहे थे। हकीकत ने बार-बार कहने पर भी खेलने से मना कर दिया। कहा-सुनी होने पर मुसलमान बालकों से कुछ ऐसा ही मजहबी विवाद छिड़ गया।

# मप्र के किसान परिवार में शरद का हुआ जन्म

## नीतीश से रिश्ते इतने बिगड़े कि छोड़ना पड़ा 22 साल पुराना बंगला, जानें शरद यादव से जुड़ी 10 बातें

**शरद का राजनीतिक करियर तो छात्र राजनीति से ही शुरू हो गया था, लेकिन सक्रिय राजनीति में उन्होंने साल 1974 में पहली बार जबलपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा। यह सीट हिंदी सेवी सेठ गोविंददास के निधन से खाली हुई थी।(ये समय जेपी आंदोलन का था। जेपी ने उन्हें हल्दर किसान के रूप में जबलपुर से अपना पहला उम्मीदवार बनाया था। शरद इस सीट को जीतने में कामयाब रहे और पहली बार संसद भवन पहुंचे। इसके बाद साल 1977 में भी वे इसी सीट से सांसद चुने गए। उन्हें युवा जनता दल का अध्यक्ष भी बनाया गया। इसके बाद वे साल 1986 में राज्यसभा के लिए चुने गए। वे देश के संभवत- पहले ऐसे नेता हैं, जो तीन राज्यों से लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं। बिहार के मधेपुरा से 4 बार, मध्यप्रदेश के जबलपुर से 2 बार और उत्तर प्रदेश के बदायूं से 1 बार सांसद चुने गए।**

### शरद यादव का सियासी सफरनामा

1974- पांचवीं लोकसभा उप-चुनाव में सर्वदलीय समर्थन से चुने गए, इमरजेंसी लागू होने पर इस्तीफा दे दिया 1977- छठी लोकसभा (द्वितीय कार्यकाल) में जनता पार्टी से निर्वाचित हुए 1978- महासचिव - लोक दल, अध्यक्ष-युवा लोक दल चुने गए 1986- राज्यसभा के लिए चुने गए 1989- नौवीं लोकसभा (तीसरी अवधि) में चुने गए गए 1989-97 महासचिव-जनता दल, जनता दल संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष बने 1989-90 केंद्रीय कैबिनेट मंत्री- कपड़ा और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग 1991- 10 वीं लोकसभा (चौथी अवधि) के लिए फिर निर्वाचित; लोक लेखा समिति के सदस्य रहे 1993- नेता, जनता दल संसदीय पार्टी बने 1995- कार्यकारी अध्यक्ष, जनता दल बने 1996-11 वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित; वित्त समिति के अध्यक्ष बने 1997- जनता दल के अध्यक्ष बने 1999- 13 वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित- लालू प्रसाद को हराया 13 अक्टूबर 1999-31 अगस्त, 2001, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री (नागरिकउ ड्डयन) बने 1 सितम्बर 2001-30 जून, 2002 केंद्रीय कैबिनेट श्रम मंत्री रहे 1 जुलाई 2002-15 मई, 2004 केंद्रीय कैबिनेट मंत्री (उपभोक्ता मामले मंत्री, खाद्य और सार्वजनिक वितरण) 2004- राज्यसभा के लिए फिर निर्वाचित (द्वितीय कार्यकाल) - व्यापार सलाहकार समिति, जल संसाधन समिति, सामान्य प्रयोजन समिति, सलाहकार समिति, गृह मंत्रालय के सदस्य रहे 2009-15 वीं लोकसभा (सातवीं बार) के लिए निर्वाचित 31 अगस्त 2009- शहरी विकास समिति के अध्यक्ष रहे 2014- राज्य सभा के लिए फिर निर्वाचित (तीसरी अवधि) 2018- लोकतांत्रिक जनता दल का गठन, राष्ट्रीय अध्यक्ष 2019 - राष्ट्रीय जनता दल में शामिल हुए और मधेपुरा से लोकसभा का चुनाव में प्रत्याशी बने 2022- लोकतांत्रिक जनता दल का विधिवत विलय राजद में हुआ





शरद यादव की प्रारंभिक शिक्षा होशंगाबाद से ही हुई। इसके बाद उन्होंने इटारसी के हायर सेकेंडरी स्कूल से 12वीं तक की पढ़ाई पूरी की। साल 1964 में जबलपुर के साइंस कॉलेज से बीएससी और साल 1970 में कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग जबलपुर से इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। इंजीनियरिंग की पढ़ाई में उन्हें गोल्ड मेडल भी मिला था।

### छात्र राजनीति से बनाई पहचान

साल 1971 में इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान शरद राजनीति से जुड़ गए थे। इस दौरान उन्होंने जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज से छात्रसंघ अध्यक्ष का चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। जब शरद यादव छात्र राजनीति में मशगूल थे तब देश में लोकनायक जय प्रकाश नारायण के लोकतंत्र वाद और डॉ. राम मनोहर लोहिया के समाजवाद की क्रांति की लहरें परवान चढ़ रहीं थीं। शरद यादव भी इनसे खासे प्रभावित हुए। डॉ. लोहिया के समाजवादी विचारों से प्रेरित होकर शरद ने अपने मुख्य राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। युवा नेता के तौर पर सक्रियता से कई आंदोलनों में भाग लिया और आपातकाल के दौरान मीसा बंदी बनकर जेल भी गए।

### 1974 में पहली बार सासंद चुने गए

शरद यादव पहली बार साल 1974 में मध्य प्रदेश की जबलपुर लोकसभा सीट से सांसद चुने गए। तब वह महज 27 साल के थे। शरद ने उस दौरान कांग्रेस के दिग्गज नेता गोविंद दास को चुनाव हराया था। 1984 में वह अमेठी लोकसभा सीट से तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के खिलाफ चुनाव लड़े।

### सात बार लोकसभा, तीन बार राज्यसभा सांसद रहे

शरद यादव का राजनीतिक सफर काफी लंबा रहा है। वह कुल सात बार लोकसभा सांसद रहे जबकि तीन बार राज्यसभा सदस्य चुने गए। शरद यादव 1974 में पहली बार सांसद चुने गए थे। इसके बाद 1977 में दोबारा सांसद चुने गए। 1986 में वो राज्यसभा के सदस्य चुने गए। 1989 में भी शरद ने यूपी के बदायूं लोकसभा सीट से चुनाव जीता। तब उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह मिली। सबसे पहले शरद यादव को केंद्रीय कपड़ा और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री बनाया गया था।

### फिर बिहार में चमक गए शरद

मध्य प्रदेश से होते हुए यूपी में अपनी छाप छोड़ने के बाद शरद यादव बिहार पहुंचे। 1991 से 2014 तक शरद यादव बिहार की सियासत में खूब चमके। बिहार की मधेपुरा सीट से सांसद चुने गए। साल 1995 में उन्हें जनता दल का कार्यकारी अध्यक्ष भी चुना गया। इसके बाद साल 1999 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने लालू यादव को हराया।

### 1998 में जनता दल (यूनाइटेड) बनाई

साल 1997 में उन्हें जनता दल का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। इसके बाद जॉर्ज फर्नांडीस के साथ मिलकर उन्होंने जनता दल (यूनाइटेड) नाम से नई राजनीतिक पार्टी का गठन किया। जॉर्ज फर्नांडीस और शरद यादव के साथ नीतीश कुमार भी थे।

### कई बार केंद्र सरकार में मंत्री रहे

शरद यादव को 1999 में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री बनाया गया। इसके बाद वह एक सितंबर 2001 से 30 जून 2002 तक अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में केंद्रीय श्रम मंत्री रहे। एक जुलाई 2002 से 15 मई 2004 तक केंद्रीय उपभोक्ता मामले मंत्री, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री रहे। साल 2012 में संसद में उनके बेहतरीन योगदान के लिए उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार 2012 मिला। साल 2014 में मोदी लहर में शरद यादव भी चुनाव हार गए। शरद यादव को साल 2000 में जब अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में नागरिक उड्डयन मंत्री बनाया गया था। तब उन्हें दिल्ली के लुटियंस जोन में बंगला मिला था। 07 तुगलक रोड बंगले में वह रहते थे। 2015 में जब जेडीयू ने भाजपा का साथ छोड़कर महागठबंधन का दामन थाम लिया था तो इसके सूत्रधार शरद यादव ही बताए गए थे। हालांकि बाद में नीतीश कुमार ने फिर से भाजपा के साथ गठबंधन कर लिया था। इसके बाद से नीतीश कुमार और शरद यादव के रिश्ते खराब हो गए थे। तब शरद यादव ने नई पार्टी का गठन भी कर लिया था। उस वक्त शरद जेडीयू से राज्यसभा सांसद थे। नई पार्टी बनाने के बाद नीतीश कुमार की पार्टी ने शरद यादव को अयोग्य घोषित करने की मांग की। जदयू की मांग के चलते ही शरद यादव राज्यसभा से अयोग्य तक करार दे दिए गए। उन्हें अपना 22 साल पुराना बंगला भी खाली करना पड़ा।८



### लालू को भी चुनाव हरा चुके थे शरद यादव, पहली बार जेल में रहकर चुनाव जीता

वरिष्ठ समाजवादी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव नहीं रहे। गुरुवार की देर शाम गुरुग्राम के एक अस्पताल में उन्होंने आखिरी सांस ली। शरद याद का जन्म भले मध्य प्रदेश में हुआ हो, लेकिन बिहार उनकी कर्मभूमि रही। उन्होंने बिहार की सियासत में अपना एक अलग कद और स्थान बनाया। यही कारण है कि उन्हें बिहार की राजनीति का भीष्म पितामह भी कहा जाता है। ये शरद यादव की स्वीकार्यता ही थी कि मध्य प्रदेश के होने के बावजूद भी उन्होंने बिहार में जब लालू यादव की लोकप्रियता शिखर पर थी, तब उन्हें सियासी पटखनी दी थी। वो साल 1999 का था। जनता दल में दो फाड़ हो चुका था। एक गुट की अगुआई एचडी देवेगौड़ा (जनता दल सेक्युलर) कर रहे थे और दूसरे गुट जनता दल (यूनाइटेड) की कमान शरद यादव ने संभाली। उनके नेतृत्व में लोकसभा का पहला चुनाव था।

उन्होंने बिहार के मधेपुरा से लोकसभा चुनाव लड़ने का निर्णय लिया। उनके सामने कभी उनके अजीज साथी रहे और बिहार की राजनीति में अपनी लोकप्रियता हासिल कर चुके लालू प्रसाद यादव थे। शरद यादव ने अपने राजनीतिक कौशल से चुनाव लड़ा। नतीजों ने सबको चौंका दिया। एमपी के लड़के ने बिहार के बेटे को चुनावी मैदान में पटखनी दे दी थी। इसके बाद शरद यादव का कद बिहार में बढ़ता चला गया। मधेपुरा से शरद यादव चार बार सांसद चुने गए। लालू यादव को सीएम बनवाने में शरद यादव की अहम भूमिका रही थी। जिस मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र से शरद यादव ने लालू यादव जैसे दिग्गज को हराया उसी सीट से इन्हें पप्पू यादव जैसे युवा और नवसिखिए नेता से हार का भी मुंह देखना पड़ा। साल 2014 में जब देश में नरेंद्र मोद की लहर थी तो जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में शरद यादव मधेपुरा से मैदान में थे। उनके सामने राजद से युवा चेहरा पप्पू यादव थे। इस चुनाव में पप्पू यादव ने उन्हें पटखनी दे दी। मधेपुरा से अपना आखिरी लोकसभा चुनाव शरद यादव ने राजद के टिकट से लड़ा। इस आखिरी लोकसभा चुनाव में उन्हें जदयू के ही नेता दिनेश चंद्र यादव से हार का मुंह देखना पड़ा।

### लालू के साथ नीतीश को भी सीएम बनाने में अहम भूमिका निभाई

शरद यादव न केवल बिहार के होकर रह गए थे। बल्कि बिहार में सियासत की नई पौध तैयार करने में भी उनकी बड़ी भूमिका रही। वे जहां भी रहे सत्ता के केंद्र में रहे। उनके साथ सियासत करने वाले शिवानंद तिवारी कहते हैं कि लालू प्रसाद यादव को सीएम बनाने में शरद यादव की सबसे बड़ी भूमिका रही। बात 1990 की है। केंद्र में वीपी सिंह की सरकार गिर चुकी थी। बिहार में नई सरकार का गठन होना था। रामसुंदर दास रेस में सबसे आगे चल रहे थे। रघुनाथ झा भी मैदान में थे। ऐसे में केंद्रीय टीम में शामिल शरद यादव ने लालू यादव के नाम पर सहमति जुटाई और लालू यादव को मुख्यमंत्री बनाया गया। इसी तरह 2005 के विधानसभा चुनाव में एनडीए के संयोजक रूप में गठबंधन से लेकर सीट बंटवारे तक और चुनावी कूटनीति से एनडीए को जीत दिलाने में शरद यादव की अग्रणी भूमिका रही। इसी जीत के बाद नीतीश कुमार के सिर सीएम का ताज सजा।

**1989 में पहली बार केंद्रीय मंत्री बनाए गए**

बाद इनका कद बढ़ते चला गया, लेकिन 2015 आते-आते नीतीश कुमार और शरद यादव में दूरियां बढ़ने लगीं। हालात ऐसे बन गए कि शरद यादव का नीतीश और उस जदयू का दामन छूट गया, जिसे उन्होंने खड़ा किया था। 2018 में उन्होंने अपनी पार्टी लोकतांत्रिक जनता दल का गठन किया, लेकिन सफल नहीं रहे। 2019 में वे लौटकर राजद में आए। मधेपुरा से चुनाव लड़ा, लेकिन हार गए। इसके बाद से वे लगातार बीमार रहने लगे थे।

### बिहार में पावर सेंटर बने तो अपनी पार्टी से बेदखल भी हुए

जनता दल में अहम भूमिका निभा रहे शरद यादव तब यूपी में पार्टी के लिए काम कर रहे थे। 1991 में उन्हें पार्टी की तरफ से बिहार भेजा गया। उन्होंने यहां के मधेपुरा से चुनाव लड़ा। इसके बाद वे कभी बिहार से वापस नहीं गए। पूरी तरह बिहार की सियासत में रम गए। 2003 में जॉर्ज फर्नांडिस की अगुआई वाली समता पार्टी का शरद यादव की अगुआई वाले जदयू में विलय हुआ। पार्टी में सबसे कद्दावर नेता के रूप में चुने गए। 2005 में इनकी पार्टी सत्ता में आई। इसके बाद इनका कद बढ़ते चला गया, लेकिन 2015 आते-आते नीतीश कुमार और शरद यादव में दूरियां बढ़ने लगीं। हालात ऐसे बन गए कि शरद यादव का नीतीश और उस जदयू का दामन छूट गया, जिसे उन्होंने खड़ा किया था। 2018 में उन्होंने अपनी पार्टी लोकतांत्रिक जनता दल का गठन किया, लेकिन सफल नहीं रहे। 2019 में वे लौटकर राजद में आए। मधेपुरा से चुनाव लड़ा, लेकिन हार गए। इसके बाद से वे लगातार बीमार रहने लगे थे। नीतीश कुमार को सत्ता के शिखर तक पहुंचाने में भी शरद यादव की अहम भूमिका रही।

### आखिरी बार पिछले साल सितंबर में आए थे बिहार

शरद यादव आखिरी बार 21 सितंबर 2022 को बिहार लौटे थे। तब वे लगभग 3 साल बाद पटना आए थे। यहां उन्होंने बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव व अन्य नेताओं से मुलाकात की थी। तब उन्होंने कहा था कि कार्यकर्ताओं का आग्रह और प्रेम उन्हें बिहार खींच लाया। इस दौरान उनके बेटे शांतनु यादव भी उनके साथ थे। हालांकि वे किसी पार्टी के दफ्तर नहीं गए थे। एक होटल में ही रुके और यहीं से लौट गए। शरद यादव 25 साल की उम्र में पहली बार चुनाव लड़े थे और अपने पहले ही चुनाव में उन्होंने जीत हासिल की थी। साल 1974 का था। सरकार की तरफ से मप्र के सरदार सरोवर डैम की ऊंचाई बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। शरद यादव इसका विरोध कर रहे थे। इसके कारण उन्हें जेल भेज दिया गया। जेल में उनकी मुलाकात जेपी के अजीज मित्र धर्माधिकारी से हुई। उसी दौरान मध्य प्रदेश कांग्रेस के कद्दावर नेता और जबलपुर सांसद सेठ गोविंद दास के निधन के बाद उपचुनाव होने थे। धर्माधिकारी की सलाह पर जेपी ने शरद यादव को जबलपुर सीट से उम्मीदवार बनाया। कांग्रेस की गढ़ वाली इस सीट से एक लाख से ज्यादा मतों से चुनाव जीत कर शरद यादव संसद पहुंच गए। इसके बाद इन्होंने सियासत की दुनिया में कभी भी पीछे मुड़ कर नहीं देखा। शरद यादव एमपी, यूपी और बिहार से लगभग 7 बार लोकसभा और 4 बार राज्यसभा सदस्य चुने गए। उन्होंने यहां के मधेपुरा से चुनाव लड़ा। इसके बाद वे कभी बिहार से वापस नहीं गए। पूरी तरह बिहार की सियासत में रम गए। 2003 में जॉर्ज फर्नांडिस की अगुआई वाली समता पार्टी का शरद यादव की अगुआई वाले जदयू में विलय हुआ। पार्टी में सबसे कद्दावर नेता के रूप में चुने गए। 2005 में इनकी पार्टी सत्ता में आई। इसके





### जानिए शरद यादव का राजनीतिक करियर

शरद का राजनीतिक करियर तो छात्र राजनीति से ही शुरू हो गया था, लेकिन सक्रिय राजनीति में उन्होंने साल 1974 में पहली बार जबलपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा। यह सीट हिंदी सेवी सेठ गोविंददास के निधन से खाली हुई थी।(ये समय जेपी आंदोलन का था। जेपी ने उन्हें हल्दर किसान के रूप में जबलपुर से अपना पहला उम्मीदवार बनाया था। शरद इस सीट को जीतने में कामयाब रहे और पहली बार संसद भवन पहुंचे। इसके बाद साल 1977 में भी वे इसी सीट से सांसद चुने गए। उन्हें युवा जनता दल का अध्यक्ष भी बनाया गया। इसके बाद वे साल 1986 में राज्यसभा के लिए चुने गए। वे देश के संभवत- पहले ऐसे नेता हैं, जो तीन राज्यों से लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं। बिहार के मधेपुरा से 4 बार, मध्यप्रदेश के जबलपुर से 2 बार और उत्तर प्रदेश के बदायूं से 1 बार सांसद चुने गए। राज्यसभा जाने के तीन साल बाद 1989 में उन्होंने उत्तरप्रदेश की बदायूं लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा और जीता भी। यादव 1989-90 तक केंद्रीय मंत्री रहे। उन्हें टेक्सटाइल और फूड प्रोसेसिंग मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया था। क्क के बाद उनकी एंट्री बिहार में होती है। 1991 में वे बिहार के मधेपुरा लोकसभा सीट से सांसद बनते हैं। इसके बाद उन्हें 1995 में जनता दल का कार्यकारी अध्यक्ष चुना जाता है। साल 1996 में वे 5वीं बार सांसद बनते हैं। 1997 में उन्हें जनता दल का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाता है। इसके बाद 1999 में उन्हें नागरिक उड्डयन मंत्रालय का कार्यभार सौंपा गया और 1 जुलाई 2001 को वह केंद्रीय श्रम मंत्री चुने गए। 2004 में वे दूसरी बार राज्यसभा सांसद बने। 2009 में वे 7वीं बार सांसद बने, लेकिन 2014 के लोकसभा चुनाव में उन्हें मधेपुरा सीट से हार का सामना करना पड़ा। शरद यादव लगभग तीन दशक तक बिहार की राजनीति के धुरी थे। 1990 से लेकर अंतिम दम तक उनकी राजनीति का केंद्र बिहार रहा। लालू यादव को ष्टरू बनाने से लेकर 18 वर्षों तक उनके विरोध में राजनीति करने और मार्च 2022 को अपनी पार्टी का राजद में विलय करने तक उनकी हर राजनीतिक पहलकदमी में कहीं न कहीं बिहार रहा। लालू यादव का सफल किडनी ट्रांसप्लांट हुआ, तब उन्होंने सोशल मीडिया पर खुशी भरी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। शरद यादव आखिरी बार 21 सितंबर 2022 को बिहार लौटे थे। तब वे लगभग 3 साल बाद पटना आए थे। यहां उन्होंने बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव व अन्य नेताओं से मुलाकात की थी। तब उन्होंने कहा था कि कार्यकर्ताओं का आग्रह और प्रेम उन्हें बिहार खींच लाया। इस दौरान उनके बेटे शांतनु यादव भी उनके साथ थे।

# घर की लक्ष्मी हैं बेटियां की विजेता छात्राएं पुरस्कृत

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** बेटियां बहुत भाग्यशाली होती हैं। बेटियों का घर, समाज, राज्य और देश में बड़ा योगदान है। लेकिन जब तक उनको घर में नहीं पहचाना जाएगा, तब तक समाज स्वीकार नहीं करेगा। इसी संदेश को लेकर घर की लक्ष्मी हैं बेटियां कार्यक्रम आयोजित हुआ।

यह बात नायब तहसीलदार शिखर मिश्रा ने मंगलवार को तहसील सभागार में घर की लक्ष्मी हैं बेटियां की विजेता छात्राओं को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर व मेडल पहनाकर पुरस्कृत करते हुए कही।

इटावा महोत्सव पंडाल में 17 दिसंबर को आयोजित हुए इस कार्यक्रम की संयोजक डॉ.ज्योति वर्मा ने परिणामों की घोषणा की। प्राथमिक वर्ग विविध वेश- भूषा प्रदर्शन में पुलिस मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल की जास्वी पटेल प्रथम, कंपोजिट विद्यालय नगला गौर की अवनी द्वितीय, प्राथमिक विद्यालय मड़ैया पुल की सोनम व केंद्रीय विद्यालय की अंशिका पटेल ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन सहित पोस्टर बनाओ कनिष्ठ वर्ग में सेंट मैरी इंटर कॉलेज की अरविका शाक्य प्रथम, संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल की रिद्धिमा सिंह द्वितीय, सेंटमैरी इण्टर कॉलेज की परिधि बिस्वास व पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल की अपूर्वा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

स्लोगन सहित पोस्टर बनाओ मध्यम वर्ग में संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल की निधि यादव ने प्रथम, सेंट मैरी इंटर कालेज की लवी सिंह ने द्वितीय, पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल की श्रेयांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अल्पना बनाओ में सुभाष इंटर कॉलेज विक्रमपुर की मानसी ने प्रथम, पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल की तेजस्वी शर्मा ने द्वितीय, पुलिस मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल की अनुष्का व सैनिक हायर सेकेंडरी स्कूल करीं पुलिया की आंचल ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

नृत्य नाटिका कनिष्ठ वर्ग सेविन हिल्स इंटर कॉलेज प्रथम, नारायण कॉलेज ऑफ़ साइंस एंड आर्ट्स द्वितीय, प्राथमिक विद्यालय पुरबिया टोला तृतीय स्थान पर रहे। मध्यम वर्ग नृत्य नाटिका समूह में नारायण कॉलेज ऑफ़ साइंस एंड आर्ट्स प्रथम, सेविन हिल्स इंटर कालेज द्वितीय व सुभाष इंटर कॉलेज विक्रमपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी लगाओ में श्री शीतल प्रसाद शोरावाल बालिका इंटर कॉलेज की साक्षी प्रथम, ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज की मीनू द्वितीय तथा पान कुंवर इंटर कॉलेज की निशि तृतीय स्थान पर रहीं। इस दौरान प्रदर्शनी कार्यकारिणी समिति के सदस्य बृजेश चंद्र दीक्षित उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मनोरमा वर्मा, आंचल, उज्जवल पटेल, मुनिराज ने सहयोग प्रदान किया। संचालन जागृति वर्मा ने किया। अतिथियों का आभार डॉ. ज्योति वर्मा ने व्यक्त किया। जबकि गुरुकुल एकेडमी, ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज, जनसहयोगी बालिका इंटर कॉलेज, आदर्श प्राथमिक विद्यालय, कंपोजिट विद्यालय नगला गौर, थियोसोफिकल इंटर कॉलेज, जीसी जीनियस पब्लिक स्कूल, सुभाष इंटर कॉलेज विक्रमपुर, सैनिक हायर सेकेंडरी स्कूल करीं पुलिया, शीतल प्रसाद शोरावाल बालिका इंटर कॉलेज, सनातन धर्म इंटर कॉलेज भी पुरस्कृत हुए।

# बच्चों में प्रतिभा अनुशासन एवं समर्पित शिक्षकों के कारण निखरती है: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** विकास खण्ड बावन के पीएम प्राथमिक विद्यालय मोजाहिदपुर में आयोजित वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मंगला प्रसाद ने माडल कक्ष का फीता काटकर लोकापर्ण किया तथा बच्चों द्वारा बनाये वैज्ञानिक माडल देखें तथा बच्चों द्वारा प्रदेश एवं भारत की विस्तार से जानकारी एवं अच्छी कविता सुनाने पर बच्चों की प्रशंसा की। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किये जिसकी सभी ने सराहना की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों में प्रतिभा अनुशासन एवं समर्पित शिक्षकों के कारण निखरती है और बच्चों को पीएम श्री के अंतर्गत शिक्षकों द्वारा शिक्षा को तकनीक से जोड़ा गया है तथा जनपद में बेसिक शिक्षा की स्थिति में उत्तरोत्तर सुधार हुआ। उन्होंने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए अभिभावकों को लगातार बच्चों को प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि होनहार बच्चे जनपद के साथ ही देश का नाम रोशन करेंगें। स्कूल में सभी प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं। कार्यक्रम के अंत मे जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में अच्छा प्रदर्शन करने वाले होनहार बच्चों को सम्मानित किया। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से भेंट की गई राममंदिर की प्रतिकृति उन्होंने होनहार बच्ची दीपाली को भेंट कर दी। उन्होंने बच्ची द्वारा बनाये गए राममंदिर के चित्र की सराहना की। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका स्नेह सिंह व अन्य शिक्षकों को जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर डायट प्राचार्य योगेंद्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह, बीडीओ बावन राम प्रकाश व बड़ी संख्या में ग्रामीण व बच्चे आदि उपस्थित रहे।

# बी एस ए कॉलेज में मनाया गया श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** बी एस ए कॉलेज हुआ %राममय%, मनाया गया श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के बाद बी एस ए कॉलेज में भी राममय वातावरण देखने को मिला। दरअसल, भारत अंतरिक्ष सप्ताह की ओर से श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव आयोजित करने को लेकर योजना बनाई गई थी। जिसके तहत वेशभूषा कार्यक्रम आयोजित कर श्री राम प्राण प्रतिष्ठा पूजन, मां सीता की ओर से वाटिका का वृक्षारोपण, भगवान हनुमान के किरदार में संजीवनी पर्वत लाने और भगवान श्री राम के किरदार में श्रेष्ठ गुणों का सम्मान करने जैसे विषयों का सजीव चित्रण किया गया। उत्सव का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र पर मल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। महाविद्यालय में श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव आयोजित करते हुए वेशभूषा और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने श्रीराम भक्त के रूप में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा का पूजन किया। बीएएससी फर्स्ट ईयर की छात्रा ने माता सीता के रूप में वाटिका में पौधरोपण किया. इस दौरान छात्रों ने ड्राइंग और पेंटिंग करते हुए रचनात्मक पोस्टर भी बनाए। श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव के तहत ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित कर श्री राम प्राण प्रतिष्ठा पूजन, मां सीता की ओर से पौधे सींचते हुए, श्री राम धनुष तोड़ते हुए, श्री राम लक्ष्मण माता सीता के वन भ्रमण और हनुमान जी के साथ वानर सेना की ओर से रामसेतु पुल बनाने की ड्राइंग तैयार कर इसे इंडिया स्पेस वीक की ऑफिशल वेबसाइट पर अपलोड भी किया गया। 28 मार्च को मुख्यालय पर गठित समितु द्वारा छात्र/छात्राओं का चलचित्र (वीडियो) का परिशीलन किया जाएगा। उसके उपरांत समिति प्रदेश के सभी महाविद्यालय के वेशभूषा कार्यक्रम में से प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं का चयन करेगी। प्रथम पुरुस्कार धनराशि 10000/- रुपए द्वितीय पुरस्कार धनराशि 5000/- रुपए एवं तृतीय पुरस्कार धनराशि 2500/- रुपए देव होगी। दिनाक 10 अप्रैल 2024 को छात्र/छात्राओं को उक्त धनराशि नगद प्रेषित की जाएंगी। यह धनराशि भारत अंतरिक्ष सप्ताह कोष से व्यय की जाएगी। उत्सव में कॉलेज के प्रोफेसर डॉ एस एस सिंह , डॉ मुकेश शर्मा, डॉ रवीश शर्मा, डॉ संजय चौहान, डॉ शेफाली भार्गव, डॉ बी के गोस्वामी, डॉ यू के त्रिपाठी, डॉ रश्मि अग्रवाल,डॉ आनंद त्रिपाठी,डॉ रुचि अग्रवाल, डॉ सुनीता शर्मा, डॉ पंकज पाठक,डॉ भावना सिंह, अमित शर्मा, गीतम,गोविंद, आदि उपस्थित रहे।

# कंपोजिट विद्यालय में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

■ अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय अवश्य भेजे: विनय मणि त्रिपाठी

वहाज अली निहाल



**इटावा।** कंपोजिट विद्यालय रामनगर नगर क्षेत्र इटावा में वार्षिक उत्सव एवं शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनय मणि त्रिपाठी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका इटावा ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय अवश्य भेजें जिससे बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता में और अधिक सुधार हो सके। विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य विद्यालय को अधिक से अधिक सहयोग प्रदान करें। विद्यालय निपुण होने के उपलक्ष में विद्यालय परिवार को भी उन्होंने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आर पी रविंद्र पालीवाल ने शासन की विभिन्न योजनाओं जिसमें छोटे बच्चों के लिए कार्यक्रम डोर टू डोर सर्वे के द्वारा शत प्रतिशत नामांकन दिव्यांग बच्चों के लिए समर्थ डीबीटी एवं शारदा योजना के बारे में विस्तार से अभिभावकों से चर्चा की। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रतिभा तिवारी ने बालिका शिक्षा पर चर्चा करते हुए अभिभावकों से कहा कि माताएं अपनी बच्चियों की किसी भी दशा में पढ़ाई न रोके, कन्या सुमंगला योजना की चर्चा करते हुए उन्होंने अभिभावकों को विस्तार से बताया। वर्तमान सभासद जो इसी विद्यालय के पूर्व छात्र भी हैं उनको विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। सभासद राहुल कुमार एवं एसएमसी उपाध्यक्ष आरती देवी ने भी अभिभावकों से सहयोग करने हेतु अपील की। कार्यक्रम संचालन मालिनी पोरवाल एवं बलराम सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुमन कुमारी कामिनी चौधरी साधना आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं बबली देवी सरोज देवी गुड़िया सुनीता मिथिलेश कुमारी दीपक कुमार तथा अभिभावक, बच्चे तथा पूर्व छात्र उपस्थित रहे।

# यमुना में नहीं जायेगा गंदा पानी

■ यमुना एक्शन प्लान की बैठक में जिलाधिकारी ने दिखाई सख्ती

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में यमुना एक्शन प्लान के तहत सीवरेज सिस्टम और बारिश के पानी वाले नाले को यमुना जी में गिरने से रोके जाने के संबंध में बैठक हुई संपन्न। किसी भी दशा में यमुना में गंदा जल न जाएं। बारिश के पानी के लिए बने नालों का उनकी क्षमता के मुताबिक पूरा इस्तेमाल किया जाएगा। सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग से ऐसे नालों की एजेंसी के आधार पर सूची सौंपने को कहा गया जो सीवर लाइनों से जुड़े हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन विभागों के पास ये दोषपूर्ण कनेक्शन वाले नाले हैं वे इसे अलग करने की समय सीमा के साथ अगली बैठक में शामिल करे। नए एक्शन प्लान के तहत एक मीटर से कम व्यास वाली सीवर लाइन में जमा गंदगी को सफाई कराई जाए। सीवर लाइन से गाद हटाने का काम पहले ही पूरा कर लिया गया है। नये एक्शन प्लान के साथ ही यमुना पर बने पुलों से कचरा फेंकने की रोकथाम की जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यमुना से जुड़े सभी नालों की टैपिंग की जाए और विभिन्न कंपनियों से आ रहा प्रदूषण पानी को रोका जाए और अधिकारी कंपनियों के एसटीपी प्लांटों का निरीक्षण करें। आवश्यकतानुसार कार्यवाही अमल में लाए। किसी भी दशा में यमुना में गंदा पानी न बहे। यमुना को स्वच्छ बनाने में अपना अपना योगदान दें।

# छात्र-छात्राओं से कहा जीवन में बड़ा लक्ष्य बनाए: अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही अभिनीत

**हरदोई।** यदुराई पब्लिक इंटर कॉलेज दिवारी हरदोई में आयोजित वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह में शामिल हुए विशिष्ट अतिथि के रुप में अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही अभिनीत मौर्य ने छात्र छात्राओं से कहा अपने जीवन में बड़े से बड़ा लक्ष्य बनाएं और उसे प्राप्त करने के लिए सदैव प्रयासरत रहे जिससे वह देश का नाम विश्व स्तर पर रोशन कर सकें। पर्वतारोही अभिनीत ने बच्चों को परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने के तरीके बताए साथ ही पर्वतारोहण क्षेत्र के अपने अनुभव साझा किया, जिससे छात्रों का मन उत्साहित हुआ और वह भी अपने जीवन में कुछ अलग करके देश ,प्रदेश और जिले का नाम रोशन करेंगे। अभिनीत ने छात्रों को बताया जो भी जीवन में अपना लक्ष्य बनाया है उसके लिए सदैव मेहनत करें और वह दिन दूर नहीं जब सफलता आपके कदम चूमेगी लक्ष्य के प्रति अपना आत्मविश्वास बनाए रखें, और चार पंक्तियां पढ़ी



**जब आंखों में अरमान लिया**
**मंजिल को अपना मान लिया।।**
**फिर मुश्किल क्या और आसान क्या।**
**बस ठान लिया तो ठान लिया।।**

अभिनीत ने अपनी कहानी सुनाकर लोगों को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान की , और विद्यार्थियों को उनके आने वाली वार्षिक परीक्षा के लिए उन्हें बेहतर परिणाम लाने के लिए अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अभिनीत ने बच्चों को पढ़ाई के साथ- साथ खेल के प्रति जागरूक किया और कहा कि खेल में भी बेहतर प्रदर्शन करके आप देश को गौरवान्वित करने का प्रयास करें। इस कार्यक्रम में बच्चों को जिन्होंने खेल में बेहतर प्रदर्शन किया उसके लिए उन्हें प्रशस्त पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्रबंधक डॉ श्री बृजमोहन मौर्य जी व प्रधानाचार्य श्री अमित मौर्य जी व विद्यालय के अध्यापकों के साथ हजारों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पति से तंग महिला तीन बच्चियों सहित यमुना में कूदी

■ तीनों की मौत; महिला की हालत नाजुक

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** कान्हा जी की जन्म और क्रीड़ा स्थली और प्रेम की नगरी मथुरा से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। पति के अवैध संबंधों के शक में पत्नी तीन मासूम बच्चियों के साथ यमुना में छलांग लगा दी। तीनों मासूम बच्चियों की मौत हो गई। महिला को आसपास के लोगों ने बाहर निकाल लिया। पुलिस ने महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सोमवार की दोपहर को ही पुलिस ने पति-पत्नी के बीच समझौता कराया था। देर शाम महिला ने यह कदम उठा लिया। मूलरूप से आगरा के एत्माद्दौला के रहने वाले हरिओम वर्तमान में शहर कोतवाली के डेम्पियर नगर के पंजाबी पेंच में रहते हैं। परिवार में पत्नी पूनम और तीन बच्ची अंशिका (8), वंशिका (6) और चारू (3) हैं। शाम साढ़े सात बजे करीब महिला जमुनापार थाना क्षेत्र के हंसगंज इलाके पहुंची। वहां यमुना में तीनों बच्चियों के साथ कूद गई। राहगीरों की उस पर निगाह पड़ गई। राहगीरों ने अथक प्रयास कर चारों को यमुना से बाहर निकाला। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने चारों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने अंशिका (8), वंशिका (6) और चारू (3) को मृत घोषित कर दिया। वहीं, पूनम उपचाराधीन है। पूनम का मायका धौलपुर के नाना साहब बाड़ा इलाके में है। जनवरी 2015 में इनकी शादी हरिओम के साथ हुई। हरिओम का मोबाइल व टीवी रिपेयरिंग का काम है। पूनम को शक है कि उसके पति हरिओम के कोसीकलां की एक महिला से संबंध हैं। उसने उक्त महिला को रविवार को फोन पर भला-बुरा भी कह दिया था। कोसीकलां की महिला सोमवार को पुलिस के पास मोबाइल रिकॉर्डिंग लेकर पहुंची। कोतवाली पुलिस ने मामले को समझा और पूनम, हरिओम को बुलाया। तीनों की करीब दो घंटे तक काउंसलिंग की। इसके बाद तीनों ने आपस में समझौता कर लिया। पुलिस के पास से महिला अपने पति संग घर चली गई। बताया जा रहा है कि घर जाकर फिर से उसका पति से विवाद हुआ। विवाद के बाद पति घर से निकल गया। इधर, महिला तीनों बच्चियों को लेकर हंसगंज, जमुनापार चली गई। वहां उसने यमुना में छलांग लगा दी।पूनम ने अपनी तीन बच्चियों के साथ यमुना में छलांग लगा दी। पूनम पानी में तड़पने ललगी। उसको देख राहगीरों ने यमुना में छलांग लगा दी। जिस जगह पूनम ने छलांग लगाई पुलिस के अनुसार वहां करीब साढ़े चार फीट पानी था। इतने पानी में बच्चियां तो डूब गई। वहीं, पूनम बच गई।

# रिवर्स फ़ार्मकोलोजी विषय पर कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान में एक दिवसीय ब्रेनस्टॉर्मिंग कार्यक्रम आयोजित। उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा, उत्तर प्रदेश में दीक्षोत्सव माह के उपलक्ष्य में भेषज्य एवं विष विज्ञान विभाग द्वारा %रिवर्स फार्मकॉलॉजी विषय% पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में एक दिवसीय ब्रेनस्टोर्मिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता, पशु चिकित्सा संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर विकास पाठक द्वारा की गई।अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में, प्रोफेसर पाठक ने विभिन्न औषधिय पौधों की गुणवत्ता तथा उनके उपयोग पर चर्चा की। कार्यक्रम के समन्वयक, विश्वविद्यालय के निदेशक शोध, प्रोफेसर विनोद कुमार ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए, औषधीय पौधों के गुणो के बारे में चर्चा की। इस कार्यक्रम में देश के उच्च अनुसंधान संस्थान जैसे केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान, लखनऊ; केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा अनुसंधान संस्थान, लखनऊ; केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम, मथुरा तथा पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय, मथुरा के वैज्ञानिकों तथा संकाय सदस्यों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के आयोजक सचिव, प्रोफेसर अतुल प्रकाश ने बताया कि रेवर्से फार्मकॉलॉजी द्वारा किस तरीक़े से शीघ्र अतिशीघ्र ही औषधियों को जनमानस के लिए उपलब्ध कराया जा सकता है । कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा विभिन्न विषयों तथा आयामो पर अपने सुझाव एवं व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में तीन बाह्य वक्ता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता, स्नातकोत्तर प्रोफेसर अर्चना पाठक सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं प्रभारी उपस्थित रहे।

## जैंत में थम नहीं रहा है अवैध अतिक्रमणों का सिलसिला, जिम्मेदारों की मौन

**मथुरा।** जब जब चुनावी मौसम आता है तब-तब अतिक्रमणकारियों के हौंसले बुलंद हो जाते हैं और अपने मंसूबों में सफल होकर के साथ साथ आम रास्तों पर भी अट्ट अट्टालिकाएं बना लेते हैं और कोई विरोध भी नहीं करता। राजस्व विभाग के ग्राम स्तरीय अधिकारी और इलाका पुलिस की मौन स्वीकृति के खेल में सरकारी जमीन भू-माफिया की अपनी पुस्तैनी हो जाती है। सदर तहसील की ग्राम पंचायत जैत में आज-कल अवैध पक्के निर्माण धड़ल्ले से हो रहे हैं। जिन कंधों पर सरकारी जमीन की सुरक्षा का दायित्व है उनकी मौन स्वीकृति के कारण आम रास्तों, खरंजों, तालाब पोखरों, कुण्ड सरोवरों पर पक्के निर्माण धड़ल्ले से किए जा रहे हैं। दबंग और बड़े लोगों की देखा-देखी छोटे लोग भी बहती गंगा में डुबकी लगाने से नहीं चूक रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता और अध्यापक रामवीर सिंह ने सरकारी जमीन की सुरक्षा की खातिर अपनी अपनी जान खतरे में डालते हुए आईजीआरएस पोर्टल और एसडीएम सदर के वाट्सएप पर शिकायत दर्ज कराई है।

# नकल विहीन परीक्षा संपन्न करायी जाए: डीएम

## उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा के आयोजन के लिए बैठक आयोजित की गई

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा के आयोजन के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में अभ्यर्थियों के साथ उनके अभिभावकों के आने-जाने से जनपद में भीड़-भाड़ होने के कारण रेन वसेरों की साफ सफाई अवश्य करा दी जाए ताकि अभ्यर्थियों के अभिभावक वहां पर आराम से रूक सकें एवं रैन बसेरों की सूची रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं शहर के प्रमुख चौराहों पर चस्पा कर दी जाए जिससे उन्हें रैन बसेरे तक आने में आसानी हो। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित करते हुए कहा कि केंद्रों के आसपास साइन बोर्ड अवश्य लगाया जाए जिससे परीक्षार्थी को केंद्र को ढूंढने में आसानी हो सके। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि जनपद में कुल 30 परीक्षा केंद्र स्थापित हैं जिसमें लगभग 64 हजार परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा 17, 18 फरवरी को आयोजित की जाएगी जिसमें प्रशासन की तरफ से अपर जिलाधिकारी एवं पुलिस विभाग द्वारा नामित नोडल अधिकारी एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह नामित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र के अंदर कोई भी डिवाइस नहीं होनी चाहिए एवं नकल विहीन परीक्षा संपन्न करायी जाए। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए की केंद्रों का परीक्षा तिथि के एक दिन पूर्व भ्रमण कर लिया जाए जिससे कोई भी समस्या ना हो। उन्होंने सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए की परीक्षा नकल विहीन संपन्न कराई जाए। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा प्रारंभ होने से 35 मिनट पूर्व प्रश्न पत्रों के गोपनीय पैकेट सीसीटीवी कैमरे एवं वीडियोग्राफी की निगरानी में ही खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा दो पालियों में संपन्न की जाएगी प्रथम पाली प्रातः10.00 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली 3.00 बजे से 5:00 बजे तक संपन्न होगी।



उन्होंने कहा की परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं जिससे कि अभ्यर्थी को कोई भी समस्या उत्पन्न ना हो। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट पुलिस विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करके उनके मोबाइल नंबर अवश्य ले लें जिससे परीक्षा केंद्रों के समय कोई भी परेशानी का सामना न करना पड़े तथा सभी सेंटरों पर सभी के मोबाइल नंबर जमा कर दिए जाएं। बैठक में उन्होंने यह भी निर्देश दिए की सभी परीक्षा केंद्रों की लोकेशन सेंटर के नाम से गूगल ऐप पर शेयर कर दी जाए जिससे छात्र-छात्राओं को आने-जाने में आसानी हो। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा बताया गया कि सभी चौराहों पर पूछताछ केंद्र अवश्य बना दिए जाएं जिससे अभ्यर्थियों को एग्जाम सेंटर तक आने में कोई भी समस्या न हो तथा सभी सेंटरों पर दो महिला सिपाही व दो पुरुष सिपाही उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि सभी केंद्र पर पुलिसकर्मी लगाए जाएंगे उनका मोबाइल नंबर सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट के पास होना अनिवार्य है जिससे कोई भी समस्या आने पर एक दूसरे को सूचित कर दिया जाए। उन्होंने बताया गया कि कानून व्यवस्था के संबंध में सभी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है तथा वह अपनी ड्यूटी निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करेंगे इसमें कोई भी लापरवाही नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि पुलिस लाइन में मास्टर कंट्रोल रूम बनाया जाएगा जिससे कोई भी समस्या आने पर संबंधित को अवगत करा दिया जाए। उन्होंने समस्त पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा के समय कोई भी लापरवाही नहीं की जाएगी एवं लापरवाही करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, पीएसी कमांडेंट, एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी, एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, एसपी क्राइम सुबोध गौतम, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, समस्त उप जिलाधिकारीगण, समस्त क्षेत्राधिकारी सहित समस्त स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि उपस्थित रहे।

# यमुना एक्सप्रेस-वे पर आग से जिंदा जले पांच दोस्त

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद जिले के लिए सोमवार का दिन काफी दुखद रहा। यहां के पांच युवकों की एक्सप्रेस वे पर मथुरा क्षेत्र में एक हादसे में कार के अंदर ही जलकर मौत हो गई। मथुरा के मांट क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे पर आज सुबह तड़के माइल स्टोन 117 अचानक से बस और एक कार में भिड़ंत के बाद भयंकर आग लग गई। बस की सवारियों ने आनन फानन में बस से कूदकर अपनी जान बचाई। जबकि कार सवार पांच युवक जिंदा जल गए। मरने वालों में पांचों फिरोजाबाद जिले के थे, जो आपस में दोस्त तथा आपस में जान पहचान के थे। बीभत्स हादसे की जानकारी मिलते ही सभी के परिवारों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह तड़के करीब सात बजे थाना महावन क्षेत्र के अंतर्गत माइल स्टोन 117 पर अचानक से एक बस और कार में भीषण आग लग गई। कार में सवार सभी लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। कार में अंशुमान (28) पुत्र मनोज यादव निवासी ककरारा थाना खैरगढ़ हाल निवासी शंभू नगर थाना शिकोहाबाद, अतिन कुमार यादव (25) सतवीर सिंह निवासी एटा चौराहा शिकोहाबाद (मूल निवासी पिड़सरा थाना घिरोर, मैनपुरी), शिवकिशन रावत निवासी सरकारी पोस्ट आफिस के सामने फिरोजाबाद तथा जायद खान निवासी मुस्ताक मंजिल फिरोजाबाद, सरवर हुसैन (27) निवासी फिरोजाबाद के रूप में पहचान हुई है। अंशुमान की मौत पर उसकी पत्नी विशाखा के अलावा पिता मनोज कुमार, बड़ी बहन अंशिका यादव तथा मां पुष्पा देवी का रो रोकर बुरा हाल था। मृतक युवक अतिन यादव भी नोएडा में रहकर बीटेक की पढ़ाई कर जॉब कर रहा था। फिरोजाबाद नगर के भी तीनों युवकों के रिश्तेदार तथा सगे संबंधी भी शोक में डूब गए हैं।

# भारत के सामने मजबूत नीदरलैंड की चुनौती



भारतीय महिला हॉकी टीम बुधवार को एफआईएच प्रो लीग के मौजूदा सत्र में अब तक अजेय रही नीदरलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसके सामने लय हासिल करने की चुनौती होगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद से भारतीय टीम के प्रदर्शन में लगातार गिरावट आयी है।

पिछले कुछ समय से खराब प्रदर्शन कर रही भारतीय महिला हॉकी टीम बुधवार को एफआईएच प्रो लीग के मौजूदा सत्र में अब तक अजेय रही नीदरलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसके सामने लय हासिल करने की चुनौती होगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद से भारतीय टीम के प्रदर्शन में लगातार गिरावट आयी है।

भुवनेश्वर और राउरकेला में जारी मौजूदा प्रो लीग में टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। सविता पूनिया की कप्तानी में टीम मौजूदा सत्र में पांच मैचों में सिर्फ एक मुकाबला जीतने में सफल रही है। भारतीय टीम को अपने घरेलू मैदान में चीन (1-2), नीदरलैंड (1-3) और ऑस्ट्रेलिया (0-3) के खिलाफ लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा है। टीम ने इसके बाद अमेरिका को 3-1 हराकर वापसी की लेकिन सोमवार को उसे चीन से फिर से 1-2 की शिकस्त का सामना करना पड़ा। भारत को अपने अगले मुकाबले में सबसे कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा। नीदरलैंड की टीम नौ मैचों में 27 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। भारतीय इस समय नौ टीमों की लीग में पांच मैचों में केवल तीन अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। भारतीय अग्रीम पंक्ति को अब तक आंशिक सफलता मिली है, जिसमें संगीता कुमारी, वंदना कटारिया, दीपिका, नवनीत कौर और सलीमा टेटे गोल करने में सफल रहे हैं। टीम को सबसे बड़ा झटका पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की नाकामी से लग रहा है।

ओलंपिक क्वालीफायर के बाद टीम को पांच मैचों में 21 पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन इसमें से एक भी गोल में नहीं बदला। नीदरलैंड को चुनौती देने के लिए बुधवार को गुरजीत कौर, दीपिका और उदिता जैसी खिलाड़ियों को पेनल्टी कॉर्नर के मौके को भुनाना होगा। इसके साथ ही टीम को आसान गोल खाने से बचने के लिए पेनल्टी-कॉर्नर के खिलाफ अपने रक्षण को मजबूत करने की जरूरत होगी।

नीदरलैंड के बाद भारतीय महिला टीम को प्रो लीग के ओडिशा चरण में दो और मैच खेलेंगी। टीम 17 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया और 18 फरवरी को अमेरिका के खिलाफ मैदान में उतरेगी।

## चीन से 1-2 से हारी भारतीय महिला हॉकी टीम, अब नीदरलैंड से मुकाबला

एफआईएच प्रो लीग में भारतीय महिला हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और वह सोमवार को यहां चीन से 1-2 से हार गयी। संगीता कुमारी ने सातवें मिनट में मैदानी गोल करके भारत को बढ़त दिला दी थी लेकिन टीम इसका फायदा नहीं उठा पाई। भारतीय महिला हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और वह सोमवार को यहां चीन से 1-2 से हार गयी। संगीता कुमारी ने सातवें मिनट में मैदानी गोल करके भारत को बढ़त दिला दी थी लेकिन टीम इसका फायदा नहीं उठा पाई। चीन ने गु बिंगफेंग के 14वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से बराबरी की। इसी खिलाड़ी ने 53वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। भारत इससे पहले भुवनेश्वर में तीन फरवरी को चीन से इसी अंतर से हार गया था। उसे नीदरलैंड (1-3) और ऑस्ट्रेलिया (0-3) से भी हार का सामना करना पड़ा था।

# शमार जोसेफ ने हेजलवुड और पोप को पछाड़ा, बने आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द मंथ



वेस्टइंडीज के बेहतरीन गेंदबाज शमार जोसेफ को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ से नवाजा गया है। जिसके बाद इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड जैसे मजबूत विरोधियों को पीछे छोड़ दिया। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ को अपनी बेहतरीन गेंदबाजी का तोहफा मिला है। दरअसल, उन्हें जनवरी माह के लिए आईसीसी ने प्लेयर ऑफ द मंथ से नवाजा है। विमेंस कैटेगरी में ये अवॉर्ड आयरलैंड की एमी हंटर को मिला है। बता दें कि, शमार जोसेफ के अंतर्राष्ट्रीय करियर की प्रभावशाली शुरुआत हुई है। वेस्टइंडीज के लिए वह केवल दो मैचों के बाद ही चमक गए हैं। उन्होंने अपनी गेंदबाजी से दुनिया को प्रभावित किया है। अब जोसेफ ने इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड जैसे मजबूत विरोधियों को पीछे छोड़कर आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवार्ड जीता हैं।

जोसेफ को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में डेब्यू पर अपनी छाप छोड़ने में ज्यादा समय नहीं लगा। 24 वर्षीय कैरेबियाई खिलाड़ी ने दुनिया के नंबर 2 रैंक के बल्लेबाज स्टीव को अपने करियर की पहली गेंद पर आउट कर वेस्टइंडीज के पुराने खिलाड़ियों की यादें ताजा करा दीं।

जोसेफ ने एडिलेड में अपने टेस्ट मैच में पाच ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा था। नंबर 11 पर अपनी टीम के लिए बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 36 और 15 रन भी बनाए। इसके अलावा ब्रिस्बेन में दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया पर वेस्टइंडीज की उलटफेर भरी जीत के दौरान जोसेफ ने और भी बेहतर प्रदर्शन किया। दूसरे टेस्ट में उन्होंने आठ विकेट लिए, उन्होंने 7-68 के आंकड़े का साथ दूसरी पारी का अंत किया। जिससे कैरेबियाई टीम ने इतिहास रचते हुए 1997 के बाद से ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टेस्ट जीत हासिल की।

# कुलदीप यादव ने रविंद्र जडेजा की वापसी को लेकर दिया बड़ा अपडेट



वहीं तीसरे मुकाबले से पहले कुलदीप यादव ने उनकी वापसी पर बड़ा संकेत दिया है। हैदराबाद में पहले टेस्ट के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट लगने के कारण, ऑलराउंडर को संभावित रूप से तीन से आठ सप्ताह के लिए बाहर कर दिया गए थे। हालांकि, सिर्फ दो सप्ताह के बाद जडेजा फिट हैं और सक्रिय हैं।

भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच राजकोट में खेला जाएगा। लेकिन इस मैच में रविंद्र जडेजा के खेलने को लेकर संशय अभी भी बना हुआ है। वहीं तीसरे मुकाबले से पहले कुलदीप यादव ने उनकी वापसी पर बड़ा संकेत दिया है। हैदराबाद में पहले टेस्ट के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट लगने के कारण, ऑलराउंडर को संभावित रूप से तीन से आठ सप्ताह के लिए बाहर कर दिया गए थे। हालांकि, सिर्फ दो सप्ताह के बाद जडेजा फिट हैं और सक्रिय हैं।

रविंद्र जडेजा के जल्द स्वस्थ होना एनसीए में बीसीसीआई के मेडिकल स्टाफ की शक्ति और एथलीट की सर्वोच्च क्षमताओं का प्रमाण है। राजकोट में तीसरे टेस्ट से पहले उनके टीम साथी कुलदीप यादव ने लगभग पुष्टि कर दी है कि रविंद्र जडेजा खेलेंगे।

राजकोट में प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में चाइनामैन ने कहा कि मुझे भी ऐसा ही लगता है। उन्होंने अपना रूटीन किया और कल भी एक सत्र किया। हालांकि, रविंद्र जडेजा को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए स्वस्थ हैं लेकिन फैंस अभी भी उनकी फिटनेस केलिए चिंतित है।

# दाजीराव गायकवाड़ ने दुनिया को कहा अलविदा, बड़ौदा में हुआ निधन



भारत के सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर और पूर्व कप्तान दत्ताजीराव गायकवाड़ का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। वह 95 साल के थे और भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और राष्ट्रीय कोच अंशुमान गायकवाड़ के पिता थे। मंगलवार को भारत के सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर और पूर्व कप्तान दत्ताजीराव गायकवाड़ का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। वह 95 साल के थे और भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और राष्ट्रीय कोच अंशुमान गायकवाड़ के पिता थे। परिवार के एक सूत्र ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उन्होंने पिछले 12 दिनों से बड़ौदा के एक अस्पताल के आईसीयू (गहन चिकित्सा कक्ष) में जिंदगी और मौत से जूझने के बाद आज सुबह अंतिम सांस ली। उन्होंने 1952 और 1961 के बीच भारत के लिए 11 टेस्ट खेले थे। उन्होंने 1959 में इंग्लैंड दौरे पर राष्ट्रीय टीम की कप्तानी भी की थी। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 1952 में लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण किया और उनका अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच 1961 में चेन्नई में पाकिस्तान के खिलाफ था। गायकवाड़ ने रणजी ट्रॉफी में 1947 से 1961 तक बड़ौदा का प्रतिनिधित्व किया। दत्ताजीराव गायकवाड़ ने 47.56 की औसत से 3139 रन बनाए, जिसमें 14 शतक शामिल थे।

# गलत संकेत क्यों दे रहे हैं? बीसीसीआई ने केएल राहुल की फिटनेस पर उठाए सवाल



राहुल अपनी चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। बीसीसीआई की प्रेस रिलीज के अनुसार, बल्लेबाज ठीक होने की राह पर थे और 90 प्रतिशत फिट थे और इसलिए तीसरे टेस्ट के लिए उसके नाम पर विचार नहीं किया गया।

केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ शेष तीन टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह देवदत्त पडिक्कल को मौका दिया गया है। लेकिन इससे पहले उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम तीन मैचों के लिए भारतीय स्क्वॉड में रखा गया था। राहुल अपनी चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। बीसीसीआई की प्रेस रिलीज के अनुसार, बल्लेबाज ठीक होने की राह पर थे और 90 प्रतिशत फिट थे और इसलिए तीसरे टेस्ट के लिए उसके नाम पर विचार नहीं किया गया। बता दें कि, बोर्ड ने एक प्रेस रिलीज में कहा, राहुल 90 प्रतिशत मैच फिटनेस तक पहुंच गए हैं और बीसीसीआई मेडिकल टीम की देखरेख में अच्छी प्रगति कर रहे हैं। सीरीज 1-1 से बराबरी पर है राहुल एनसीए बेंगलुरु में कछ और समय बिताएंगे और संभवतः चौथे और पांचवें टेस्ट के लिए लौट आएंगे। ऐसा कहने के बाद, इससे कुछ लोग नाराज हो गए हैं। वहीं बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने नाम ना छापने की शर्त पर पीटीआई को बताया कि, केएल राहुल ने अभी तक राजकोट में रिपोर्ट नहीं की है। स्थानीय रविंद्र जडेजा को टीम के साथ जोड़ा गया है। ये हमेशा फिटनेस से जुड़ा मामला था और बोर्ड की मेडिकल टीम को अभी भी भरोसा नहीं है कि वह मैच फिट है।

बीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारी ने पूछा कि, अगर बीसीसीआई की मेडिकल टीम को पहले से पता था कि राहुल की स्क्वॉड चोट इतनी गंभीर है जितनी दिख रही है, तो पहले उन्हें अस्थायी टीम में क्यों रखा गया। खिलाड़ी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी बल्लेबाजी के वीडियो पोस्ट करके गलत संकेत क्यों भेज रहा है।

# रणबीर कपूर स्टारर एनिमल बनीं नेटफ्लिक्स पर सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय फिल्म



फिल्म न केवल बॉक्स ऑफिस पर बड़ी व्यावसायिक सफलता बन गई, बल्कि ओटीटी रिलीज के बाद भी यह फिल्म बनी हुई है अजेय। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित यह फिल्म स्ट्रीमिंग दिग्गज नेटफ्लिक्स पर सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय फिल्म बन गई।

रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना और अनिल कपूर की मुख्य भूमिकाओं वाली एनिमल 2023 की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। यह फिल्म न केवल बॉक्स ऑफिस पर बड़ी व्यावसायिक सफलता बन गई, बल्कि ओटीटी रिलीज के बाद भी यह फिल्म बनी हुई है अजेय। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित यह फिल्म स्ट्रीमिंग दिग्गज नेटफ्लिक्स पर सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय फिल्म बन गई। एक्शन ड्रामा फ्लिक ने फिल्मों के लिए गैर-अंग्रेजी श्रेणी में लगातार दो हफ्तों तक मंच के वैश्विक चार्ट में अपना स्थान बनाए रखा है।

इतना ही नहीं, फिल्म के साउंडट्रैक ने पर 500 मिलियन से अधिक स्ट्रीम हासिल करने वाला सबसे तेज़ भारतीय एल्बम बनकर एक नया रिकॉर्ड भी बनाया है। एक सफल प्रदर्शन के बाद, फिल्म को आखिरकार गणतंत्र दिवस के अवसर पर नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ किया गया। हालाँकि, प्लेटफ़ॉर्म पर आने के तुरंत बाद, फिल्म के निर्माताओं और नेटफ्लिक्स को एक्सटेंडेड कट संस्करण जारी नहीं करने के लिए बेरहमी से ट्रोल किया गया था।

बॉक्स ऑफिस के मोर्चे पर, एनिमल एक बड़ी व्यावसायिक सफलता थी और विश्व स्तर पर 800 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की, जिससे यह अब तक की सबसे सफल हिंदी फिल्मों में से एक बन गई। ये आंकड़े बहुत बड़े हो सकते थे और फिल्म 1,000 करोड़ रुपये का प्रतिष्ठित आंकड़ा पार कर सकती थी, अगर इसे विक्की कौशल-स्टारर सैम बहादुर के साथ सिनेमाघरों में रिलीज नहीं किया गया होता।

अर्जुन रेड्डी और कबीर सिंह जैसी फिल्मों के लिए जाने जाने वाले संदीप रेड्डी वांगा ने फिल्म का निर्देशन किया है। फिल्म में रणबीर के अलावा अनिल कपूर, बॉबी देओल, रश्मिका मंदाना, तृप्ति डिमरी, सुरेश ओबेरॉय, शक्ति कपूर और प्रेम चोपड़ा भी हैं। यह फिल्म दिल्ली के एक बिजनेस मैग्नेट बलबीर (अनिल) के बेटे रणविजय (रणबीर) पर आधारित है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका चला गया था और अपने पिता पर हत्या के प्रयास के बाद वापस लौटता है, जिसके बाद रणविजय उसका बदला लेने की योजना बनाता है।

सभी गाने और यहां तक कि रणबीर और बॉबी की प्रवेश थीम अभी भी शीर्ष चार्टबस्टर्स में से हैं।

# मंजुलिका के किरदार में विद्या बालन की वापसी, भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के साथ नजर आएगी अभिनेत्री



निर्माताओं ने घोषणा करते हुए खुलासा किया कि फिल्म के तीसरे भाग में अभिनेत्री विद्या बालन मंजुलिका के किरदार में बड़े पर्दे पर वापसा करेंगी। भूल भुलैया 3 में अभिनेत्री की वापसी की खबरों ने दर्शकों को काफी खुश कर दिया है। बालन की वापसी की घोषणा के साथ निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट का भी खुलासा किया है। भूल भुलैया 3 के निर्माताओं ने सोमवार रात को फिल्म से जुड़ा एक बड़ा अपडेट साझा करते हुए सोशल मीडिया पर भूचाल मचा दिया। निर्माताओं ने घोषणा करते हुए खुलासा किया कि फिल्म के तीसरे भाग में अभिनेत्री विद्या बालन मंजुलिका के किरदार में बड़े पर्दे पर वापसा करेंगी। भूल भुलैया 3 में अभिनेत्री की वापसी की खबरों ने दर्शकों को काफी खुश कर दिया है। लोग अब जल्द से जल्द रूह बाबा और मंजुलिका की जोड़ी को बड़ी स्क्रीन पर आग लगाते देखना चाहते है। बता दें, विद्या बालन की वापसी की घोषणा के साथ निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट का भी खुलासा किया है।

अभिनेता कार्तिक आर्यन ने निर्माताओं की घोषणा के बाद अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया। वीडियो में, फिल्म के पहले और दूसरे भाग से विद्या बालन और कार्तिक आर्यन के अमी जे तोमर गाने के सीन दिखाए गए हैं। इन्हीं सीन के साथ अभिनेता ने मंजुलिका के किरदार में विद्या की वापसी की घोषणा की। कार्तिक ने वीडियो के साथ लिखा, और ऐसा हो रहा है, ओजी मंजुलिका भूलभुलैया की दुनिया में वापस आ रही हैं, विद्या बालन का स्वागत करते हुए बेहद रोमांचित हूं। भूल भुलैया 3 इस दिवाली धूम मचने वाली है।

हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया का पहला भाग साल 2007 में रिलीज हुआ था। इसमें अक्षय कुमार, विद्या बालन और शाइनी आहूजा मुख्य भूमिका में थे। फिल्म का दूसरा भाग 2022 में रिलीज़ हुआ था। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, तब्बू और कियारा आडवाणी मुख्य भूमिका में नजर आये थे। भूल भुलैया 2 बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी और साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी।

# राधिका मदान और परेश रावल के साथ नया प्रोजेक्ट लेकर आ रहे हैं अक्षय कुमार, फिल्म का टाइटल होगा सरफिरा



घोषणा पोस्ट के साथ अभिनेता ने एक टीज़र साझा किया जो इस संदेश से शुरू होता है कि आगामी फिल्म सरफिरा एयरलिफ्ट, बेबी, जय भीम, ओएमजी 2 और टॉयलेट एक प्रेम कथा के निर्माताओं द्वारा बनाई गई है। जय भीम को छोड़कर इन सभी फिल्मों में अक्षय कुमार मुख्य भूमिका में थे।

अक्षय कुमार साल में 4 से 5 फिल्म करते हैं। अब ऐसे में उनके फैंस को उनसे काफी उम्मीद रहती हैं। फिलहाल अक्षय अपनी कई फिल्मों की शूटिंग बिजी हैं। इसी दौरान उन्होंने अपने नये प्रोजेक्ट की भी घोषणा कर दी हैं। अक्षय कुमार ने मंगलवार को अपने प्रशंसकों को आश्चर्यचकित कर दिया जब उन्होंने अपने नए प्रोजेक्ट सरफिरा की घोषणा की। फिल्म में राधिका मदान और परेश रावल भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

घोषणा पोस्ट के साथ अभिनेता ने एक टीज़र साझा किया जो इस संदेश से शुरू होता है कि आगामी फिल्म सरफिरा एयरलिफ्ट, बेबी, जय भीम, ओएमजी 2 और टॉयलेट एक प्रेम कथा के निर्माताओं द्वारा बनाई गई है। जय भीम को छोड़कर इन सभी फिल्मों में अक्षय कुमार मुख्य भूमिका में थे। सरफिरा का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सुधा कोंगारा ने किया है। टीज़र के अनुसार, सरफिरा को अपने सपनों का पीछा करने की एक अविश्वसनीय कहानी माना जा रहा है। टीजर में अक्षय कुमार के किरदार की एक झलक भी दिखाई गई है जिसमें वह हैंडल को छुए बिना बाइक की सवारी का आनंद लेते नजर आ रहे हैं। फिल्म की टैगलाइन में लिखा है, इतने बड़े सपने देखो, वे तुम्हें पागल कहते हैं!

# रामपुर कोर्ट ने पूर्व सांसद और अभिनेत्री जया प्रदा को गिरफ्तार करने का आदेश दिया



रामपुर कोर्ट ने पूर्व सांसद और अभिनेत्री जया प्रदा को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। रामपुर की एमपी/एमएलए अदालत ने पुलिस अधीक्षक को अभिनेता से नेता बनीं जया प्रदा को गिरफ्तार कर 27 फरवरी को अदालत में पेश करने का आदेश दिया है। रामपुर कोर्ट ने पूर्व सांसद और अभिनेत्री जया प्रदा को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। रामपुर की एमपी/एमएलए अदालत ने पुलिस अधीक्षक को अभिनेता से नेता बनीं जया प्रदा को गिरफ्तार कर 27 फरवरी को अदालत में पेश करने का आदेश दिया है। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि पूर्व सांसद के खिलाफ सातवीं बार गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद भी वह सोमवार को सुनवाई के लिए कोर्ट नहीं पहुंचीं। पूर्व सांसद जया प्रदा आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े दो मामलों में फरार हैं। अभिनेत्री और राजनेता जया प्रदा आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े दो मामलों में फरार हैं।

यह पहली बार नहीं है जब जया प्रदा किसी विवाद में फंसी हैं। अभिनेत्री को पिछले साल चेन्नई की एक अदालत ने पुराने मामले में दोषी पाया था। उसे छह महीने जेल की सजा सुनाई गई और 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। जया प्रदा नाहटा एक भारतीय अभिनेत्री और राजनीतिज्ञ हैं, जिन्हें 70 के दशक के अंत, 80 के दशक और 90 के दशक की शुरुआत में हिंदी और तमिल फिल्मों के अलावा तेलुगु सिनेमा में उनके काम के लिए जाना जाता है। जयाप्रदा तीन दक्षिण फिल्मफेयर पुरस्कारों की प्राप्तकर्ता हैं और उन्होंने कई तेलुगु और हिंदी फिल्मों के साथ-साथ कई कन्नड़, तमिल, मलयालम, बंगाली और मराठी फिल्मों में अभिनय किया है। उन्होंने अपने करियर के चरम पर फिल्म उद्योग छोड़ दिया, क्योंकि वह 1994 में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) में शामिल हो गईं और राजनीति में प्रवेश किया। वह 2004 से 2014 तक उत्तर प्रदेश के रामपुर से सांसद रहीं।

# लोकप्रिय गायिका और अभिनेत्री मलिका राजपूत की सुल्तानपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



सुल्तानपुर की मशहूर गायिका और अभिनेत्री विजय लक्ष्मी उर्फ मलिका राजपूत की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। उनका शव उनके घर के कमरे में लटका हुआ पाया गया। स्थानीय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सुल्तानपुर की मशहूर गायिका और अभिनेत्री विजय लक्ष्मी उर्फ मलिका राजपूत की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। उनका शव उनके घर के कमरे में लटका हुआ पाया गया। स्थानीय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मंगलवार को कोतवाली नगर के सीताकुंड इलाके में स्थित घर के अंदर कमरे में गायिका और अभिनेत्री का शव पंखे से लटका मिला। उनके परिवार के सदस्य पूरी तरह सदमे में हैं। उनके घर के आसपास रहने वाले लोग भी मौके पर जमा हो गए हैं। वे मलिका की मां को सांत्वना देते भी नजर आए। इसी बीच स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचायत नामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मल्लिका की मां सुमित्रा सिंह ने बताया कि जब यह घटना घटी तो उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा पहले दरवाज़ा बंद था और लाइट जल रही थी। हमने तीन चक्कर लगाए लेकिन दरवाज़ा नहीं खोल सके। आखरिकार मैंने खिड़की से झाँक कर देखा तो वह वहीं खड़ी थी। जब मैंने दरवाजा खटखटाया तो देखा कि हमारी बेटी फंदे से लटकी हुई है। उन्होंने कहा, मैंने अपने पति और अन्य लोगों को फोन किया लेकिन वह नहीं रहीं।

इस पूरी घटना पर पुलिस अधिकारी श्रीराम पांडे ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा। उस रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# निवर्तमान लोकसभा में भाजपा के दो सांसदों की 100% उपस्थिति, किसी चर्चा में शामिल नहीं हुए सांसद

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद मोहन मंडावी और भागीरथ चौधरी ने सत्रहवीं लोकसभा के दौरान शत प्रतिशत उस्थिति दर्ज की। जिसमें उनके कार्यकाल के दौरान औसतन 79 फीसदी उपस्थिति देखी गई। मंडावी ने कहा कि लोकसभा में उनकी और चौधरी की सीट अगल-बगल में थीं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संसद सदस्य मोहन मंडावी और भागीरथ चौधरी ने मिसाल कायम की है। दोनों सांसदों ने 17वीं लोकसभा के दौरान अपनी सौ फीसदी उपस्थिति दर्ज कराई। संयोग से दोनों पहली सांसद बने और उन्हें एक-दूसरे के अगल-बगल सीट मिलीं थीं। मंडावी ने कहा, मुझे जो काम सौंपा गया है, मैं उसे पूरी जिम्मेदारी के साथ पूरा कर रहा हूं। मैं छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्र कांकेर का प्रतिनिधित्व करता हूं। कोरोना महामारी के दौरान भी सदन में

**जिम्मेदारी**

> मुझे जो काम सौंपा गया है, मैं उसे पूरी जिम्मेदारी के साथ पूरा कर रहा हूं।



उपस्थित हुआ था। पीआरएस विधायिका की ओर से आंकड़े साझा किए गए हैं। जिसके मुताबिक, राजस्थान के अजमेर से सांसद भागीरथ चौधरी और मंडावी ने सत्रहवीं लोकसभा के दौरान सौ फीसदी उपस्थिति दर्ज की। जिसमें उनके कार्यकाल के दौरान औसतन 79 फीसदी उपस्थिति देखी गई। मंडावी ने कहा कि लोकसभा में उनकी और चौधरी की सीट अगल-बगल में थीं। आंकड़ों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के हमीरपुर से भाजपा सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल सबसे सक्रिय संसद सदस्य थे। जिन्होंने सत्रहवीं लोकसभा में 1,194 बहसों में भाग लिया। इसके बाद अंडमान औ निकोबार द्वीप समूह से कुलदीप राय शर्मा सबसे सक्रिय सांसद रहे। जिन्होंने 833 बहसों में भाग लिया। पीआरएस विधायिका किसी सदस्य द्वारा विधेयकों में चर्चा में भाग लेने, शून्यकाल में मुद्दे उठाने, विशेष उल्लेख और अन्य सदस्यों की ओर से उठाए गए मुद्दों से जुड़ने को %बहस की भागीदारी% की श्रेणी में मानती है। इसके मुताबिक, बसपा सांसद मलूक नागर ने 582 बहसों में भाग लिया। जबकि, धर्मपुरी से द्रमुक सांसद डीएनवी सेंथिल कुमार ने 307, कोल्लम से आरएसपी के सांसद एनके प्रेमचंद्र ने 265, बारामती से राकांपा (शरद पवार गुट) सांसद सुप्रिया सुले ने 248 बहसों में भाग लिया।

जबकि, फिल्म अभिनेता से नेता बने सनी देओल (भाजपा) और शत्रुघ्न सिन्हा (तृणमूल कांग्रेस) उन नौ लोकसभा सदस्यों में शामिल रहे, जिन्होंने किसी विधेयक पर चर्चा में हिस्सा नहीं लिया। इसके अलावा, सत्रहवीं लोकसभा में भाजपा सांसद रमेश जिगजिनागी, बीएन बाचेगौड़ा, प्रधान बरुआ, अनंत कुमार हेगड़े और वी. श्रीनिवास प्रसाद, तृणमूल कांग्रेस के दिव्येंदु अधिकारी व बसपा सांसद अतुल कुमार ने किसी बहस में हिस्सा नहीं लिया।

# शंभू बॉर्डर पर किसानों का प्रदर्शन, दागे गए आंसू गैस के गोले

**नई दिल्ली।** शंभू बॉर्डर पर किसानों के प्रदर्शन को लेकर तमाम राजनीतिक प्रतिक्रिया सामने आने लगी है। पुलिस लगातार किसानों को रोकने का प्रयास कर रही है। किसान प्रदर्शनकारियों ने पुल पर लगे बैरिकेड को तोड़ दिया। किसानों का प्रदर्शन लगातार उग्र होता जा रहा है। किसानों पर पुलिस द्वारा छोड़े गए आंसू गैस के गोले दागे गए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसको लेकर निंदा की है। केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए ममता बनर्जी ने इस भाजपा का क्रूर हमला करार दिया है। ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर साझा करते हुए कहा कि हमारा देश कैसे प्रगति कर सकता है, जब बुनियादी अधिकारों के लिए लड़ने वाले किसानों पर आंसू गैस के गोलों से हमला किया जाता है। मैं इस



तरह के कृत्य को लेकर भाजपा की कड़ी निंदा करता हूं। उन्होंने कहा कि किसानों के विरोध को दबाने के बजाए, भाजपा को अपने बढ़े हुए अहंकार, सत्ता की भूखी महत्वाकांक्षाओं और अपर्याप्त शासन को कम करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जिसने हमारे देश को नुकसान पहुंचाया है। गौरतलब है कि हरियाणा पुलिस ने किसान प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागे। अंबाला के पास शंभू में पंजाब के साथ राज्य की सीमा पर लगाए गए बैरिकेड्स को तोड़ने की कोशिश की। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून की मांग कर रहे किसानों ने दिल्ली की ओर मार्च किया। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने घोषणा की थी कि किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी के लिए कानून बनाने समेत अपनी मांगों पर जोर देने के लिए मंगलवार को दिल्ली जाएंगे। किसानों के दिल्ली चलो मार्च पर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह मोदी सरकार की विफलता है। उन्हें एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी की किसानों की मांग पूरी करनी चाहिए थी। दूसरी मांग स्वामीनाथन समिति के फॉर्मूले को लागू करना है। मुझे तो समझ ही नहीं आ रहा कि आखिर सरकार समय क्यों बर्बाद कर रही है।

## केंद्र को राहत, सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित नए कानून पर रोक लगाने से इनकार



**नई दिल्ली।** नए कानून के तहत प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाला पैनल मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों का चयन करेगा। नए कानून के तहत पैनल में भारत के मुख्य न्यायाधीश शामिल नहीं होंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित कानून के अमल पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। इस फैलसे को केंद्र सरकार के लिए राहत भरा माना जा रहा है। नए कानून के तहत प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाला पैनल मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों का चयन करेगा। नए कानून के तहत पैनल में भारत के मुख्य न्यायाधीश शामिल नहीं होंगे।

## आंदोलन से सब्जियों की कीमतों में लगेगी आग, आम लोगों पर पड़ सकती है महंगाई की मार

**नई दिल्ली।** किसान आंदोलन के कारण सब्जियों की कीमतों में तेज बढ़ोतरी हो सकती है। किसानों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने के लिए यूपी गेट सहित सभी मुख्य मार्गों पर बाड़ेबंदी कर दी गई है, जिससे दिल्ली आने-जाने में परेशानी हो गई है। इसका सीधा असर सब्जियों की सप्लाई और इसकी कीमतों पर पड़ सकता है। पिछली बार भी किसान आंदोलन के कारण सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई थी।

सब्जी विक्रेता विनोद कुमार ने अमर उजाला को बताया कि वे गाजीपुर सब्जी मंडी से सब्जियां लेकर पूर्वी दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में बेचते हैं। अब तक गाजीपुर से बाजार तक सब्जी ले जाने के लिए दो सौ से तीन सौ रुपये के बीच ऑटो मिल जाते थे, लेकिन आज की स्थिति देखते हुए उन्हें पांच सौ रुपये देने पड़ रहे हैं। पहले तो ऑटो आने के लिए तैयार नहीं हो रहे हैं क्योंकि उन्हें मंडी में आने के लिए और वापसी के समय लंबा इंतजार करना पड़ रहा है, इसलिए वे ज्यादा किराया मांग रहे हैं।

गाजीपुर सब्जी मंडी में मेरठ, मुजफ्फरनगर, हापुड़, गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा से भी सब्जियां बिकने के लिए आती हैं। लेकिन आने-जाने की इस परेशानी के कारण अब उनका किराया भी बढ़ जाएगा। इसका सीधा असर सब्जियों की कीमतों पर पड़ सकता है। इसी तरह हरियाणा से सिंधु बॉर्डर के जरिए सब्जियों की आवक पर असर पड़ सकता है। यहां से गोभी, मिर्च, पालक जैसी हरी सब्जियां दिल्ली में पहुंचती हैं। इसका सीधा असर कीमतों के रूप में देखने को मिल सकता है।

यमुना एक्सप्रेसवे, कालिंदी कुंज बॉर्डर के रास्ते से भी दिल्ली-एनसीआर के आसपास के इलाकों से सब्जियां दिल्ली के आजादपुर सब्जी मंडी, केशोपुर सब्जी मंडी और गाजीपुर सब्जी मंडी में सब्जियां पहुंचती हैं।

# जमानत याचिका को दो हफ्ते में निपटाएं गुजरात हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को दिए निर्देश

**अहमदाबाद।** पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सत्येंद्र अंतिल मामले में जो निर्देश दिए थे, उनका पालन

**निर्देश**

> पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सत्येंद्र अंतिल मामले में जो निर्देश दिए थे

किया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश सुनीता अग्रवाल और जस्टिस अनुरुधा मेयी की पीठ ने सोमवार को एक याचिका पर सुनवाई के दौरान ये निर्देश दिए।

गुजरात हाईकोर्ट ने राज्य के सभी ट्रायल कोर्ट को कहा है कि वे सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पूरी निष्ठा से पालन करें और जमानत याचिका को दो हफ्ते के भीतर और अंतरिम जमानत याचिका को छह हफ्ते के भीतर निपटाएं। मुख्य न्यायाधीश सुनीता अग्रवाल और जस्टिस



अनुरुधा मेयी की पीठ ने सोमवार को एक याचिका पर सुनवाई के दौरान ये निर्देश दिए।

दरअसल भावेश राबरी ने जमानत याचिका पर सुनवाई में हो रही देरी के खिलाफ हाईकोर्ट का रुख किया था। पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सत्येंद्र अंतिल मामले में जो निर्देश दिए थे, उनका पालन किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ की गुजरात दंगों के मामले में जमानत याचिका लंबे समय से गुजरात हाईकोर्ट में लंबित है। सुप्रीम कोर्ट ने भी गुजरात हाईकोर्ट से तीस्ता सीतलवाड़ की जमानत याचिका पर सुनवाई में हो रही देरी पर सवाल उठाए थे।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि अगर किसी विशेष प्रावधान या अन्य याचिकाओं का अपवाद न रहे तो जमानत याचिका पर सुनवाई दो हफ्ते में और अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई छह हफ्ते में निपटाई जानी चाहिए। पीठ ने कहा जमानत याचिका स्वीकार करने और फिर उसी तारीख पर मामले की मेरिट पर विचार किए बिना उसे अंतिम सुनवाई के लिए हफ्तों के लिए स्थगित करने की प्रथा पर रोक लगाने की जरूरत है। हाईकोर्ट ने कहा किसी भी मामले में सब कुछ मामले की सुनवाई करने वाले न्यायाधीश के विवेक पर निर्भर करता है। यह जज पर छोड़ दिया जाना चाहिए।

## 2020 की घटना से पुलिस ने लिया सबक सिंघु बॉर्डर पर की छह लेयर की सुरक्षा व्यवस्था

**नई दिल्ली।** 2020 में सिंघु बॉर्डर पर किसानों को रोकने में हुई परेशानियों से सीख लेकर इस बार दिल्ली पुलिस ने जबरदस्त तैयारी की है। पुलिस ने अभी से ही सिंघु बॉर्डर के फ्लाईओवर के नीचे करीब छह लेयर की हैवी बैरिकेडिंग की है। ऐसे में पैदल आने जाने वाले लोगों का भी रास्ता बंद हो गया है। हालांकि लोगों को असुविधा न हो सिंघु बॉर्डर पर पूरी तरीके से ट्रैफिक को नहीं रोका गया है।

एनएच 44 पर फ्लाईओवर के उपर से दोनों तरह दिल्ली आने और जाने के लिए दो-दो लेन की सड़क ट्रैफिक के लिए खुली है। इससे हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल और जम्मू से आने वाले लोग इसी रास्ते का इस्तेमाल कर दिल्ली आ रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ पुलिस ने सुरक्षा को देखते हुए सिंघु बॉर्डर से लगे नरेला की छोटी बडी सड़कों को पुलिस की ओर से सील कर दिया गया है। पुलिस ने सिंघु बॉर्डर पर इस वक्त करीब पांच से छह फीट ऊंची सीमेंट और कंक्रीट के डिवाइडर लगाए हैं। इसके अलावा दो से तीन फीट के डिवाइडर वाले पत्थर भी रखे हैं। इनके उपर से कांटेदार तार भी लगाए हैं। इसके बाद लोहे के बैरिकेड्स और उसके बाद सड़क को खोदकर करीब 10 से 15 फीट उंचे लोहे के कंटेनर खड़े कर दिए हैं।

इनके बाद लोहे के बैरिकेड्स और उसके बाद सड़क खोदकर करीब 10 से 15 फीट उंचे लोहे कंटेनर और ट्रक को रिजर्व में रखा गया है। प्रशासन ने न सिर्फ सिंघु बॉर्डर पर हैवी व्हीकल्स को डायवर्ट कर दिया है, बल्कि नरेला से लगे हरियाणा के सभी छोटे बड़े रास्तों को भी बंद कर दिया है। इससे आसपास के गांवों में आने जाने वाले लोगों को अब परेशानी उठानी पड़ रही है। पिछले 24 घंटे के दौरान सिंघु बार्डर पर सुरक्षा और पुलिस के व्यापक प्रबंध देखने को मिले। भीड़ रोकने के लिए पुलिस ने चार स्तरीय सुरक्षा चक्र बनाया है। पुलिस ने सबसे पहले मिट्टी से भरे कंटेनरों को रोड पर लगाकर रास्ते को पूरी तरह से बंद किया है।

# पाकिस्तान में इमरान खान की पीटीआई ने भी ठोकी सत्ता पर दावेदारी, राष्ट्रपति से मिले पार्टी नेता

**इस्लामाबाद।** चुनाव नतीजों के बाद पीटीआई की कोर कमेटी की बैठक हुई, जिसमें सरकार और



संसदीय पदों पर लोगों की नामांकन प्रक्रिया को जल्द पूरा करने पर सहमति बनी। पार्टी केंद्र, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा में सरकार बना सकती है। पाकिस्तान में नवाज शरीफ की पीएमएल-एन और बिलावल भुट्टो जरदारी की पीपीपी के बीच गठबंधन सरकार बनाने को लेकर बात चल रही है। अब जेल में बंद इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने भी सरकार बनाने की कोशिशें तेज कर दी हैं। पार्टी ने कई विशेष समीतियों का गठन किया है, जो केंद्र में, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा राज्य में पीटीआई की सरकार बनाने की रणनीति बनाएंगी।

चुनाव नतीजों के बाद पीटीआई की कोर कमेटी की बैठक हुई, जिसमें सरकार और संसदीय पदों पर लोगों की नामांकन प्रक्रिया को जल्द पूरा करने पर सहमति बनी। पाकिस्तान आम चुनाव में पीटीआई समर्थित 101 निर्दलीय उम्मीदवार जीते हैं और पीटीआई सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। पीटीआई ने बयान जारी कर बताया कि उनकी पार्टी को रोकने की कोशिश की गई और अनैतिक तरीके से पार्टी पर दबाव बनाने की कोशिश की गई, लेकिन देश की जनता ने इमरान खान पर विश्वास रखा और अपने वोटों से इमरान खान को देशभक्ति का सर्टिफिकेट दिया है।

पीटीआई चुनाव में धांधली का भी आरोप लगा रही है और इसे लेकर उसके नेताओं ने राष्ट्रपति आरिफ अल्वी से मुलाकात की। पीटीआई का आरोप है कि चुनाव नतीजों गिनती के दौरान वे एक समय 170 नेशनल असेंबली सीटों पर आगे चल रहे थे, लेकिन इसके बाद पीएमएल-एन के पक्ष में चुनाव को मोड़ दिया गया। पीटीआई ने नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन और बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी पीपीपी के साथ गठबंधन से इनकार कर दिया है।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर श्वष्ट की टीम ने किया सिक्किम दौरा

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त के नेतृत्व में भारतीय चुनाव आयोग की टीम ने सिक्किम का दौरा किया। चुनाव आयोग की टीम ने राज्य में मुख्य सचिव, डीसीपी, राज्य पुलिस नोडल अफसर, विशेष डीसीपी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, गृह सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।

इस बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तार में चर्चा हुई। सोमवार को चुनाव आयोग ने तैयारियों की समीक्षा के लिए सभी जिला कलेक्टरों के साथ भी बैठक की।

असम सरकार ने मंगलवार को काजी नेमु (खट्टे नींबू) को राज्य फल घोषित कर दिया है। काजी नेमु अपनी अनोखी सुगंध और स्वास्थ्य लाभों के लिए जाना जाता है। असम के कृषि मंत्री अतुल बोरा ने विधानसभा में इसकी घोषणा की।

उन्होंने कहा, कल कैबिनेट की बैठक में काजी नेमु को राज्य फल के तौर पर मंजूरी दे दी गई है। यह हमारी सरकार का सराहनीय निर्णय है। अतुल बोरा ने बताया कि इस फल को 2016 में जीआई टैग मिला

**घोषणा**

> काजी नेमु अपनी अनोखी सुगंध और स्वास्थ्य लाभों के लिए जाना जाता है। असम के कृषि मंत्री अतुल बोरा ने विधानसभा में इसकी घोषणा की।

था। काजी नेमू का व्यावसायिक वृक्षारोपण किया जा रहा है। पिछले दो वर्षों में, इस फल को मध्य पूर्व सहित कई देशों में निर्यात किया गया है।

इस बीच, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि काजी नेमू को राज्य फल घोषित करने के निर्णय से इस फल को वैश्विक स्तर पर अधिक प्रमुखता आकर्षित करने में मदद मिलेगी।

बीजद के दो उम्मीदवारों ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन




दाखिल किया

राज्यसभा के 27 फरवरी को होने वाले चुनाव के लिए ओडिशा में बीजू जनता दल (बीजद) के उम्मीदवार के रूप में देबाशीष सामंत्रे और शुभाषीश खूंटिया ने नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, राज्य सरकार के मंत्रियों और विधायकों की उपस्थिति में दोनों उम्मीदवारों ने उच्च सदन में चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया।

हालांकि राज्यसभा की तीसरी सीट को लेकर स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। पटनायक ने सोमवार को दो ही उम्मीदवारों के नाम घोषित किए थे। बता दें कि केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और बीजद नेता प्रशांत नंदा तथा अमर पटनायक का राज्यसभा में कार्यकाल अप्रैल में समाप्त होने पर ये तीन सीट रिक्त होंगी। इस तरह की अटकलें भी चल रहीं हैं कि पटनायक तीसरे उम्मीदवार के रूप में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का नाम ले सकते हैं।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि उसने धनशोधन के एक मामले में कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के कई स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान 31 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी जब्त की गई। सूर्य नारायण रेड्डी और भरत रेड्डी के खिलाफ धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि यह राज्य के बेल्लारी में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिससे यह मामला उपजा है। तलाशी 10 फरवरी को ली गई।

जांच एजेंसी ने ने कहा कि उसे कुछ सबूत मिले हैं, जिससे संकेत मिलता है कि भरत रेड्डी ने विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कुछ महीनों में कथित तौर पर करीब 42 करोड़ रुपये नकद जुटाए। भरत ने धन का इस्तेमाल गैरकानूनी लेनदेन के लिए किया। ईडी की टीम को तलाशी में आपत्तिजनक दस्तावेज, व्यावसायिक रिकॉर्ड और चल व अचल संपत्तियों के विवरण का एक नेटवर्क मिला।

## भारतीय मूल के दो लोगों पर चलेगा मुकदमा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय मूल के दो लोगों पर वीजा पाने के लिए धोखाधड़ी करने के मामले में मुकदमा चलेगा। गौरतलब है कि दोनों ने लूटपाट का नाटक करके ये वीजा पाने की कोशिश की। हालांकि जांच में दोनों पकड़े गए। आरोपियों की पहचान रामभाई पटेल (36 वर्षीय) और बलविंदर सिंह (39 वर्षीय) के रूप में हुई है। दोनों पर मैसाचुसेट्स के बोस्टन में ये धोखाधड़ी करने का आरोप लगा है। रामभाई पटेल को बीते साल िसंबर में सिएटल से गिरफ्तार किया गया था। वहीं बलविंदर सिंह को क्वींस से दिसंबर में ही पकड़ा गया था। आरोप पत्र के अनुसार, मार्च 2023 में पटेल और उसके सहयोगी बलविंदर सिंह ने अमेरिका में नौ जनरल स्टोर, फास्ट फूड रेस्तरां और शराब की दुकानों पर लूटपाट का नाटक किया। दरअसल वे चाहते थे कि जिन जगहों पर लूटपाट हुई, उन स्टोर के क्लर्क ये दावा करें कि दोनों लूटपाट के पीड़ित है।

# इस्राइल को हथियारों की सप्लाई रोके अमेरिका राफा पर हमले के बाद नाराज हुआ यूरोपीय संघ

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि इस्राइल

**दबाव**

> राफा शहर पर हमले के बाद इस्राइल पर दुनियाभर से दबाव पड़ना शुरू हो गया है।

की सैन्य कार्रवाई चरम पर पहुंच चुकी है। बोरेल ने बाइडन के उस बयान का हवाला देते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि लोग मारे जा रहे हैं तो आपको कम मात्रा में हथियार देने चाहिए ताकि कई लोगों को मरने से बचाया जा सके।

राफा शहर पर हमले के बाद इस्राइल पर दुनियाभर से दबाव पड़ना शुरू हो गया है। यूरोपीय संघ की विदेश नीति के प्रमुख जोसेप बोरेल ने मांग की है कि इस्राइल के सहयोगी खासकर अमेरिका, इस्राइल को हथियारों की सप्लाई करना बंद



करे। बोरेल ने कहा कि गाजा में बड़ी संख्या में लोग मारे जा रहे हैं। बीते हफ्ते ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि इस्राइल की सैन्य कार्रवाई चरम पर पहुंच चुकी है। बोरेल ने बाइडन के उस बयान का हवाला देते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि लोग मारे जा रहे हैं तो आपको कम मात्रा में हथियार देने चाहिए ताकि कई लोगों को मरने से बचाया जा सके।

ब्रुसेल्स में मीडिया से बात करते हुए बोरेल ने कहा कि अमेरिका का युद्ध पर चिंता जताना और इस्राइल को हथियारों की सप्लाई जारी रखना लॉजिकल नहीं है। बोरेल ने कहा कि कितनी बार प्रमुख देशों के नेताओं और विदेश मंत्रियों ने लोगों के मारे जाने पर चिंता जतायी है। अगर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को लगता है कि नरसंहार हो रहा है और बड़ी संख्या में लोग मारे जा रहे हैं तो हमें शायद हथियारों के बारे में सोचने की जरूरत है। इस्राइल ने गाजा के राफा में हमले शुरू कर दिए हैं। गाजा पर हमले के बाद बड़ी संख्या में लोग राफा पहुंचकर वहां शरण लिए हुए थे। अब राफा में भी इस्राइल के हमले के बाद शरणार्थियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बोरेल ने पूछा कि क्या अब इस्राइल के पीएम राफा को भी खाली कराएंगे? अब वे लोगों को कहां भेजेंगे? चांद पर? इस दौरान संयुक्त राष्ट्र की UNRWA के प्रमुख फिलिप लाजारनी भी मौजूद थे। इस्राइल ने बीते दिनों आरोप लगाया था कि UNRWA के लोग भी इस्राइल पर बीते 7 अक्तूबर को हुए हमले में शामिल थे। इस्राइल ने संयुक्त राष्ट्र रिलीफ एंड वर्क्स एजेंसी फॉर फलस्तीन रिफ्यूजी (UNRWA) पर रोक लगाने की मांग की थी। इस्राइल के आरोपों के बाद कई देशों ने यूएनआरडब्लूए की फंडिंग रोकने का एलान कर दिया था।

# नीदरलैंड की कोर्ट ने सरकार को दिया आदेश

## इस्राइल को एफ-35 लड़ाकू जेट के पुर्जों की सप्लाई बंद करें

**एम्स्टर्डम।** इस्राइल और गाजा के बीच चल रहे संघर्ष के मध्य एक डच अदालत ने नीदरलैंड सरकार को गाजा पट्टी पर बमबारी में इस्राइल द्वारा इस्तेमाल किए गए एफ-35 लड़ाकू जेट के पुर्जों की डिलीवरी रोकने का आदेश दिया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अदालत ने अपने फैसले में कहा कि इस बात का स्पष्ट खतरा है कि नीदरलैंड जिन पुर्जों का निर्यात कर रहा है, उनका इस्तेमाल अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के गंभीर उल्लंघन में किया जा रहा है। अदालत ने कहा कि ऐसी संभावना है कि इस्राइल गाजा पर हमलों में अपने एफ-35 का इस्तेमाल कर रहा है, जिससे आम नागरिक हताहत हो रहे हैं।

हालांकि, सोमवार के फैसले के जवाब में, डच सरकार ने कहा कि वह इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील करेगी और तर्क देगी कि हथियार के पुर्जे इस्राइल की क्षेत्र में उदाहरण के तौर पर ईरान, यमन, सीरिया और लेबनान से खतरों से खुद को बचाने के लिए महत्वपूर्ण थे। रिपोर्ट के मुताबिक यह फैसला पिछले साल निचली अदालत के फैसले के खिलाफ एमनेस्टी



इंटरनेशनल और ऑक्सफैम की अपील के बाद आया, जिसमें उनके तर्क को खारिज कर दिया गया था कि पुर्जों की आपूर्ति ने कथित तौर पर गाजा में इस्राइल द्वारा मानवीय कानून के व्यापक पैमाने पर और गंभीर उल्लंघन में योगदान दिया।

इधर, मानवाधिकार संगठनों ने सरकार पर डिलीवरी को बनाए रखकर युद्ध अपराधों में शामिल होने का आरोप लगाया है। दिसंबर में एक अदालत ने मामले को खारिज कर दिया। इसमें कहा गया था कि सरकार को हथियारों के निर्यात पर राजनीतिक और नीतिगत मुद्दों को तौलने में काफी हद तक स्वतंत्रता है। हालांकि, अदालत ने अपील को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया कि राजनीतिक और आर्थिक चिंताएं युद्ध के कानूनों के उल्लंघन के स्पष्ट जोखिम को मात नहीं देतीं।

# जफराबाद पुलिस ने 06 चोरों को किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** थाना जफराबाद पुलिस द्वारा 06 चोरो को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 20 ई रिक्शा बैटरी, 01 तमंचा, 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर, 3430 रू0 नगद, 08 मोबाइल, एक स्कार्पियो सफेद रंग, एक मोटर साइकिल टीवीएस बरामद। डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक(नगर) के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर जौनपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र नाथ सिंह मय हमराह थाना जफराबाद की पुलिस फोर्स के को बेलाव घाट पुल के पास से मुखबीर की सूचना पर सड़क के दोनो तरफ पुलिस टीम बनाकर घेरा बन्दी करके पुलिस टीम के द्वारा अभियुक्तगण 1. सलमान खान पुत्र हसरत अली निवासी महरापुर कलीचाबाद थाना बक्शा जौनपुर 2.मोनू गौड़ पुत्र भोला गौड़ निवासी निवासी महरापुर कलीचाबाद थाना बक्शा जौनपुर 3.रमेश चौहान पुत्र राजपति चौहान निवासी कलीचाबाद थाना लाईन बाजार जनपद जौनपुर 4.सुल्तान पुत्र मोहम्मुद्दीन निवासी तरबकाजी थाना देवगाँव जनपद आजमगढ़ 5. सौकिन पुत्र रूस्तम निवासी कटघरा थाना कोतवाली जौनपुर 6.चन्द्रसेन चौहान उर्फ रवि पुत्र राजकुमार चौहान उर्फ झूल्लर निवासी ग्राम हकारीपुर थाना बक्शा जनपद जौनपुर को मु0अ0सं0 28/2024 धारा 379/411/413/414 भादवि थाना जफराबाद जनपद जौनपुर, 2.मु0अ0सं0 29/204 धारा 379/411/413/414 भादवि थाना जफराबाद जनपद जौनपुर, 3.मु0अ0सं0 30/204 धारा 379/411/413/414 भादवि थाना जफराबाद जनपद जौनपुर में चोरी गयी 20 ई-रिक्शा की बैट्रिया तथा एक 315 बोर का तमचा व एक 315 बोर का कारतूस तथा चोरी कीघटना मे प्रयुक्त एक सफेद स्कार्पियो नं0 UP32CP4404 व एक मोटरसाइकिल नं0 P62CH-8631 व 08 मोबाइल फोन तथा 3430 रूपया नगद बरामद हुआ । बरामद तमंचा के आधार पर थाना स्थानीय पर अभियुक्त सलमान खान पुत्र हसरत अली निवासी महरापुर कलीचाबाद थाना बक्शा जौनपुर के विरूद्ध मु0अ0सं0 31/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया । अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही।

## इनकम टैक्स डाटा पेंशनर 24 फरवरी तक जमा करें गणना प्रपत्र

**प्रयागराज।** मुख्य कोषाधिकारी प्रयागराज प्रत्यूष कुमार ने कहा है कि कोषागार कलेक्ट्रेट प्रयागराज के माध्यम से पेंशन प्राप्त करने वालें ऐसे समस्त आयकर की श्रेणी में आने वाले पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों को अवगत कराया जाता है कि आपकी माह जनवरी, 2024 की पेंशन आपके खाते में 01 फरवरी को प्रेषित की जा चुकी है, तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में केवल माह फरवरी की पेंशन भुगतान हेतु शेष है। पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनर वर्ष 2023-24 का आयकर आगणन विवरण बचत के साक्ष्यों के साथ कोषागार प्रयागराज में अनिवार्य रूप से 24 फरवरी तक जमा करने का कष्ट करें ताकि कोषागार द्वारा आयकर की गणना उपरान्त नियमानुसार आयकर की कटौती कर माह फरवरी, 2024 की पेंशन प्रेषित की जा सके।

# रोजगार मेले में 137 को मिला सेलेक्शन, 325 ने किया प्रतिभाग

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** विकास खण्ड सिरकोनी के परिसर में 13 फरवरी 2024 दिन मंगलवार को विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया, जिसमें 325 से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया। साक्षात्कार में 137 सफल प्रतियोगियों का चयन मौके पर उपस्थित कंपनियों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख बंसराज सिंह, विशिष्ट अतिथि बीडीओ रेनू चौधरी ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी के विजन कौशल विकास मिशन द्वारा विकास खण्ड स्तर पर आयोजित रोजगार मेला से बेरोजगारों को अत्यधिक लाभ मिल रहा है। आज के युवा को इस रोजगार मेला की अत्यधिक आवश्यकता है। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, जिला सेवायोजन विभाग व कौशल विकास मिशन के सयुक्त तत्वाधान में विकास खण्ड स्तरीय निःशुल्क रोजगार मेला का आयोजन कराया जा रहा है। जो कि 4 मार्च 2024 तक सभी ब्लाक में क्रमशः लगाया जाएगा। सिरकोनी ब्लॉक में आयोजित रोजगार मेला में विभिन्न क्षेत्रों की 8 कंपनियों ने साक्षात्कार करके 137 अभ्यर्थियों का चयन किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन जौनपुर मनीष पॉल, मंडल अध्यक्ष सिरकोनी रमेश चंद्र जायसवाल मेला प्रभारी प्रभात पांडेय, अनूप पांडेय समेत कौशल विकास संबंधित सभी कंपनियों के एच0आर0 उपस्थित रहे। अगला रोजगार मेला 14 फरवरी 2024 दिन बुधवार को सिकरारा ब्लॉक जौनपुर में आयोजित किया जाएगा।

# नए सिद्धांत को विकसित करने में ईएफए प्रभावशाली टुल्सः प्रो. एस. एम. खान

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में संकाय भवन के कांफ्रेंस हाल में चल रहे भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दो साप्ताहिक कार्यशाला को प्रोफेसर एस. एम खान अलीगढ़ विश्वविद्यालय ने प्रतिभागियों को सम्बोधित किया।

उन्होंने कहा कि कनफरमेंटरी फैक्टर एनालिसिस( सीएफए) माडल और एसपोरेटरी फैक्टर एनलासिस ( ईएफए) प्रभावशाली और बहुमुखी टूल हैं जिससे आपके डेटा को समझने और सरल बनाने, चर की संख्या को कम करने और अव्यक्त कारकों की पहचान करने में आपकी सहायता कर सकते हैं। उन्होंने बताया ऐसे टूल शोधकर्ता को विभिन्न मॉडलों का परीक्षण करने उनके संकेतकों की वैधता और विश्वसनीयता को मापने के साथ-साथ नई अंतर्दृष्टि खोजने की भी अनुमति देते हैं।

वही सीएफए और ईएफए के बीच चयन आपके शोध प्रश्न, आपके डेटा और आपके मॉडल पर निर्भर करता है। आम तौर पर, आप सीएफए का उपयोग तब करते हैं जब आपके पास अपने मॉडल के लिए एक मजबूत सैद्धांतिक या अनुभवजन्य आधार होता है, और आप इसकी वैधता और विश्वसनीयता का परीक्षण करना चाहते हैं।

आप ईएफए का उपयोग तब करते हैं जब आपको अपनी डेटा संरचना के बारे में कोई पूर्व ज्ञान नहीं है या बहुत कम है, और आप इसके आयामों और पैटर्न का पता लगाना चाहते हैं। और ये हमे बेहतर निर्णय लेने में मदद करता हैं। मूलतः नए सिद्धान्त को विकसित करने में ऐसे शोध बहुत सहायक होते हैं। इसके लिए खुशी को मापने का उदाहरण देते हुए उसके विभिन्न आयामों व उसकी वैधनिकता को विस्तार पूर्वक समझाया। इस अवसर पर प्रो. अजय प्रताप सिंह, डॉ. मनोज पांडेय, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, अनुपम, श्रुति श्रीवास्तव, दीपक कुमार यादव, एजाज अहमद, डॉ. दया सिंधु, डॉ. विवेक मिश्रा, डॉ. कपिलदेव, डॉ. वीरेंद्र कुमार साहू, डॉ. दीपक कुमार दास प्रतिमा मौर्या आदि उपस्थित थीं।

## हटाए गए इलाहाबाद वि.वि. के चीफ प्राक्टर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रों के लगातार आंदोलन के बाद कुलपति ने चीफ प्राक्टर प्रोफेसर राकेश सिंह को हटा दिया है। कुलपति ने एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया है जो छात्र अभिषेक गुप्ता की पिटाई के मामले की जांच करेगी। जांच कमेटी को एक माह के अंदर जांच पूरी कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। रिपोर्ट आने तक भौतिक विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर के एन उत्तम कार्यवाहक के चीफ प्राक्टर का दायित्व संभालेंगे। रजिस्ट्रार प्रोफेसर एन क शुक्ला ने इस संबंध में पत्र जारी कर दिया है जिसमें स्पष्ट किया गया है कि जांच कमेटी अपनी रिपोर्ट एक माह के भीतर कुलपति को सौंपेगी। जांच कमेटी में के अध्यक्ष वनस्पति विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर शिवमोहन प्रसाद व संयोजक अस्सिटेंट रजिस्टार सुनील कुमार यादव हैं। इसके अलावा कमेटी में चार अन्य सदस्य जैव रसायन विभाग के प्रोफेसर सी रिजवी, विधि विभाग के प्रोफेसर आदेश कुमार व चंदा देवी तथा पृथ्वी एवं योजना विभाग के प्रोफेसर प्रियंवदा सिंह शामिल हैं।

# मूल्यांकन सुचितापूर्ण और समय पर पूरा करेः प्रो. वंदना सिंह

- पीयू परिसर के सभी पाठ्यक्रमों का मूल्यांकन कार्य शुरू

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के सभी पाठ्यक्रमों की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन का कार्य मंगलवार से शुरू हो गया है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह, परीक्षा नियंत्रक अजीत प्रताप सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मूल्यांकन की शुरूआत करायी। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए समयबद्ध सुचितापूर्ण मूल्यांकन हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सुचिता पूर्ण एवं पूरी तन्मयता के साथ समय पर संपन्न करें जिससे परीक्षा परिणाम नियत समय पर घोषित किया जा सके। इस अवसर पर तकनीकी प्रकोष्ठ समन्वयक डॉ0 अमरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पूरी मूल्यांकन समिति अपने कार्य के प्रति पूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए मूल्यांकन कार्य को पूर्ण पारदर्शी तरीके से समय पर संपन्न कराने हेतु तत्पर है। उक्त अवसर पर प्रो. बीबी तिवारी, सह समन्वयक मूल्यांकन प्रवीण कुमार सिंह, अशोक कुमार यादव सह समन्वयक परीक्षा परिणाम समिति डॉ. धर्मेंद्र सिंह, सत्यम कुमार उपाध्याय, सतीश सिंह, श्याम त्रिपाठी, लाल बहादुर, अंकुर यादव इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## सछास के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कुलानुशासक मामले को बताया छात्रों की जीत

**प्रयागराज।** समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय सम्राट ने कहा कि यह जीत इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले समस्त छात्र छात्राओं की जीत है। कमेटी द्वारा यदि निष्पक्ष जांच की जाती है तो निश्चित ही छात्र अभिषेक गुप्ता को न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि मैं कुलपति से मांग करता हूं कि इस अहिंसक आंदोलन के दौरान जिन भी निर्दोष छात्रों के ऊपर निलंबन कारण बताओ नोटिस या कोई भी कार्यवाही हुई है उसे तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का आदेश दिया जाए। जिससे छात्र सुचारू रूप से पठन पाठन कर सके। समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय सम्राट ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आभार व्यक्त किया। इस अन्याय के खिलाफ छात्रों की लड़ाई में सोशल मीडिया के माध्यम से और सदन में मजबूती से पीड़ित छात्र की आवाज को उठाई और समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ इमरान का भी आभार व्यक्त किया।

# स्कूलों पर डग्गामार वाहनों की भरमार

- आये दिन स्कूल वाहनों से हो रही दुर्घटनाओं से अभिभावकों में भय

अवधनामा संवाददाता



**फरिहा, आजमगढ़।** निजामाबाद तहसील अंतर्गत फरिहा क्षेत्र के आस पास के स्कूल संचालकों द्वारा बच्चों को लाने और ले जाने के लिए ज्यादातर डग्गामार वाहनों का प्रयोग किया जा रहा है। क्षेत्र में आये दिन स्कूल वाहनों द्वारा दुर्घटना होने से अभिभावक बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

शाह आलम फराही अभिभावक ने बताया कि फरिहा क्षेत्र में जो विद्यालय संचालित हो रहे हैं। बच्चों को ले जाने ले जाने का कार्य स्कूल संचालक वाहनों द्वारा करते हैं। स्कूलों द्वारा वाहनों का प्रयोग तो किया जाता है लेकिन उनके वाहनों की देखरेख से लेकर वाहनों का फिटनेस कागजात सभी अपूर्ण रहता है और वाहन पुराने हो जाने के कारण हमेशा दुर्घटना ग्रसित हो रही है कहीं बच्चों से भरी स्कूल वाहन पलट रहे हैं तो कहीं पर दुर्घटना ग्रसित हो रही है। स्कूल संचालक वाहन चालकों को प्रशिक्षण के नाम पर खाना पूर्ति मात्र वाहनों को चलवा रहे हैं किसी का ड्राइवरी लाइसेंस नहीं है तो कोई चालक शराब के नशे में द्युत होकर बच्चों भारी वाहनों को ले जाने ले आने का कार्य कर रहा है फरिहा क्षेत्र में अक्सर स्कूल वाहनों की पलटने की खबरें मिलती रहती है इस कार्य से अभिभावक अपने बच्चों के भविष्य को लेकर काफी चिंतित हैं। अभिभावक अपने बच्चों के भविष्य को लेकर काफी चिंतित है की बच्चों का भविष्य किसके हाथों में दिया जाए कि सुरक्षित रहे। इसी क्रम में अभिभावक ग्रामवासी अबुल कैश ने बताया कि अक्सर देखने को मिलता है स्कूल संचालक स्कूल का संरक्षण कर रहे हैं लेकिन वाहनों को देखरेख नहीं कर रहे हैं स देखने में मिल रहा है मिलता है बच्चों से भरी वाहनों को अनट्रेन्ड चालकों के हाथों में सौंप दिया जाता है सचालक कानों में लीड लगाए हुए वाहनों को चलाते हैं और कहीं नशे में धुत होकर वाहनों को तेज गति से चला कर गांव में आते जाते हैं स मना करने पर मानते भी नहीं है सइन वाहन चालकों की वजह से बच्चों का भविष्य खतरे में है।

# केचुआ खाद एक सम्पूर्ण जैविक खादः डॉ. माथुर

- वर्मीकम्पोस्ट पिट का उद्घाटन एवं वर्मीकम्पास्ट बनाने की विधि का प्रर्दशन संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** चौधरी महादेव प्रसाद के जन्तु विज्ञान विभाग में आज वर्मीकम्पोस्ट पिट का उद्घाटन हुआ एवम् केचुआ खाद बनाने की विधि का प्रदर्शन भी किया गया। इस कार्यक्रम में सभी का स्वागत डा0विनीता जयसवाल, समन्वयक, जन्तु विज्ञान विभाग ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. वन्दना माथुर, पूर्व संयोजिका जन्तु विज्ञान विभाग थी। डा. माथुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि केचुआ खाद एक सम्पूर्ण जैविक खाद है। इसका प्रयोग सभी फसलो में किया जाता है। केचुआ खाद से खाद के साथ केचुऐ भी प्राप्त हो जाते हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवम् प्रशिक्षक डा. नौशाद आलम, वैज्ञानिक, चन्द्रशेखर आज़ाद कृषि एवम् तकनीकी विश्वविद्यालय, कानपुर थे। डा. आलम ने केचुआ खाद बनाने की पूरी विधि की जानकारी दी तथा वर्मी पिट को पूरी तरह से प्रशिसण ले रहे विधार्थियों से भरवा कर तैयार करवाया। डा. आलम में बताया कि यह खाद लगभग दो महीने में तैयार हो जायेगी। इसमें केचुओं की संख्या चार गुनी हो जायेगी। इस खाद से हमारी मृदा की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। इस कार्यक्रम का संचालन डा. हेमलता पन्त एवम् धन्यवाद ज्ञापन डा. ज्योति वर्मा क्रमशः, सहसंयोजिका एवम् संयोजिका, शार्ट टर्म कोर्स वी. वी. वी एस द्वारा किया गया। इस कार्यकम में डा. दीपक गोंड़ सहित आदित्य, अनुराधा, निधि, अर्पिता, सिमोनी सहित 36 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

# विकासखण्ड रामपुर में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक हुई संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (रामपुर)** विकासखंड रामपुर में मंगलवार को ब्लॉक प्रमुख राहुल सिंह एवं खंड विकास अधिकारी रिचा सिंह ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ बैठक कर विकास कार्यो की समीक्षा की, तथा नए कार्यो की कार्य योजना पर भी विचार कर ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरलॉकिंग रोड, हाई मास्क लाइट, सहित सरकार की अन्य योजनाओं को विकास की मुख्य धारा में जोड़ने पर बल दिया गया, साथ ही साथ क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने क्षेत्र मे जनमानस की सुविधा के अनुरूप विकास कार्यो एवं आवश्यकताओं को सक्षम अधिकारीयों को अवगत कराया, इस अवसर पर ,अवध नारायण, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत ) मार्तंड सिंह (बड़े बाबू), प्रवीण कुमार सिंह (ए. डी. ओ .एस.टी.) विनोद कुमार (ए. डी.ओ.एम.ओ) रामजीत पाल (ए.डी.ओ. आइ.एस.बी )शुभम मौर्य (बी.ओ.) उमाशंकर (बड़े बाबू ) चंदन सिंह प्रधान ललित सिंह , सिंटू सिंह ,पंकज सिंह , सानू सिंह ,विपुल सिंह , शुभम सिंह, अभय कुमार सरोज, दीपक सरोज,,आकाश यादव,सत्येंद्र कुमार, रवीश मौर्या, बालमुकुन्द ,अशोक कुमार, एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत 'नंदिनी कृषक समृद्धि योजना' की हुई शुरुआत

अवधनामा संवाददाता

- उत्तर प्रदेश में गोवंशीय पशुओं की नस्ल सुधार और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने में योगी सरकार बड़ी पहल
- ई-लॉटरी के माध्यम से पांच लाभार्थियों का चयन
- स्वदेशी गोवंश के संवर्धन के लिए सरकार की तरफ से दी जा रही है सब्सिडी

**प्रयागराज।** यूपी सरकार उत्तर प्रदेश में किसानों के साथ पशुपालकों की आमदनी बढ़ाने के लिए भी प्रयत्न कर रही है। सरकार की तरफ से इसके लिए जहां गायों की डेयरी खोलने में सब्सिडी दी जा रही है तो वहीं दूसरी तरफ स्वदेशी गोवंश की नस्ल सुधार के प्रयास भी किए जा रहे हैं। नंद किशोर दुग्ध मिशन के अंतर्गत शुरू की गई तीन प्रमुख योजनाओं में प्रयागराज जनपद को भी शामिल किया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर गोवंशीय पशुओं के दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने और किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लिए नंदिनी कृषक समृद्धि योजना लॉन्च की गई है।

योजना के प्रथम चरण में प्रदेश के जिन 10 मंडलों के जनपद मुख्यालय का चयन किया गया है उसमें प्रयागराज जनपद भी शामिल है। इसमें प्रथम चरण में 25 दुधारू देसी नस्ल की गायों की 35 इकाइयां स्थापित की जानी हैं ।

इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक लाभार्थी को 62 लाख की लागत की दुधारू गो वंश की इकाई स्थापित करनी होगी। इसमें योजना का 15 फीसदी स्वयं लाभार्थी लगाएगा, 35 फीसदी का उसे ऋण दिया जायेगा और 50 फ़ीसदी सरकार की तरफ से अनुदान दिया जाएगा। यह योजना देसी नस्लों के लिए है जिसमें साहीवाल, गिर, थारपारकर और गंगातीरी शामिल हैं। लाभार्थी 25 जानवर रख सकता है ।

प्रयागराज में भी इसकी शुरुआत हो गई है। जिला पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.अनिल कुमार सिंह के मुताबिक विकास भवन में मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ई -लाटरी के माध्यम से नन्द बाबा दुग्ध मिशन अंतर्गत नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के पांच लाभार्थियों का चयन कर लिया गया है। अधिकारी के मुताबिक़ इस योजना के अंतर्गत जनपद स्तर पर 28 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 20 आवेदन नियमानुसार पात्र पाए गए। जनपद को आवंटित लक्ष्य 5 के सापेक्ष 20 आवेदन प्राप्त होने के कारण पांच लाभार्थियों का चयन सुसंगत शासनादेश के अंतर्गत दिए गए प्रावधान के नियमानुसार विकास भवन कार्यालय में ई-लाटरी के माध्यम से किया गया। विकास भवन कार्यालय में मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में चयन समिति के सदस्यों की मौजूदगी में किया गया। समिति में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, उप दुग्ध शाला विकास अधिकारी, एवं लीड बैंक मैनेजर तथा लाभार्थियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। जिसमे 5 लाभार्थियों का चयन किया गया जबकि दो अन्य लाभार्थी प्रतीक्षा सूची में रखे गए है।

जिन पांच लोगों का इसमें चयन किया गया है उसमे श्रृंगवेरपुर से अभिनव मिश्रा, शंकरगढ़ से भानु प्रताप सिंह , नेवरिया कौड़िहार से प्रदीप कुमार सिंह, कीडगंज सदर से शकुंतला सिंह और मऊआइमा से विवेक कुमार सिंह शामिल हैं।

# सपा के युवा फ्रंटल सगठनों की नई कार्यकारिणी घोषित

- लोहिया वाहिनी में नवीन यादव पुनः बने जिलाध्यक्ष गंगापार
- युवजन सभा, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड में नये लोंगो को मिली जगह, छात्र सभा के जिला अध्यक्ष की घोषणा अभी बाकी

अवधनामा संवाददाता




**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के युवा फ्रंटल संगठनों की बहुप्रतिक्षित नई कार्यकारिणी की घोषणा हो गई जो सोमवार को देर शाम तक समाजवादी पार्टी के सोसल मीडिया पेज पर प्रकाशित की गई। युवा फ्रंटल संगठनों के मनोनीत पदाधिकारियों से पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूती प्रदान करने के साथ ही सत्ता के खिलाफ जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष को और अधिक धार देने की काफ़ी उम्मीद जताई जा रही है। ऐसा माना जाता है कि पार्टी के चारों युवा संगठनों पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की विशेष निगहबानी भी रहती है। प्रदेश स्तर पर घोषित नई कार्यकारिणी में संदीप यादव को युवजन सभा का पुनः प्रदेश उपाध्यक्ष, शहादत अली को लोहिया वाहिनी में प्रदेश सचिव, यथान्स केसरवानी को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड में प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं सुमित विश्वकर्मा को छात्र सभा का प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

फ्रंटल संगठनों के नये जिलाध्यक्ष पद पर लोहिया वाहिनी में नवीन यादव को पुनः जिलाध्यक्ष गंगापार एवं शुभम सिंह सरोज को महानगर अध्यक्ष नामित किया गया है। यमुनापार अध्यक्ष की घोषणा बाकी है। युवजन सभा में प्रिंस सिंह बागी को जिलाध्यक्ष गंगापार, नितेश तिवारी को जिलाध्यक्ष यमुनापार एवं अरुण यादव को महानगर अध्यक्ष नामित किया गया है।

मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड में आसुतोष तिवारी जिलाध्यक्ष गंगापार, विमल कुमार निषाद जिलाध्यक्ष यमुनापार, सैफ फरीदी को महानगर अध्यक्ष नामित किया गया है। युवा संगठनों के मनोनीत पदाधिकारियों को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में अनिल यादव, पप्पूलाल निषाद, सैयद इफ़्तेखार हुसैन, डॉ मान सिंह यादव, श्रीमती विजमा यादव, हाकिम लाल बिन्द, गीता शास्त्री, श्याम लाल पाल, संदीप पटेल, जोखू लाल यादव, हाजी परवेज अहमद, अंसार अहमद, सत्यवीर मुन्ना, कमल सिंह, पंधारी यादव, कृष्ण मूर्ति सिंह,नरेन्द्र सिंह, अमरनाथ सिंह मौर्य, रमाकांत पटेल, कमला यादव, दान बहादुर मधुर,आर. एन. यादव, रविन्द्र यादव, सुमन शर्मा, सत्यभामा मिश्रा, मंजू यादव, प्रतिमा रावत, राजू पासी, रिपु सूदन एडवोकेट, संतलाल वर्मा, संदीप यादव, कुलदीप यादव, अरविन्द वर्मा, इंजी विक्रम यादव,सचिन श्रीवास्तव, डॉ राजेश यादव, संजीव यादव, कमलेश गुप्ता आदि हैं।

## पूर्व विधायक मलिक मसूद का इलाज के दौरान निधन

**आजमगढ़।** पूर्व विधायक मलिक मसूद जी का हुआ निधन। आजमगढ़ की सगड़ी विधानसभा क्षेत्र से सन 2002 में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर विजेता बने पूर्व विधायक मलिक मसूद जी का मंगलवार को प्रातः 4:00 बजे 82 साल की उम्र में लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल में इलाज के दौरान निधन हो गया। बता दे की मालिक मसूद जी सन 2002 में अपने निकटतम प्रतिद्वंदी समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे पूर्व पर्यावरण मंत्री रहे स्वर्गीय रामप्यारे सिंह जी को भारी मतों से हराकर यह चुनाव जीता था और वह जनता में काफी लोकप्रिय भी रहे। मलिक साहब काफी लंबे समय से बीमार चल रहे थे हाई शुगर के कारण आपकी किडनी फेल हो गई थी जिसके कारण इलाज के दौरान आज सुबह आपका निधन हो गया ।जैसे ही यह समाचार सगड़ी की जनता के बीच में पहुंचा लोगों में शोक की लहर दौड़ गई।

# सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट के साथ बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य की अध्यक्षता मे हरिऔध कला केंद्र मे उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा को नकल विहीन, शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट के साथ बैठक सम्पन हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया की उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांक 17 फरवरी 2024 एवं 18 फरवरी 2024 (शनिवार एवं रविवार) को विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर दो सत्र में (पूर्वान्ह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं अपराह्न 03:00 से 05:00 बजे तक) जनपद आजमगढ़ के 68 परीक्षा केन्द्रों पर संचालित हो रही है, जिसमें कुल 31944 (प्रति पाली) अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। उन्होने ने बताया की जनपद में निर्धारित 68 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा की सुचिता बनाए रखने, परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करने एवं शान्ति विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करने व परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सामग्री पहुँचाने हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा परीक्षा को नकल विहीन, शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं प्रत्येक केन्द्र पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है। सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा के दौरान अपने सेक्टर के परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमणशील रहते हुए पर्यवेक्षक से समन्वय बनाये रखेंगे तथा सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षा की शुचिता बनी रहे।

पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि केन्द्र व्यवस्थापक परीक्षा केन्द्र में परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु सभी व्यवस्थाओं के लिए उत्तरदायी होंगे। समस्त केन्द्र व्यवस्थापक नकल विहीन, निर्विघ्न एवं सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराये जाने तथा परीक्षा हेतु आवश्यक व्यवस्था हेतु उत्तरदायी होगें। उन्होने पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभ्यर्थीयो की फ्रिस्किंग ठीक से कराये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) श्री राहुल विश्वकर्मा, डीआईओएस उपस्थित रहे।

# 20 लाख करोड़ रुपये का मार्केट कैप हासिल करने वाली पहली भारतीय कंपनी बनी रिलायंस

**नई दिल्ली।** मंगलवार को कंपनी का स्टॉक बीएसई पर 1.89% तक बढ़कर 52-सप्ताह के उच्च स्तर




2957.80 रुपये पर पहुंच गया। पिछले दो सप्ताह में ही शेयर का बाजार मूल्य एक लाख करोड़ रुपये बढ़ गया है।

मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) के शेयर आज 20 लाख करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण का लक्ष्य पार करने वाली पहली सूचीबद्ध भारतीय कंपनी बन गई। मंगलवार को कंपनी का स्टॉक बीएसई पर 1.89% तक बढ़कर 52-सप्ताह के उच्च स्तर 2957.80 रुपये पर पहुंच गया। पिछले दो सप्ताह में ही शेयर का बाजार मूल्य एक लाख करोड़ रुपये बढ़ गया है। 29 जनवरी को यह 19 लाख करोड़ रुपये के स्तर को छू गया था। इस कैलेंडर वर्ष में अब तक, भारत के सबसे मूल्यवान स्टॉक की कीमत लगभग 14न्न बढ़ गई है।

रिलायंस के मार्केट कैप में हुई हालिया बढ़ोत्तरी से इसके मुखिया मुकेश अंबानी की कुल संपत्ति केवल 2024 में ही 12.5 अरब डॉलर बढ़कर 109 अरब डॉलर हो गई है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के अनुसार वे सबसे अमीर भारतीय हैं और दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 11वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

मुंबई स्थित रिलायंस समूह तेल-से-दूरसंचार क्षेत्र में कारोबार करता है और बाजार में इसकी अपनी एक अलग पैठ है। आरआईएल ने अगस्त 2005 में 1 लाख करोड़ रुपये का बाजार पूंजीकरण हासिल किया था और नवंबर 2019 में यह 10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। अब 20 लाख करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण के साथ, आरआईएल भारत में सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई है, जो टीसीएस (15 लाख करोड़ रुपये), एचडीएफसी बैंक (10.5 लाख करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (7 लाख करोड़ रुपये), और इंफोसिस (7 लाख करोड़ रुपये) जैसी अन्य कंपनियों से बहुत आगे है।

दिसंबर तिमाही के लिए आरआईएल के वित्तीय परिणाम बाजार की उम्मीदों के अनुरूप रहे। रखरखाव गतिविधियों के कारण कंपनी का OwC EBITDA तिमाही आधार पर 14% कम होकर 140.6 बिलियन तक गिर गया। हालांकि, जियो का EBITDA तिमाही आधार 1.4% बढ़कर 142.6 बिलियन रुपये हो गया, और रिटेल का EBITDA तिमाही आधार पर 8% बढ़कर 62.7 बिलियन रुपये हो गया।

## अदाणी समूह से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट से पुनर्विचार का अनुरोध, याचिका दाखिल

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर तीन जनवरी के उस फैसले पर पुनर्विचार का अनुरोध किया गया है जिसमें अदालत ने अदाणी समूह पर लगे शेयर मूल्य में हेरफेर करने के आरोपों की जांच विशेष जांच दल या सीबीआई को सौंपने से इनकार कर दिया था। अपने फैसले शीर्ष अदालत ने सीबीआई या एसआईटी जांच का आदेश देने से इनकार कर दिया था और अपने फैसले में कहा था कि बाजार नियामक सेबी आरोपों की व्यापक जांच कर रहा था और इस जांच पर भरोसा किया जा सकता है। इस फैसले को अदाणी समूह के लिए एक महत्वपूर्ण जीत माना जा रहा था। याचिका में दावा किया गया कि फैसले में गलतियां और त्रुटियां हैं और याचिकाकर्ता के वकील को मिली कुछ नई सामग्री के मद्देनजर फैसले पर पुनर्विचार के पर्याप्त कारण हैं। पुनर्विचार याचिका अनामिका जायसवाल द्वारा दायर की गई है, जो मामले में याचिकाकर्ताओं में से एक थीं।

# वेस्टर्न डिजिटल ने सीसीटीवी स्टोरेज के लिए अतिआवश्यक फीचर्स के बारे में बताया

**नई दिल्ली।** सीसीटीवी एप्लीकेशंस के विकसित होते परिवेश में सिक्योरिटी के लिए पारंपरिक क्षेत्रों के अलावा अन्य विभिन्न सेक्टर्स जैसे रिटेल मैनेजमेंट और परिवहन में भी स्मार्ट वीडियो का महत्व बढ़ा है। यूज़र-फ्रेंडली विकल्पों से लेकर आधुनिक आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस (एआई) युक्त डिवाईसेज़ तक विभिन्न कैमरों की उपलब्धता के साथ भारत में सीसीटीवी बाजार के तेजी से विस्तार करते हुए 3.30 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2028 तक 8.43 बिलियन डॉलर तक पहुँच जाने की संभावना है। (स्रोत)

स्मार्ट वीडियो सेटअप के महत्वपूर्ण तत्वों में विशेष स्टोरेज की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रभावी सीसीटीवी ऑपरेशंस के लिए अत्यधिक क्षमता वाले स्टोरेज समाधानों की जरूरत है, ताकि 24/7 वीडियो कैप्चर संभव हो सके। इसके लिए एक विशाल स्टोरेज में निवेश करना बहुत जरूरी है, फिर चाहे वह ऑन-कैमरा माईक्रो एसडीटीएम




कार्ड्स में हो या हार्ड डिस्क ड्राईव में। वेस्टर्न डिजिटल द्वारा डब्लूडी पर्पल प्रो स्मार्ट वीडियो एचडीडी 22 टीबी तक की स्टोरेज क्षमता प्रदान करती है, जो सीसीटीवी सेटअप के लिए अति उत्तम है। इसी प्रकार ऑन-कैमरा स्टोरेज विकल्प, डब्लूडी पर्पल एससी क्यूडी101 अल्ट्रा एंड्योरेंस माईक्रो एसडी कार्ड 1 टीबी तक की स्टोरेज क्षमताएं प्रदान करता है।

वेस्टर्न डिजिटल के सीनियर डायरेक्टर, सेल्स, इंडिया, खालिद वानी ने कहा, ''डब्लूडी पर्पल पोर्टफोलियो को सीसीटीवी की विकसित होती हुई जरूरतों के अनुरूप बनाया गया है, ताकि 22 टीबी तक के डब्लूडी पर्पल प्रो स्मार्ट वीडियो एचडीडी जैसे उच्च क्षमता के समाधान प्रदान किए जा सकें। 24/7 विश्वसनीयता के लिए डिज़ाइन किए गए हमारे डब्लूडी पर्पल माईक्रोएसडी कार्ड अत्यधिक सहनशील हैं। डब्लूडी पर्पल प्रो ड्राईव्स में ऑलफ्रेम एआई टेक्नॉलॉजी है, जो सिस्टम में सुगम वीडियो प्लेबैक सुनिश्चित कर डीप लर्निंग एनालिटिक्स को सपोर्ट करती है।''

सीसीटीवी स्टोरेज सॉल्यूशंस के लिए ज्यादा सहनशीलता जरूरी होती है, ताकि वो चुनौतीपूर्ण मौसम में भी काम कर सकें और डाउनटाईम कम से कम हो।

## टोयोटा हाईलक्स डर्ट बाइक रेस के दूसरे दौर में लाया और उत्साह

**अहमदाबाद।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने गये साल जून में, गर्व के साथ इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग (आईएसआरएल) के संग अपने सहयोग की घोषणा की थी। जाना-माना हाईलक्स इसका आधिकारिक वाहन भागीदार है। यह आईएसआरएल भारत में दुनिया की पहली फ्रेंचाइजी-आधारित सुपरक्रॉस रेसिंग लीग का प्रतीक है। इस साल, लीग ने तीन-राउंड के सीज़न का आयोजन किया है, जो जनवरी 2024 के दौरान पुणे में समाप्त होने वाली अपनी पहली, डर्ट बाइक रेसिंग के साथ शुरू हुआ। इसके बाद, आईएसआरएल सीज़न का दूसरा चरण 11 फरवरी 2024 को अहमदाबाद के ट्रांस स्टेडिया में आयोजित किया गया था। यह टीकेएम और आईएसआरएल के बीच साझेदारी अविस्मरणीय अनुभव तैयार करने, दर्शकों को लुभाने और देश में मोटरस्पोर्ट्स व ऑटोमोबाइल के उत्साही लोगों के लिए नए मानक स्थापित करने के लिए जारी है।

वैश्विक स्तर पर, मोटरस्पोर्ट्स में टोयोटा का एक मजबूत इतिहास है जो 60 साल से भी अधिक पुराना है। इसमें भिन्न प्रमुख मोटरस्पोर्ट आयोजनों में शामिल होना, जुड़ना और चैम्पियनशिप, डकार रैली, वर्ल्ड एंड्योरेंस चैम्पियनशिप आदि में भाग लेना शामिल हैं। टोयोटा के मोटरस्पोर्ट डिविजन जैसे टोयोटा रेसिंग डेवलपमेंट (टीआरडी) और टोयोटा गाजू रेसिंग (टीजीआर) के पास रेसिंग की एक विरासत है जिसके कारण पिछले कुछ वर्षों में ज्ञान का विस्तार हुआ है और लगातार बेहतर कारों का विकास हुआ है। टोयोटा का दृढ़ता से मानना है कि ' हर किसी के अंदर एक रेसर होता है और टीम का हिस्सा होने का मतलब कुछ बड़ा बनाने और एक साथ इतिहास बनाने में भूमिका निभाना है।

आईएसआरएल दर्शकों का उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से हाईलक्स ने विभिन्न बाधाओं के साथ बारीकी से डिजाइन किए गए उबड़-खाबड़ ट्रैक पर लुभावनी ऑफ-रोडिंग प्रस्तुतियां दीं, जिनमें आर्टिक्यूलेशन, साइड- इनक्लाइन, खड़ी पहाड़ी चढ़ाई और अवरोह शामिल हैं। अपनी उत्कृष्ट ऑफ-रोडिंग क्षमता के लिए मशहूर हाईलक्स को आयोजन क्षेत्रों में तीन रणनीतिक स्थानों पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया था। रेस की शुरुआत से पहले आयोजित आधिकारिक समारोह में डर्ट बाइक्स से लदे टोयोटा हाईलक्स का भव्य प्रवेश हुआ जिसने सुपरक्रॉस ट्रैक पर अपनी अनूठी ताकत का प्रदर्शन किया, जिससे स्टेडियम में दर्शकों को अपार खुशी हुई।

भारतीय और वैश्विक दोनों क्षेत्रों के प्रसिद्ध सवारों के साथ हाई-एनर्जी, ऑफ-रोड, इन-स्टेडियम सुपरक्रॉस लीग विशेष रूप से निर्मित एक डर्ट ट्रैक पर शुरू हुई है जिसमें खड़ी छलांग और बाधाएं शामिल थीं। रेसिंग के आयोजन में उत्साह की एक अतिरिक्त परत जोड़ते हुए, टोयोटा हाईलक्स, एक आदर्श वाहन भागीदार है, जो 4×4 ड्राइव क्षमताओं का दावा करता है। इसने अपने क्यूरेटेड कार्रवाइयों से दर्शकों के लिए एक आकर्षक प्रदर्शन दिया। इसके अलावा, प्रतिष्ठित हाईलक्स ने आईएसआरएल टीमो और रोमांचक डर्ट बाइक रेस के संचालन के लिए अधिकारियों की आवश्यक जरूरतों को भी पूरा किया। आईएसआरएल की दूसरी लीग गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के साथ सीएट इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग के सह-संस्थापक और निदेशक वीर पटेल, ईशान लोखंडे तथा श्री अश्विन लोखंडे की उपस्थिति से सुशोभित हुई।

इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग (आईएसआरएल) में छह टीमें शामिल थीं, प्रत्येक में 8 राइडर्स थे। पेशेवर बाइकर्स ने चुनौतीपूर्ण ऑफ-रोड सेटअप को नेविगेट करके, 11 लैप्स पूरे किये और अंतरराष्ट्रीय योग्यता वाली एक उच्च-स्तरीय दौड़ के जरिये अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में मशहूर अंतरराष्ट्रीय ब्रांड जैसे कावासाकी, होंडा और केटीएम के कस्टमाइज बाइक की एक विविधतापूर्ण श्रृंखला प्रदर्शित की गई। इसकी रेंज 85 सीसी से 450 सीसी तक थी और इसमें जूनियर वर्ग भी शामिल था। रेसिंग टीम का प्रतिनिधित्व उनके जाने-माने स्वामियों ने किया। इनमें बीबी रेसिंग, बिगरॉक मोटरस्पोर्ट्स, रीज़ मोटरस्पोर्ट्स, मोहिते की रेसिंग टीम, गुजरात ट्रेलब्लेज़र्स और एसजी स्पीड रेसर्स शामिल हैं।

# मिआ बाय तनिष्क ने उत्तर प्रदेश में नया शानदार स्टोर शुरू करके रिटेल विस्तार में उठाया अगला कदम

**लखनऊ।** भारत के सबसे फैशनेबल ज्वेलरी ब्रांड में से एक, मिआ बाय तनिष्क ने आज लखनऊ में नया स्टोर शुरू किया है। नए स्टोर का पता - मिआ बाय तनिष्क, बी-075, फिनिक्स मॉल के पास, गेट नंबर 3 के सामने, आलमबाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, स्टोर का उद्घाटन मिआ बाय तनिष्क की बिज़नेस हेड सुश्री श्यामला रमणन, नेशनल सेल्स और रिटेल हेड श्री राजीव सी मेनन, नॉर्थ 2 के आरबीएम - ज्वेलरी श्री अरुण कुमार और सुश्री अर्चना राय एवं परिवार ने दोपहर 12 बजे किया। लखनऊ में छाए हुए बसंत पंचमी के माहौल में शुरू हुआ नया स्टोर इन खुशियों को दुगुना करता है। आलमबाग में 1200 स्क्वायर फ़ीट के मिआ बाय तनिष्क स्टोर में 14 और 18 कैरेट में बने ट्रेंडी और आधुनिक ज्वेलरी डिज़ाइन की विशाल श्रेणी रखी गयी




है। आकर्षक रंगीन स्टोन्स, चमकीले सोने, हीरे और चांदी में मिआ के सबसे खूबसूरत आभूषण यहां ख़रीदे जा सकते हैं। कई प्रकार के इयररिंग्स, स्टड्स, फिंगर रिंग्स, ब्रेसलेट्स, ईयर कफ्स, पेंडेंट्स, नेकवेयर और मंगलसूत्र के डिज़ाइन यहां हैं, जो अलग-अलग उपभोक्ताओं की अलग-अलग ज़रूरतें और पसंद को पूरा करते हैं। फैशनेबल और अनोखे कलेक्शन के लिए नवाज़ा जाने वाला ब्रांड मिआ बाय तनिष्क में मिनिमल और स्टाइलिश टच के आकर्षक डिज़ाइन हैं। अपने पुराने सोने को एक्सचेंज करके मिआ के शानदार आभूषण खरीदना चाहने वाले उपभोक्ताओं के लिए इस स्टोर में कैरेट मीटर और मेल्टिंग रूम भी बनाया गया है।

सूरज, चांद, तारे और पूरे ब्रह्मांड से प्रेरित होकर, 14 कैरेट सोने में बनाया गया, 200 से ज़्यादा डिज़ाइन वाला स्टारबर्स्ट कलेक्शन, अनोखी और सार्थक पसंद को दर्शाने वाला, शादियों के लिए परफेक्ट आभूषणों का सॉलिटेयर्स कलेक्शन, लव इज़ इन द एयर से प्रेरित होकर, वैलेंटाइन्स डे के उपलक्ष्य में मिआ ने प्रस्तुत किया हुआ द क्यूपिड एडिट कलेक्शन इस स्टोर में हैं। वैलेंटाइन्स डे पर अपने पार्टनर को बेहतरीन उपहार देकर प्यार का इज़हार करने के लिए उत्सुक युवाओं के लिए मिआ के, खूबसूरती और रोमांस को एक साथ दर्शाने वाले कलेक्शन सबसे सही चॉइस हैं।

उद्घाटन के अवसर पर मिआ बाय तनिष्क की बिज़नेस हेड सुश्री श्यामला रमणन ने कहा, नवाबों के शहर लखनऊ में मिआ का नया शानदार स्टोर शुरू करके हमें बहुत ख़ुशी हो रही है। हमारे इस एक्सक्लूसिव स्टोर में आधुनिक महिला के फैशन सेन्स के अनुरूप कलेक्शन और डिज़ाइन्स की विशाल श्रेणी प्रस्तुत की गयी है। अपने आप को अभिव्यक्त करने के लिए आभूषण पहनने वाली, लखनऊ की फैशन प्रेमी महिलाओं को इस नए स्टोर का अनोखा इंटेरियर यक़ीनन पसंद आएगा।

## भारत में प्रोटेक्शन का एक नया मानदंड पेश किया गया



**नई दिल्ली।** विक्रम पावाहए प्रेसिडेंटए बीएमडब्ल्यू समूह इंडिया ने कहा कि 45 वर्षों से अधिक समय से बीएमडब्ल्यू ने आर्मर्ड वाहनों की डिज़ाइन और निर्माण में एक मानदण्ड स्थापित किया है। न्यू बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज प्रोटेक्शन राइड के आराम और बड़ी जगह के असाधारण स्तर के साथ एक बेमिसाल सुरक्षा अवधारणा का मिश्रण करने में सफल है। इसमें विशिष्ट रूप से उन्नत उपकरण की विशेषताएँ और श्रेणी में सबसे अग्रणी डायनैमिक कुशलता का मिश्रण है जिसके लिए यह ब्रांड मशहूर रहा है। यह एक नई तरह का सुरक्षा वाहन है जो बैलिस्टिक सुरक्षा और व्यक्तिगत जरूरतों के उच्चतम मानदंडों पर खरा उतरता है। हालाँकि, यह एक सुरक्षा वाहन है, लेकिन इसके भीतर बैठते और इसकी असाधारण लग्जरी का अनुभव करते ही आप इस बात को तुरंत भूल जायेंगे। न्यू बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज प्रोटेक्शन जोखिम में फँसे व्यक्तियों के लिए आग्नेयास्त्रों या विस्फोटकों के हमलों से कस्टमाइज्ड सुरक्षा प्रदान करती है। इसे जर्मनी के से आइनेगुंग दे फरुस्टेलेन फॉर ऐंग्रिफ्शेमेण्डे मतेरियाली ऐन कॉन्स्थेक्शियोनन यानी आक्रमण-प्रतिरोधी सामग्रियों और निर्माणों के लिए परीक्षण केन्द्रों का संघ के अंतरराष्ट्रीय मान्यता-प्राप्त आधिकारिक परीक्षण मानदंडों के आपार पर श्रेणी सुरक्षा प्रदाता रूप में वर्गीकृत किया गया है। यह प्रमाणन अन्य चीजों के साथ-साथ प्रक्षेपास्त्र प्रतिरोध के संबंध में बुलेट रेजिस्टेंट व्हीकल्स और विस्फोट प्रतिरोध के संबंध में एक्सप्लोसिव रेजिस्टेंट व्हीकल्स और पीएएस 300 के लिए दिशानिर्देशों पर आधारित है।

## ज़िंदगी के एक्टर्स हुमाऊं सईद, हानिया आमिर और सबीना फारुक ने वैलेंटाइन मंथ में प्यार को लेकर कही अपने दिल की बात



**मुंबई।** फरवरी महीने के रोमांटिक एहसास को समेटते हुए, ज़िंदगी प्यार के इस त्योहार का जश्न मनाने को पूरी तरह तैयार है। क्रॉस-बॉर्डर प्रेम कहानियों के लिए मशहूर, ज़िंदगी ने बड़ी ही कुशलता से रिश्तों के विभिन्न आयामों को दिखाने की कोशिश की है। इससे यह प्यार की यूनिवर्सल भाषा को दर्शाने का यह सही मंच बनता जा रहा है। ज़िंदगी इस बार फरवरी महीने में, दिलों की पेचीदगियों को दिखाते हुये रोचक कहानियां पेश करेगा। अपनी पेशकश के तहत, ज़िंदगी लेकर आया है बिलाल अब्बास, सारा खान और रज़ा तालिश अभिनीत 'अब्दुल्लापुर का देवदास'। इसका प्रसारण 26 फरवरी से किया जाने वाला है। इस शो में तीन मजबूत व्यक्तित्व को दिखाया गया है जोकि उलझी हुई पहचान और सच्चे प्यार की इस कहानी में कुछ कॉमन ग्राउंड तलाशते हैं।

प्यार की इन अलग-अलग छटाओं में शुरूआती आकर्षण से लेकर गहरे प्यार के मानवीय रिश्तों के कई पहलू दिखाए गए हैं। ज़िंदगी ने इस भावना को 'हमसफर' जैसे क्लासिक शोज़ के जरिए पेश किया है। इसमें सुपरस्टार माहिर खान और फवाद खान, बिन रोए के सितारे हुमाऊं सईद और माहिरा खान, लीड भूमिकाओं में हैं। 'अब्दुल्लापुर का देवदास' में बिलाल अब्बास और सारा खान, हानिया आमिर अभिनीत इश्किया और धूप की दीवार व मॉम फिल्म से लोकप्रियता हासिल करने वाली सेजल अली, अहद रज़ा मीर हैं। एक अनूठे जश्न में, टैलेंटेड सितारे प्यार की अपनी छटा बिखेर रहे हैं, जिसमें प्यार के सात स्टेज के बारे में बताने की कोशिश की गई है- दिलकशी, उन्स, मोहब्बत, अकिदत, इबादत, जुनून और मौत- हमने प्यार को लेकर उनकी समझ प्रस्तुत करने के लिए बेहद ही गहरे और अलग-अलग तरह के इमोशन की गहराई में जाने की कोशिश की है।

# एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने छठे पशु विकास दिवस पर 1 लाख से अधिक मवेशियों का इलाज किया गया

### डेयरी फार्मिंग में महिलाओं की भूमिका को सम्मनित किया गया


**सिलीगुड़ी।** भारत की अग्रणी एनबीएफसी में से एक एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड (पूर्व में फुलर्टन इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड) ने अपना छठा पशु विकास दिवस (पीवीडी) आयोजित किया। यह देश में सबसे बड़ा एक दिवसीय पशु देखभाल शिविर के रूप में जाना जाता है। इस दौरान एक लाख से अधिक मवेशियों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए 14 राज्यों में 460 से अधिक स्थानों पर एक साथ शिविर आयोजित किए गए। भारत में, 8 करोड़ से अधिक परिवार सीधे तौर पर डेयरी क्षेत्र से जुड़े हुए हैं और इनमें इनमें महिलाएं 70 प्रतिशत कार्यबल का प्रतिनिधित्व करती हैं। इन महिलाओं की भूमिका के सम्मान के लिए, छठा पशु विकास दिवस डेयरी फार्मिंग में महिलाएं के रूप में मनाया गया। यह पहल ई एस जी ढांचे के सामाजिक पहलू को दर्शाती है, जो सामाजिक उत्थान को आगे बढ़ाने में लैंगिक विविधता और समावेशन के महत्व पर जोर देती है। कंपनी की सामाजिक पहल के बारे में बोलते हुए एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर और मैनेजिंग डायरेक्टर शांतनु मित्रा ने कहा, हमारे ग्रामीण ग्राहक आधार में 90 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं। हमारे बहुत से ग्राहक पशु खरीदने के लिए ऋण लेते हैं, जो उनके लिए आय का एक बड़ा स्रोत है। हमारे सामुदायिक विकास कार्यक्रम परिवर्तन को संभव बनाने के लिए प्रेरक के रूप में कार्य करते हैं और ग्रामीण आजीविका के उत्थान, जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाने और आय स्रोतों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। पशुधन कल्याण के अलावा, हम कौशल विकास और वित्तीय साक्षरता को भी सक्रिय रूप से बढ़ावा देते हैं, जिन



समुदायों की हम सेवा करते हैं उनके समग्र कल्याण में योगदान करते हैं। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट में, हम नवीन और टिकाऊ सामाजिक-आर्थिक पहलों के माध्यम से वंचित समुदायों में समावेशी विकास को बढ़ावा देकर अपने ग्राहकों के साथ मजबूत रिश्ता स्थापित करने के लिए समर्पित हैं। पशु विकास दिवस पर टिप्पणी करते हुए, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर श्री स्वामीनाथन सुब्रमण्यम ने कहा, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट में, हम ग्रामीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और मजबूत सामाजिक पहलों को बढ़ावा देने के लिए अपने मिशन पर मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। एक अग्रणी क्रेडिट प्रदाता के रूप में, हम अपनी सामुदायिक गतिविधियों में सम्मिलित समावेशी कार्यक्रमों और एक साथ काम करने वाले विविध कार्यबल के माध्यम से ईएसजी के सामाजिक पहलू को बधावा देते हैं7 इसे ध्यान में रखते हुए, पशुविकास दिवस विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में मवेशियों और उनके मालिकों की अनूठी स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# जेईई (मेन) 2024 सेशन-1 के परिणाम में लहराया आकाश बायजूस लखनऊ का परचम

**लखनऊ।** आकाश बायजूस ने लखनऊ से अपने बीस स्टूडेंट्स की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट इंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के पहले सत्र में 97 परसेंटाइल से ऊपर



स्कोर किया। वहीं पांच स्टूडेंट्स ने फिजिक्स में 100 फीसदी परसेंटाइल हासिल किए हैं। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में सत्यांश गुप्ता ने 99.93 परसेंटाइल हासिल किए हैं। इसी क्रम में उत्कर्ष अग्रवाल ने 99.90, आयुष बरनवाल ने 99.90, दीप्तांशु शर्मा ने 99.75, विनेश दुबे ने 99.67, शिखर पोरवाल ने 99.66, देवेश सिंह ने 99.59, गौरव तिवारी ने 99.57, नवीन कुमार ने 99.53, प्रखर जायसवाल ने 99.51, अनंत त्रिपाठी ने 99.47, आदर्श राज ने 99.41, सूरज कुमार ने 99.34, आयुष नौगरैया ने 99.24, उत्कर्ष साहू ने 99.20, आयुष सिंह ने 99.16, आदित्य पांडेय ने 99.16, अभय कुमार सिंह ने 99.08, साक्षी कुमारी ने 99.04 और गौरव मणि त्रिपाठी ने 97.79 परसेंटाइल हासिल किए हैं। छात्रों के शीर्ष प्रतिशत भारत की सबसे प्रसिद्ध प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक में अपनी अटूट प्रतिबद्धता और अकादमिक उत्कृष्टता दिखाते हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज सेशन 1 के परिणामों का अनावरण किया, इस साल इंजीनियरिंग के लिए दो अनुसूचित संयुक्त प्रवेश परीक्षाओं में से पहली की शुरुआत हुई. विश्व स्तर पर सबसे चुनौतीपूर्ण प्रवेश परीक्षा के रूप में प्रसिद्ध, चुनौतीपूर्ण आईआईटी जेईई को जीतने की आकांक्षा के साथ आकाश के कक्षा कार्यक्रम में दाखिला लेते हुए, छात्रों ने मौलिक अवधारणाओं को समझने और एक अनुशासित अध्ययन को बनाए रखने के लिए अपने समर्पण के लिए शीर्ष प्रतिशत के लिए अपनी चढ़ाई का श्रेय दिया। आभार व्यक्त करते हुए, उन्होंने टिप्पणी की, हम दोनों पहलुओं में सहायता करने के लिए आकाश के आभारी हैं। कोचिंग संस्थान की व्यापक सामग्री के बिना, थोड़े समय सीमा के भीतर कई विषयों की अवधारणाओं में महारत हासिल करने की संभावना नहीं होगी। छात्रों को बधाई देते हुए, डॉ. एच. आर. राव, क्षेत्रीय निदेशक, आकाश बायजूस, ने सराहना की, छात्रों का उल्लेखनीय प्रदर्शन व्यापक कोचिंग और अभिनव शिक्षण समाधानों के साथ छात्रों को सशक्त बनाने के लिए आकाश बायजूस की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे वे प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें।


## उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के 187 अनबैंक्ड रूरल सेंटर्स अब ग्रामीण भारत में 5.5 लाख से ज्यादा ग्राहकों को सेवायें दे रहे

**चंदौली।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक (उज्जीवन एसएफबी), देश में अग्रणी स्मॉल फाइनेंस बैंकों में से एक, अब 187 अनबैंक्ड रूरल सेंटर्स (यूआरसी) के अपने व्यापक नेटवर्क के माध्यम से बिना सेवा-प्राप्त और कम सेवा-प्राप्त 5.5 लाख ग्रामीण ग्राहकों की बैंकिंग से जुड़ी जरूरतें पूरी कर रही है। इन यूआरसी के माध्यम से, उज्जीवन एसएफबी सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों को कृषि एवं फसल ऋण, किफायती आवास ऋण, व्यक्तिगत ऋण और व्यवसाय ऋण की पेशकश करती है। यह बैंक आकर्षक ब्याज दरों पर सावधि जमा एवं बचत खाता तथा चालू खाता भी देती है। यह यूआरसी बैंकिंग की व्यक्तिगत सेवाएं देते हैं, जिनमें डोरस्टेप बैंकिग और टेक्नोलॉजी इनेबल्ड बैंकिंग का शानदार अनुभव शामिल है। इस प्रकार बैंकिंग से जुड़ी जरूरतों के लिये लंबी दूरी की यात्रा करने की आवश्यकता नहीं रहती है।

उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी और सीईओ श्री इत्तिरा डेविस ने कहा, ''उज्जीवन एसएफबी में हमारा मानना है कि सभी को शामिल करने वाली बैंकिंग से लोगों की जिन्दगी बदल सकती है। हमारे अनबैंक्ड रूरल सेंटर सकारात्मक बदलाव को प्रेरित कर रहे हैं। जन-साधारण के बाजार के लिये एक जिम्मेदार बैंक के तौर पर हम प्रासंगिक एवं मायने रखने वाली बैंकिंग सेवाएं लाने पर ध्यान बरकरार रखेंगे। इसके लिये टेक्नोलॉजी के नए-नए समाधानों से बिना सेवा-प्राप्त और कम सेवा-प्राप्त ग्राहकों की सहायता की जाएगी। हमारा मिशन समाज के सभी वर्गों के डिजिटल एवं वित्तीय समावेशन तथा समृद्धि को बढ़ावा देना है।'' उज्जीवन एसएफबी के पास कृषि एवं फसल ऋण की पूरी रेंज है, जिनकी शुरूआत 26,000 रुपये से लेकर 25 लाख रुपये तक जाती है। इस प्रकार कृषि एवं संबद्ध पेशों के विभिन्न अनुभागों में काम करने वाले ग्रामीणों की बैंकिंग एवं फाइनेंस से जुड़ी आवश्यकताएं पूरी की जाती हैं। उज्जीवन किसान प्रगति कार्ड (केपीसी) एक फसल ऋण (क्रॉप लोन) सुविधा है।

## बादाम की अच्छाइयों के साथ इस वैलेंटाइन डे को बनाएं सेहतमंद

**नई दिल्ली।** प्यार का त्योहार दस्तक दे चुका है, आइए इस वैलेंटाइन डे पर एक अलग तरीका अपनाएं। अपने किसी स्पेशल के लिए ऐसे ही कुछ हेल्दी लेकिन अनूठे तोहफों में से एक हो सकता है चुनिंदा बादाम का एक बॉक्स। अच्छे व क्रंची स्वाद तथा कई तरह के सेहतमंद फायदों के बारे में मशहूर बादाम एक समझदारी भरा और पौष्टिकता से भरपूर व्यवहार साबित हो सकता है। अपने भोजन में बादाम को शामिल करने से आप स्वादिष्ट स्नैक के रूप में इसका मजा ले सकते हैं, वहीं कई सारे पौष्टिक तत्वों की भी पूर्ति करता है, जिससे आपकी सेहत पर कई प्रकार से अच्छा प्रभाव पड़ता है। प्यार के इस मौसम और रोजमर्रा के भोजन में बादाम को शामिल करने के महत्व के बारे में बॉलीवुड अभिनेत्री सोहा अली खान कहती हैं, ÷मेरे लिए वैलेंटाइन डे, प्यार का इजहार करने से अलग चीज है; यह अपनों की सेहत का ख्याल रखने के बारे में है। हम अपने खाने में नियमित रूप से बादाम को शामिल करते हैं। सबसे दिलचस्प बात है कि मेरी बेटी को जब भी थोड़ी भूख लगती है वह कुछ भी अनहेल्दी खाने की बजाय स्नैक में बादाम लेती है। जिंक,



प्रोटीन, विटामिन ई और अन्य 15 पोषक तत्वों से युक्त बादाम अपने कई सारे सेहतमंद फायदों के साथ, एक समझदारी भरा और पोषण से भरपूर गिफ्ट है।''रोजाना के भोजन में मुट्ठीभर बादाम को शामिल करने के महत्व के बारे में, रितिका समद्दर, रीजनल हेड, डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर, दिल्ली का कहना है, ÷मैं अपने क्लाइंट को नियमित आहार में मुट्ठीभर बादाम शामिल करने की सलाह देती हूं। यह सलाह इस तथ्य पर आधारित है कि बादाम में प्रोटीन और डाइटरी फाइबर समेत 15 आवश्यक पोषक तत्व होते हैं। एक अध्ययन के मुताबिक, बादाम को अपने रोजमर्रा के भोजन में शामिल करने से, इसमें कार्बोहाइड्रेट युक्त खाद्य पदार्थों के ब्लड शुगर पर प्रभाव को कम करने की क्षमता होती है। किसी के फिटनेस के सफर पर बादाम के प्रभाव के बारे में, यास्मीन कराचीवाला, फिटनेस एवं सेलिब्रिटी इंस्ट्रक्टर कहती हैं, ÷बादाम में हेल्दी फैट्स होते हैं, जिसका ऊर्जा के स्तर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। साथ ही यह प्रोटीन का एक अच्छा स्रोत है। यह ऐसा पोषक तत्व है जोकि मसल मास के विकास व उसके रख-रखाव में मदद करता है। इसलिए, किसी अपने को चुनिंदा बादामों का बॉक्स तोहफे में देना, सिर्फ एक तोहफा नहीं, बल्कि सेहत में निवेश है। संतुलित भोजन के महत्व को मानते हुए, मैं बादाम को सबसे अच्छा प्री या पोस्ट वर्कआउट स्नैक मानती हूं। इससे अच्छे फैट्स मिलते हैं और पेट भरे होने का एहसास होता है।'' शीला कृष्णास्वामी, न्यूट्रिशन एवं वेलनेस कंसल्टेंट का कहना है, चुनिंदा बादामों का बॉक्स तोहफे में देना, एक बेहतर सेहत के दिशा में बढ़ाया गया कदम है, जिसे हर किसी को करना चाहिए।

# पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर डीएम और एसपी ने की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** पुलिस भर्ती परीक्षा को नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्र व्यवस्थापकों सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा दिनांक 17 व 18 फरवरी 2024 को जनपद के आठ परीक्षा केंद्रों क्रमशः राजीव गांधी पॉलिटेक्निक मुसाफिरखाना मंगलम महिला महाविद्यालय मुसाफिरखाना इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज शिव महेश गर्ल्स इंटर कॉलेज गौरीगंज मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज अग्रसेन गर्ल्स इंटर कॉलेज परसावां अमेठी राजर्षि रंजय सिंह असलदेव कॉलेज पीपरपुर तथा आरआर पीजी कॉलेज अमेठी में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा दो पालियों में प्रथम पाली 10 से 12 तथा द्वितीय पाली 3 से 5 बजे तक आयोजित होगी। जिसमें कुल 15168 अभ्यर्थी शामिल होंगे। उन्होंने परीक्षा में लगे सभी केंद्र व्यवस्थापकों सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा की परीक्षा से पूर्व सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर वहां पर सीसीटीवी कैमरा एवं अन्य समस्त व्यवस्थाएं पूर्व में ही सुरक्षित कर ली जाए ताकि परीक्षा के दिन किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

# शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग से परिषदीय विद्यालयों की दिशा और दशा बदल रही

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक के कंपोजिट विद्यालय मंगलपुर में मंगलवार को वार्षिकोत्सव एवं अभिभावक एवं शिक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्य द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग से परिषदीय विद्यालयों की दिशा एवं दशा दिनों दिन बदल रही है। परिषद के बच्चे राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा खेलकूद प्रतियोगिताओं में सफल होकर विद्यालय का नाम जिले एवं प्रदेश में रोशन कर रहे हैं। शिक्षकों के समर्पण से परिषद के विद्यालय निपुण लक्ष्य प्राप्त करने के तरफ बढ़ रहे हैं।



मंगलपुर में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते बीएसए राम जियावन मौर्य

**मंगलपुर में वार्षिकोत्सव, पेरेंट्स एवं टीचर मीटिंग का हुआ आयोजन**

अभिभावक अपने पाल्यो का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में करावे। हमारे शिक्षक छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे रहे हैं, सभी अभिभावक अपने पाल्यो का आधार बनवाकर आगामी सत्र में परिषद के विद्यालयों में नामांकन करावे। ब्लॉक प्रमुख अर्चना प्रदीप सिंह ने अपने संबोधन में अभिभावकों को एवं विशेष करके महिला अभिभावकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपकी अधिक संख्या में उपस्थित यह साबित करती है कि आप अपने बच्चों एवं बच्चियों के शिक्षा के प्रति सजग हैं। यदि बालिकाएं शिक्षित रहेंगे तो एक स्वस्थ एवं शिक्षित परिवार का निर्माण करेंगे।

पूर्व माध्यमिक शिक्षा संघ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा परिषद के शिक्षक टेट एवं सुपर टेट क्वालीफाई होकर के शिक्षण कार्य कर रहे हैं आपके बच्चों का उच्च स्तर पर बौद्धिक विकास हो रहा है जिसके कारण अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पा रहे हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बीडीओ मोतीचक फूलचंद सरोज, सत्येंद्र मौर्य, खंड शिक्षा अधिकारी जेपी मौर्य, डायट प्रवक्ता शिवनाथ चक्रवर्ती रहे। कार्यक्रम को ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, मारकंडे नाथ त्रिपाठी, चंद्रपाल, ग्राम प्रधान राजकुमारी देवी आदि लोगों ने भी संबोधित किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोलई प्रसाद प्रजापति अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## शान से निकली श्री गुरुग्रंथ साहिब की सवारी



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर के चाणक्यपुरी मोहल्ले से मंगलवार शाम श्री गुरुग्रंथ साहिब की सवारी बड़े शान से निकली। 52 दिवसीय लंगर के समापन के उपरांत मंगलवार को श्री गुरुग्रंथ साहिब की विदाई लंगर स्थल से हुई। गुरु जी महाराज की सवारी लेकर बाबा मनोहर सिंह सरदार हरबंस सिंह सदाशिव पांडेय संजीव भारती गजलीन कौर परमजीत कौर श्रीनाथ आदि चौक स्थित सरदार हरबंस सिंह के आवास पर पहुंचे। जहां श्री गुरुग्रंथ साहिब को उनके स्थान पर पहुंचाया गया। इस बीच श्रद्धालु पुष्प वर्षा कर रहे थे शंख और घड़ियाल के मधुर स्वर बज रहे थे।जगह जगह लोग शीश झुकाकर अभिवादन कर रहे थे। श्रद्धा और भक्ति का सुंदर मंजर दिखाई दे रहा था।

## फंदे से लटकर युवक ने की आत्महत्या

**अहिरौली/बोदरवार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय ग्राम



पंचायत खोखिया के टोला मोजफ्फरपुर में बीती रात एक युवक ने फसरी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। प्राप्त समाचार के अनुसार थाना अहिरौली बाजार अंतर्गत ग्राम खोखिया के टोला मोजफ्फरपुर निवासी सूर्यभान दूबे का 25 वर्षीय पुत्र किशन दूबे कल रात शराब पीने के बाद घर आया और अपने घर में जाकर सो गया। घर के लोग काफी समय तक उसे बुलाया लेकिन किशन ने दरवाजा नहीं खोला। आज भोर में परिजन जगाने के लिए गए तो फाटक अंदर से बंद था। बगल के झरोखे से देखा तो वह गले में फंसरी लगाकर मरा हुआ है। लोगों ने इसकी सूचना अहिरौली बाजार पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। लोगों का कहना है कि वह नशा करता था नशे में ही छत के पंखे में साड़ी बांध आत्महत्या कर लिया।

## कई दल के नेता ग्रहण करेंगे भाजपा की सदस्यता



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की जिसमे अन्य दलों के नेताओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराने के संदर्भ में चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और राष्ट्रवाद की विचारधारा से प्रभावित होकर अन्य दलों के लोग भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करना चाहते हैं। इसके लिए 15 फरवरी का दिन निश्चित किया गया है। पूरे जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से विभिन्न दलों के नेताओं के साथ आम लोग भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे । इसके लिए हम लोगों ने पूरी तैयारी कर ली है। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है तथा अपने सुशासन और राष्ट्रवाद के द्वारा लोगों को अपने तरफ आकर्षित कर लेती है जिससे लगातार पार्टी का दायरा बढ़ता ही जा रहा है। सदस्यता ग्रहण समारोह के लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि, प्रमोद शाही, जिला मंत्री अरविंद पांडे, सतेंद्र मणि त्रिपाठी, विस्तारक वीरेंद्र तिवारी, राजेश सिंह, रूपम पांडे सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नकलविहीन, सुचिता व पारदर्शिता के साथ संपन्न कराएं परीक्षा : डीएम

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल की उपस्थिति में पुलिस लाइन सभागार में बैठक संपन्न हुई।

उन्होंने सभी स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, केंद्र पर्यवेक्षक व सहायक केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा की जो नियम-शर्तें भर्ती बोर्ड ने निर्धारित की हैं, उनके अनुरूप ही परीक्षा संपन्न होगी। सचेत किया कि किसी शिक्षक, चपरासी या अन्य कोई भी परीक्षा केंद्र का स्टाफ मोबाइल नही रखेगा, सिवाय अनुमन्य अधिकारी के। सभी परीक्षा केंद्र कंट्रोल



रूम, गैलरी, और कक्ष सीसीटीवी कैमरे से युक्त होने चाहिए। अगर कहीं गैलरी में कैमरे नही लगे तो नामित कार्यदाई संस्था से शीघ्र लगवा लें। उ.प्र. पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 की परीक्षा 17 एवं 18 फरवरी 2024 को प्रत्येक दिवस दो सत्रों में पूर्वान्ह 10 से 12 बजे तक तथा अपरान्ह 03 बजे से 05 बजे तक जनपद कुशीनगर के निर्धारित कुल 22 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सम्पन्न होगी। उक्त परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सकुशल संपन्न कराने हेतु 2 जोनल मजिस्ट्रेट मुख्य विकास अधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी, 8 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 22 स्टैटिक मजिस्ट्रेट जो जनपद, तहसील एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी है नामित किए गए है। इसके अलावे 2 सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 3 स्टैटिक मजिस्ट्रेट रिजर्व भी नामित किए गए है। आधे घंटे पूर्व/भर्ती बोर्ड द्वारा निर्धारित नियत समय पर सभी परीक्षा केंद्रों के गेट बंद कर दिए जाएंगे इसलिए सभी परीक्षार्थियों से अनुरोध से समय के अंतर्गत अपने निर्धारित स्थान ग्रहण कर लें। समय सीमा के उपरांत किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी। कोषागार के डबल लाकर से पेपर प्राप्त करने, पेपर परीक्षार्थियों में वितरण आदि समस्त कार्य भर्ती बोर्ड के निर्देश के अनुसार हो। किसी भी स्तर पर छोटी से छोटी गलती भी अक्षम्य होगी। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी संज्ञान में आई तो व्यक्तिगत रूप से जवाबदेही तय करते हुए संबंधित जिम्मेदार पर बड़ी कार्रवाई होगी। अपर पुलिस अधीक्षक रीतेश कुमार सिंह और अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा ने परीक्षा प्रारंभ होने से लेकर और समाप्ति तक के सभी बिंदुओं के बारे में बैठक में शामिल सभी को अवगत कराया। बताया कि जनपद में 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि द्वारा सम्पादित कराए जाने वाले क्रियाकलापों/कार्यों से अवगत कराया। पुलिस लाइन सभागार में पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि यह परीक्षा पूर्णतः नकलविहीन, सुचिता, पारदर्शिता, निष्पक्षतापूर्ण रूप से कराना है।

# स्व. उमाशंकर मिश्र की प्रथम पुण्यतिथि पर हुई काव्य गोष्ठी



**कप्तानगंज, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर की साहित्यिक संस्था प्रभात साहित्य सेवा समिति के अध्यक्ष स्व उमाशंकर मिश्र मनुज की प्रथम पुण्यतिथि सोमवार को सायंकाल उन्हीं के आवास पर प. आनन्द कृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में काव्य गोष्ठी सम्पन्न हुई। संचालन किया बेचू बीए ने। सर्व प्रथम अध्यक्ष श्री त्रिपाठी ने स्व उमाशंकर जी के चित्र पर माल्यार्पण किया तदोउपरांत मां शारदे की वंदना से कवि कन्हैया लाल करुण ने काव्य गोष्ठी का शुभारंभ किया। उन्होंने बाद में यह रचना सुनाया ÷ना घर बदला ना आंगन, ना बदला कोई कोना, पहले मिलते थे हंस हंस कर, अब बात बात पे रोना।÷ इसके बाद नूरुद्दीन नूर ने÷गले तुझको लगाना चाहता हूं, तुम्हें दिल में बसाना चाहता हूं।÷ कवि विनोद सर ने खूब सुनाया ÷इस दौर का फ़िराक और रसखान हूं मैं।÷ डा इम्तियाज समर-÷आंखों से लिये यादों का मंज़र चला गया, वो रूठ के हमसे सुखनवर चला गया। आनन्द गुप्त अनुज -÷उन माताओं से जा पूछो उनके दिल का क्या है हाल। ÷बेनिगोपाल शर्मा ÷भूख से बिलबिलाती जिंदगी दास्तान है क्या,चारों तरफ प्रकाश है श्मशान है क्या।÷ इसके बाद बेचू बीए ने यह सुनाया ÷चिता से निकलती हुई धुंआ और आग की लपटें हमें विचलित करती है। ÷अंत में अध्यक्ष श्री त्रिपाठी ने यह रचना सुनाया- ÷भरि के वांचाली अखियां में आंसू कहे..÷इस मौके पर स्व उमाशंकर मिश्र के पुत्र प्रमोद, विनोद, राजेश व अखिलेश मिश्र मौजूद रहे।

# विजय के नेतृत्व में और मजबूत होगा जनजाति मोर्चा : भूपेन्द्र



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा देवरिया के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विजय गोंड के प्रथम देवरिया आगमन पर औरा चौरी भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने माला पहना जोरदार स्वागत किया। अध्यक्ष बनने के पहली बार देवरिया पहुचे विजय गोंड भाजपा कार्यालय पहुचे जहा उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह,जिलामहामंत्री श्रीनिवास मणि तथा जिलामहामंत्री प्रमोद शाही को अंगवस्त्र ओढा आभार व्यक्त किया तत्पश्चात भाजपा जिलाध्यक्ष समेत सभी कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त मोर्चाध्यक्ष का माला पहना स्वागत किया। इसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मुझे विश्वास है कि विजय गोंड के नेतृत्व में अनुसूचित जनजाति मोर्चा एक नयी उचाई पर पहुचेगा। इनके नेतृत्व में जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को जनजाति समाज में पहुचाने का काम करेंगे। स्वागत से अभिभूत नवनियुक्त अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय गोंड ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी मुझे दी है उसका पूरी ईमानदारी,निष्ठा और मेहनत से पूरा करने का प्रयास करूंगा।मोदी और योगी सरकार के कार्यो को अनुसूचित जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर घर-घर तक पहुचाने और जनपद में संगठन को और मजबूत करने का काम करूंगा। इस दौरान श्रीनिवास मणि, प्रमोद शाही, अरविन्द पाण्डेय, रामाशीष प्रसाद, दुर्गेश पाण्डेय, राधेश्याम शुक्ला, अम्बिकेश पाण्डेय, राजेश सिंह, सतेंद्र सिंह, रत्नेश्वर गर्ग, विपिन यादव,शिवेश पाण्डेय, मनीष मल्ल, रूपम पाण्डेय, अमित सिंह, गोल्डेन पाण्डेय, मनीष सहाय आदि रहे।

## दो बाईकों में टक्कर तीन घायल, रेफर

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर कुटी के पास मथौली से कप्तानगंज जा रहे एक बाइक में पिछे से आ रहे एक दुसरे बाइक सवार ने ठोकर मार दिया। जिससे दोनों बाइक पर सवार सभी लोग गिर कर घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को प्रिया पुत्री रणजीत सिंह उम्र 16 वर्ष निवासी हरपुर बरवा जो कप्तानगंज स्कूल पढ़ने बाइक से राम दवन सिंह पुत्र किशोर सिंह उम्र 60 वर्ष के साथ जा रही थी कि पीछे से दूसरे बाइक चालक वीरेंद्र चौहान पुत्र अशोक निवासी कप्तानगंज अपने घर जा रहे थे कि पीछे से टक्कर हो गई और सभी लोग गिरकर घायल हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से सभी को इलाज हेतु सीएचसी मथौली पर लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार कर तीनो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दोनों बाइक को कब्जे में ले लिया है और अग्रिम कार्यवाई में जुट गई।

# नहर में पानी न होने से किसान परेशान

## बखिरा सरयू कैनाल में नहीं पहुंचा पानी, किसान पंपिंग सेट से सिंचाई करने पर मजबूर

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** विकास खण्ड पाली क्षेत्र में बखिरा सरयू कैनाल में पानी न आने से किसान परेशान है। उनको मजबूर होकर पंपिंग सेट से गेहूं की सिंचाई करनी पड़ रही है। जिससे किसानों के ऊपर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। एक तरफ जहां सरकार किसान की आय दोगुनी करने पर उनको सिंचाई , खाद -पानी तथा अन्य सुविधाओं की घोषणा कर रही है। वहीं सरकार के मातहत लोग सरकार की योजनाओं पर पानी फेर रहे हैं। पाली विकासखंड के बखिरा सरयू कनाल में आज तक 13 फरवरी पानी नहीं पहुंचा। किसान मजबूर होकर पंपिंग सेट का सहारा ले रहे हैं। बखिरा सरयू कैनाल से कई छोटी-छोटी माइनर नहरें भी निकाली गई है।



कुल मिलाकर लगभग डेढ़ हजार हेक्टेयर से ऊपर खेतों की सिंचाई बखिरा सरयू कैनाल से होती है। गेहूं की फसल की दोबारा सिंचाई करने के लिए नहर में पानी आज तक उपलब्ध न होने से किसानों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके पहले भी गेहूं की फसल की बुवाई के बाद गेहूं की पहली सिंचाई के समय भी नहर में पानी समय से उपलब्ध न होने से किसानों को मजबूरन पैसा खर्च करके पंपिंग सर द्वारा सिंचाई करनी पड़ती है। यदि नहरों में पानी आता भी है तो मात्र एक हफ्ते तक ही नहरों में उपलब्ध रहता है । इस उपलब्धता से किसान अपने खेतों की सिंचाई नहीं कर पाते हैं। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी गोरखपुर संजय कुमार मीना से बात करने पर उन्होंने बताया कि इसकी जांच कराकर ही कोई कार्रवाई की जाएगी। बखिरा सरयू कैनाल के एसडीओ से बात करने पर उन्होंने बताया कि पानी बहुत दूर से आता है। घघसरा बखिरा सरयू कैनाल अंतिम छोर पर पड़ती है इसलिए अपने समय से नहीं पहुंच पाता। नहर में पानी समय से उपलब्ध कराने के संबंध में जब बात की गई तो उन्होंने कहा की इस पर तो ऊपर बात करनी पड़ेगी।

## बाट माप विभाग की टीम ने की छापेमारी

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** मंगलवार को दोपहर बाद रेती रोड पर मदीना मस्जिद के पास बाट माप विभाग की टीम ने मीट व्यवसाईयों के



यहां छापेमारी किया। इस दौरान विभाग की टीम आने की सूचना मिलने पर दुकानदारों में हड़कम्प मच गया। हांलाकि मंगलवार को इस क्षेत्र में बंदी रहती है बावजूद इसके बाट माप विभाग ने यहां छापेमारी किया। आपको बता दें कि बाट माप अधिकारी अजीत सिंह के नेतृत्व में हुई इस छापेमारी में कई दुकानों पर मानक से कम भार के बाट विभाग ने बरामद किया है। बाट माप अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि लोगों को जागरूक करने के लिए यह छापेमारी की गई है। उन्होंने दुकानदारों से अपील किया कि अपने बाट की जांच करा लें और उसपर मोहर लगवा लें। छापेमारी के दौरान दो दुकानों पर 1 किलोग्राम में 20 से 25 ग्राम कम वजन मिला। जिसके बाद वहां रखे बाटों को टीम ने जब्त कर लिया और दुकान का चालान कर दिया।

## विद्यालय में लगवाया गया वाटर कूलर एवं आरो

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** वी.के. पोलेट्री फर्म के ऑनर व वरिष्ठ समाजसेवी विनोद सिंह के नेतृत्व में मुरारी इंटर कालेज परिसर सहजनवा में एक वाटर कूलर एवं आरो लगवाया गया है ।उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में विनोद सिंह ने फीता काटकर वाटर कूलर एवं आरो का उद्घाटन किया। उक्त अवसर पर प्रधानाचार्य मेजर साकेत, उपप्रधानाचार्य इंद्रेश यादव, प्रवक्ता सुप्रिया सिंह, डी. के सिंह, संतोष कुमार, सुधीर कुमार, जयराज सिंह, सुधाकर दूबे सहित हजारों की संख्या में बच्चों की उपस्थिति रही। वरिष्ठ समाजसेवी विनोद सिंह ने कहा की इस आरो से जहा बच्चो को शुद्ध पेय जल मिलेगा वही दूसरी ओर उनका स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा तो बच्चे उच्च स्तर की शिक्षा दीक्षा ग्रहण करेगे और इससे बच्चो का मानसिक विकास भी होगा।

# गर्भवती के लिए वरदान बन रही 102 नंबर एम्बुलेंस

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जननी सुरक्षा योजना के तहत 102 एंबुलेंस जिले की गर्भवती के लिए वरदान साबित हो रही है। एंबुलेंस की इस सुविधा से ग्रामीण क्षेत्र की गर्भवती को अस्पताल ले जाने और वापस घर पहुँचाने में मदद मिल रही है। साथ ही एम्बुलेंस से परिवहन के दौरान महिला को प्रसव पीड़ा बढ़ने और हालत बिगड़ने पर एंबुलेंस कर्मियों ने ही सुरक्षित प्रसव कराया और मातृ शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में वह मददगार बन रहे हैं। अप्रैल 2023 से अब तक 17811 गर्भवती को अस्पताल ले जाने और वापस घर छोड़ने की सुविधा दी गई है। इस दौरान 17 गर्भवती का सुरक्षित प्रसव एम्बुलेंस में ही कराया गया।

भागलपुर ब्लॉक अंतर्गत एकोना गांव निवासी रघुवीर की पत्नी नीतू देवी ((27) ने अस्पताल जाते समय एंबुलेंस में बच्ची को जन्म दिया। रघुवीर बताते हैं कि सोमवार की सुबह नीतू को प्रसव पीड़ा शुरू हुई तो गांव



- **अप्रैल 2023 से अब तक 17811 गर्भवती को पहुंचाया अस्पताल**
- **आपात स्थिति में 17 गर्भवती का एम्बुलेंस कर्मियों ने कराया एम्बुलेंस में सुरक्षित प्रसव**

की आशा कार्यकर्ता पुष्पा देवी को सूचना देने के साथ 102 नंबर एम्बुलेंस को भी सूचना दी। दस मिनट बाद 102 नंबर की एंबुलेंस नीतू को लेने घर पहुंची।

एंबुलेंस कर्मी आशा कार्यकर्ता के साथ नीतू को लेकर अस्पताल जा रहे थे। रास्ते में ही एकोना मोड़ ईंट भट्टे के पास नीतू को प्रसव पीड़ा तेज हुई और उनकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख एंबुलेंस चालक रंजीत ने ईएमटी अवनीश कुमार के कहने पर गाड़ी को रोक दिया। ईएमटी अवनीश कुमार और आशा पुष्पा ने सूझबूझ के साथ महिला का प्रसव एंबुलेंस में कराया। महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया। इसके बाद एंबुलेंस दोनों को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परासिया चंदौर पहुंची और भर्ती कराया। रघुवीर ने बताया कि जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

सीएमओ डॉ. राजेश झा ने बताया कि एंबुलेंस की सुविधा से न केवल दूर दराज के क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को बड़ा लाभ पहुंचा है, बल्कि एम्बुलेंस के जरिए स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर भर्ती होने में भी सुविधा रहती है। इतना ही नहीं रास्ते में कोई आपात स्थिति होने पर प्रशिक्षित स्टॉफ काफी हद तक स्थिति को संभाल भी लेता है। सीएमओ ने बताया कि अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं को प्रसव के समय अस्पताल पहुंचने में परेशानी होती है। इसके लिए एंबुलेंस चालकों को सुरक्षित और ट्रैफिक से मुक्त रास्तों के जरिए जल्द से जल्द नजदीकी प्रसव केंद्र पहुंचाने को कहा गया है । सीएमओ ने बताया कि प्रसव के बाद महिला को जांच के लिए 45 दिन तक और बच्चे को टीकाकरण और स्वास्थ्य जांच के लिए दो वर्ष तक 102 एम्बुलेंस कि सुविधा सरकारी प्रावधानों के अनुसार दी जाती है।

# दो दिन में 317 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का उपहार देंगे सीएम योगी

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिन (14 व 15 फरवरी) के अलग-अलग कार्यक्रमों में जन कल्याण के कार्यों को नई ऊंचाई देने के साथ ही करीब 317 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी करेंगे। बुधवार (14 फरवरी) को वह 252 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 91 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। जबकि गुरुवार (15 फरवरी) को 60 करोड़ रुपये की एक महत्वपूर्ण परियोजना का शिलान्यास और करीब पांच करोड़ रुपये की एक परियोजना का लोकार्पण करेंगे। इन दो दिनों में वह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नारी शक्ति वंदन, गांव चलो अभियान के कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। सीएम योगी के बुधवार को दोपहर बाद गोरखपुर आने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। सबसे पहले वह खाद कारखाना परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में पहुंचेंगे। यहां करीब एक हजार जोड़ों का विवाह संपन्न होना है। मुख्यमंत्री इन जोड़ों को उपहार और आशीर्वाद प्रदान करेंगे। इसी कार्यक्रम के मंच से सीएम योगी विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के 91 विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे। इन विकास कार्यों पर 252 करोड़ 06 लाख 46 हजार रुपये की लागत आएगी। इनमें 131.50 करोड़ रुपये की जल निगम (ग्रामीण) की 36 पेयजल परियोजनाएं शामिल हैं। बुधवार को सायंकाल मुख्यमंत्री रजही आजादनगर (वनटांगिया गांव) आकर गांव चलो अभियान के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करेंगे। गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को पूर्वाह्न योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित होने वाले नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## देश के विकास को मिल रही ऊँचाई : रजनी

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** गांव चलो अभियान कार्यक्रम के तहत



मंडल रामपुर के ग्राम पंचायत पचरुखिया में अपने प्रवास के दौरान भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रजनी पाण्डेय ने बूथ समिति की बैठक की। उपस्थित लोगों को केंद्र की मोदी सरकार व राज्य की योगी सरकार की ओर से चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने मतदाता सूची का वाचन किया।उन्होंने छूटे हुए लोगों से नाम दर्ज करवाने के लिए अपील की। कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरा करने वाला कोई भी मतदाता छूटने ने पाए। इसके लिए कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से प्रयास करें। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा भारी बहुमत से तीसरी बार अपनी सरकार बनाएगी। भाजपा ने देश के विकास को एक नई ऊँचाई दी है। भाजपा का कार्यकर्ता माँ भारती की सेवा में पूरी तन्मयता से जुटा हुआ है। इस अवसर पर बूथ लोकसभा विस्तारक विरेंद्र तिवारी, विधान सभा संयोजक नीरज श्रीवास्तव, सत्यम मिश्रा, दीपक पाण्डेय., ज्ञान प्रकाश सहित बूथ समिति के सदस्य और पन्ना प्रमुखगण तथा अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण सत्र से नदारद मिले बीईओ समेत 70 प्रशिक्षणार्थी

- बीएससी ने किया औचक निरीक्षण तो हुआ खुलासा सभी से स्पष्टीकरण तलब

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** ब्लॉक संसाधन केंद्रों में चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम की स्थिति का जायजा लेने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी ने मंगलवार की सुबह ब्लॉक संसाधन केंद्र जरवल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीएसए को बीईओ और मास्टर ट्रेनर के साथ 70 प्रशिक्षणार्थी शिक्षक और शिक्षामित्र भी नदारद मिले, बीएसए ने व्यवस्था के प्रति नाराजगी जताते हुए सभी से स्पष्टीकरण तलब किया है। आपको बताते चलें कि सरकार की ओर से प्राथमिक विद्यालय में अध्ययन छात्र-छात्राओं को भाषा और गणित में पारंगत बनाने के लिए शिक्षक और शिक्षामित्र को एफएलएन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिले के सभी ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर प्रशिक्षण 50-50 के बैच में संचालित हो रहा है। मंगलवार सुबह ब्लॉक संसाधन



केंद्र जरवल की एफएलएन प्रशिक्षण व्यवस्था जांचने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी सुबह 10:00 प्रशिक्षण केंद्र पर पहुंच गए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को यहां पर व्यवस्थाएं चरमराई मिली। बीएसए श्री तिवारी ने बताया कि मौके पर निरीक्षण के समय न तो खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह उपस्थित मिले न ही प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मास्टर ट्रेनर समय से पहुंचे थे। प्रशिक्षण समुचित चलता हुआ नहीं पाया गया। ब्लॉक संसाधन केंद्र पर 2 बैच 50-50 के चल रहे है, लेकिन निरीक्षण के समय प्रथम बैच में 50 के सापेक्ष 9 एवं द्वितीय बैच में 50 के सापेक्ष 21 प्रशिक्षणार्थी ही उपस्थित मिले। बीएसए ने एफएलएन प्रशिक्षण के प्रति खंड शिक्षा अधिकारी, मास्टर ट्रेनर और प्रशिक्षणार्थियों के गंभीर न होने पर चिंता जताते हुए सभी से स्पष्टीकरण तलब किया है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि एफएलएन प्रशिक्षण भारत सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में रुचि न लेने वाले किसी भी कर्मचारी को बक्सा नहीं जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण के समय वैक्तिक सहायक पवन श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

### इण्डियन बैंक के आधार पंजीकरण केन्द्र पर की गयी कार्रवाई

**बहराइच।** अवस्थी साइबर कैफे महराजगंज महसी निकट इण्डियन बैंक द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक धनराशि लेकर आधार कार्ड बनाये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा मोबाइल पर प्राप्त शिकायत का कड़ा संज्ञान लेते हुए उप जिलाधिकारी महसी राकेश कुमार मौर्या को तत्काल मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिये गये। जांच में शिकायत सत्य पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से इण्डियन बैंक महराजगंज शाखा में संचालित आधार पंजीकरण केन्द्र को बंद करा दिया गया है।

# सचल दल की निगरानी में संपन्न होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 हेतु जनपद में 17 व 18 फरवरी 2024 को दो-दो पालियों में सम्पन्न होने वाली लिखित परीक्षा को शुचिता पूर्ण ढंग से नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने हेतु जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा 02 सचल दल का गठन किया गया है। परीक्षा केन्द्र आज़ाद इण्टर कालेज, पं. वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज, सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल राहवा चौराहा, भिनगा रोड, बहराइच, महिला पी.जी. कालेज, सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज माधवपुरी, महाराज सिंह इण्टर कालेज तथा स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहराइच हेतु गठित सचल दज की जिम्मेदारी जिला प्रोबेशन विनय कुमार सिंह व जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार को सौंपी गई है।

# जनपद स्तरीय सिंचाई बन्धु की संपन्न हुई बैठक

- नहरों को पूरी क्षमता से संचालन कराये जाने के दिये गये निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपदीय सिंचाई बन्धु की बैठक उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कल्पीपारा कालोनी स्थित आफीसर्स फील्ड हॉस्टल में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान गत माह की बैठक में उठाये गये बिन्दुओं के अनुपालन पर चर्चा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि बैठक के दौरान उठायी गयी समस्याओं का समय से निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। उपाध्यक्ष श्री



सिंह द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि नहरों को पूरी क्षमता के साथ संचालन सुनिश्चित कराये ताकि किसानों को किसी प्रकार की अपनी फसलों की सिचाई में असुविधा न हो। नहरों की नियमित मानीटरिंग, कृषकों से सम्पर्क कर नहर संचालन सम्बन्धी चौपाल लगाकर समस्याओं का निराकरण कराये जाने के निर्देश के साथ-साथ नहरों की साइटों पर लगे वृक्षों की नम्बरिंग कराने तथा नहरों के संचालन एवं सिंचाई व्यवस्था को सुदृण करने के भी निर्देश दिये गये। इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता सरयू नहर खण्ड 5 नोडल दिनेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता, सरयू नहर खण्ड-नानपारा मलखान सिंह, सहायक अभियन्ता, सरयू नहर खण्ड-प्रथम नानपारा, सहायक अभियन्ता, नलकूप खण्ड-बहराइच नेम सिंह, सहायक अभियन्ता, सरयू ड्रेनेज खण्ड-प्रथम-बहराइच श्री चौधरी, सहायक अभियन्ता, सरयू नहर खण्ड-प्रथम, बहराइच, हिमगिरि यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी-2, बहराइच रामचन्द्र, जूनियर इंजीनियर, सरयू नहर खण्ड-चतुर्थ, बहराइच संतोष कुमार, जूनियर इंजीनियर, नलकूप खण्ड-नानपारा जितेन्द्र कुमार सिंह एवं भाजपा जिला कार्यकारी समिति के सदस्य हिमांशु सिंह, शिवम आदि मौजूद रहे।

### हेड मास्टर ने लाखों रुपए कीमती पेड़ कटवा कर किया पार

**बल्दीराय।** तहसील क्षेत्र के आदर्श जूनियर हाईस्कूल हलियापुर के हेड मास्टर राम कृपाल का कारनामा उजागर हुआ है। बच्चों को शिक्षा देते देते लकड़ी कटान का काम शुरू कर दिया है। स्कूल की जमीन पर लगे ग्राम सभा व वन विभाग के शीशम आदि के कई पेड़ कटवाकर आरा मशीन पहुंचा दिया। उन्होंने बिना परमीशन के ही पेड़ कटवा लिया। खंड शिक्षा अधिकारी रोजी सिंह ने मामले का संज्ञान लिया। नोटिस जारी कर एफआईआर दर्ज कराने के हेड मास्टर को आदेश दिए हैं। जब हेडमास्टर ही खुद आरोपी हैं तो किस पर एफआईआर दर्ज करवाएं।

# रोजगार मेले में 58 अभ्यर्थियों का चयन



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर गोविन्द नगर में एक दिवसीय रोजगार मेले एवं कैरियर कॉउन्सलिंग का आयोजन किया गया। रोजगार सहायता अधिकारी आकाँक्षा यादव द्वारा मेले में आये सभी बेरोजगार अभ्यर्थियों को कैरियर कॉउन्सलिंग के माध्यम से रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रही कम्पनियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान कर उनको अपनी शैक्षिक योग्यतानुसार कम्पनियों में साक्षात्कार देने हेतु प्रोत्साहित किया गया। काउंसलर आरसेटी निदेशक स्वाती वर्मा ने आये हुये सभी अभ्यर्थियों को अपने विभाग में संचालित समस्त स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी गई। रोजगार मेले में कुल 04 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इन सभी कम्पनियों में 78 प्रतिभागी अभ्यर्थियों में से 58 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। अन्त में जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने चयनित हुये अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर देकर प्रतिभाग कर रही सभी कम्पनियों के नियोजकों एवं आरसेटी निदेशक स्वाती वर्मा का आभार व्यक्त किया। इस दौरान सेवायोजन कार्यालय ललितपुर के समस्त कर्मचारियों द्वारा मेले के सफल आयोजन हेतु अपना योगदान दिया गया।

# युवती ने फांसी लगाकर दी जान, घर में मिला शव

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** फिल्मी दुनिया मे हाथ आजमा चुकी मॉडल,कवियित्री या यूं कहें कि बहुमुखी प्रतिभा की धनी विजय लक्ष्मी सिंह उर्फ मल्लिका राजपूत( 40 वर्ष ) ने घरेलू कलह से तंग होकर घर में ही फांसी लगा लिया।संदिग्ध परिस्थितियों में घर मे शव मिलने से हड़कंप मच गया।मोहल्ले वालों के अनुसार उसके एक भाजपा नेता से करीबी संबंध रहे हैं। पारिवारिक कलह के चलते आत्महत्या कर लेने की बात सामने आ रही है। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतका मल्लिका राजपूत सेवा



निवृत्त वाहन चालक बब्बन सिंह की पुत्री थी। मृतका मल्लिका राजपूत मॉडलिंग, लेखिका और फ़िल्म जगत में भी काम कर चुकी है। वह अपने परिवार के साथ कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के सीताकुंड इलाके में रहती थी।

# युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों का स्वागत

अवधनामा संवाददाता

- भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संबंध में आयोजित हुई बैठक
- यात्रा में जनपद के लोग अधिक संख्या में बनेंगे भागीदारः अभिषेक

**सुल्तानपुर।** मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर युवा कॉग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों का स्वागत और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संबंध में तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। जिला कांग्रेस के अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व व शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शकील अंसारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बतौर मुख्यअतिथि प्रदेश महासचिव व जोनल प्रभारी योगेंद्र मिश्र व विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव जनपद प्रभारी अर्जुन पासी कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रदेश महासचिव एवं जोनल प्रभारी योगेंद्र मिश्र व प्रदेश सचिव एवं जनपद प्रभारी अर्जुन पासी का कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा व शहर अध्यक्ष अंसारी समेत भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेताओं ने भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात प्रदेश महासचिव एवं जोनल प्रभारी ने अभी हाल ही में संपन्न हुए युवा कांग्रेस के चुनाव में विजई हुए पदाधिकारियो को माला पहनकर स्वागत किया।ज्ञात हो कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश के मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर निकले



जिनका सफर मुंबई तक है, देश के विभिन्न राज्यों में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को देश के विभिन्न राज्यों में अपार समर्थन मिल रहा है, प्रदेश सचिव एवं जनपद प्रभारी अर्जुन पासी ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा अमेठी में एक ऐतिहासिक यात्रा होगी, उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को यात्रा में भागीदारी के लिए कहा। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी, वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विपिन कनौजिया, सेवादल जिलाध्यक्ष अरुण तिवारी, मिर्जा अकरम बेग,सुनील चौहान, उपाध्यक्ष मानस तिवारी,मोहित तिवारी, शहबाज खान सहित कई लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता नफीस फारूकी ने किया। इस मौके पर जिला महासचिव कालीसहाय सिंह,राजेश तिवारी, कृष्ण कुमार मिश्र मुन्नू,सरदार परमजीत सिंह, हर्ष नारायण मिश्र,योगेश दिनेश मिश्रा, संतोष वर्मा, जयराज गौतम, दयाशंकर दुबे, दिग्विजय सिंह, शक्ति तिवारी, जनेश्वर उपाध्याय आदि लोग सम्मिलित हुए।

# गौरव विश्वकर्मा बने समाजवादी छात्रसभा के प्रदेश सचिव

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी के छात्र सभा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष इंजी. विनीत कुशवाहा ने प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया है। इस प्रदेशीय कार्यकारिणी में ललितपुर से गौरव विश्वकर्मा को सचिव पद पर नियुक्त किये जाने से पार्टी पदाधिकारियों व छात्र संवर्ग में हर्ष व्याप्त है। गौरव विश्वकर्मा को समाजवादी छात्र सभा में प्रदेश सचिव नियुक्त किये जाने के बाद समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और वर्तमान पदाधिकारियों ने कहा कि अब छात्र-छात्राओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जा सकेगा। इसके अलावा प्रदेश स्तर तक विद्यार्थियों की आवाज सीधे तौर पर पहुंचेगी। प्रदेश सचिव गौरव विश्वकर्मा ने कहा कि माध्यमिक या फिर उच्च शिक्षा संस्थान मनमाने तरीके से विद्यार्थियों के खिलाफ शोषणात्मक कार्यवाहियां नहीं कर सकेंगे। विद्यार्थियों के हित में समस्याओं का समयबद्ध तरीके से निस्तारण कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर विद्यार्थी उनसे सीधे तौर पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष इंजी. विनीत कुशवाहा का आभार व्यक्त करते हुये यह भी कहा कि जो जिम्मेवारी उन्हें प्रदेशीय नेतृत्व द्वारा सौंपी गयी है, वह उसका पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से निर्वाह्न करते हुये पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और पार्टी को मजबूत बनाये रखने की दिशा में कार्य करेंगे।

# मोदी और प्रदेश की योगी सरकार सबसे लोकप्रिय सरकारः डॉ. वीणा

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** लोक सभा की पूर्व प्रत्याशी, पूर्व विधान परिषद सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ वीणा पाण्डेय ने कहा कि केंद्र की मोदी की सरकार तथा उत्तरप्रदेश की योगी की सरकार को यदि आज तक की सबसे प्रगतिशील सरकार कहा जाय तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। सुलतानपुर संसदीय क्षेत्र में आयोजित ग्राम चौपाल में क्षेत्रीय नागरिकों एवं किसानों को संबोधित करते हुए डॉ वीणापाण्डेय ने कहा कि किसानों, मज़दूरों, नौजवानों, विद्यार्थियों, दलित एवं पिछड़े समुदाय तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए भाजपा की मोदी एवं योगी की डबल इंजन की सरकार द्वारा आम लोंगों के आर्थिक - सामाजिक उत्थान के सैकड़ों कार्यक्रम तो चल ही रहे है,



इसके साथ ही वैश्विक स्तर पर भारत के सशक्तीकरण के अनेकों कार्यक्रम चल रहे है। केंद्र सरकार एवं उत्तरप्रदेश की सरकार द्वारा सदन में पारित बजट स्पष्ट करता है कि आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने में सरकार पूरी तरह से गंभीर है और यह सरकार की दूरदर्शिता को प्रगट करता है। यही नहीं देश की अनवरत निःस्वार्थ भाव से सेवा कर चुके हमारे पूर्व नेताओं एवं वैज्ञानिकों यथा स्व कर्पूरी ठाकुर, स्वचौधरी चरण सिंह, लालकृष्ण आडवानी, स्व नरसिम्हा राव, एमएस स्वामीनाथन जैसी महाविभूतिओं को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सम्मानित करने के लिए भारत रत्न पुरस्कार भी दिया। यह अपने आप में प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की बहुत महान एवं उदार सोच है। अबतक किसी भी सरकार ने ऐसी उदारता एवं महानता नहीं दिखाई कि विपक्ष के दलों के लोंगों को उनके अच्छे कार्यो हेतु सम्मानित किया हो। दलों के दल दल से ऊपर उठकर जिस उदार भावना का परिचय मोदी जी ने दिया है वह काबिलेतारीफ़ एवं प्रशंसनीय है। सम्मानित करने की यह स्वागत योग्य परंपरा है आशा करती हूँ कि भविष्य में भी जारी रहेगी और स्व सावित्री बाई फुले, विजया राजे सिंधिया सरीखी उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का भी इसी तरह सम्मान किया जाएगा।

### विकास खण्ड नवाबगंज में आयोजित हुआ रोज़गार मेला

**बहराइच।** राजकीय आईटीआई, उ.प्र. कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच के संयुक्त तत्वावधान मे पं. दीन दयाल उपाध्याय कौशल्य ग्रामीण योजनान्तर्गत विकास खण्ड नवाबगंज में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोज़गार मेले 12 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग कर प्रतिभागी 235 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करते हुए 162 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। चयनित युवक/युवतियों को ब्लॉक प्रमुख जय प्रकाश सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई श्री सुनील कुमार मिश्रा एवं सहायक सेवा योजन अधिकारी श्रीमती प्रीति मिश्र द्वारा संयुक्त रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर मेला प्रभारी राहुल वाजपेई, एस.पी. सिंह, विजय तिवारी, दुर्गेश वर्मा, ऋषि गुप्ता, कार्यदेशक अरुण श्रीवास्तव, प्रवीण ठाकुर, रविशंकर पाठक, भानु प्रताप सहित अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।

# वीर बुन्देली को पठान वॉरियर्स ने हराया

- राइजिंग सुपर स्टार को शिवाय सुपर किंग ने दी शिकस्त
- प्लेयर ऑफ द मैच प्रयांशु चौबे व योगेश पाठक बने

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में स्व.राजेंद्र जायसवाल की स्मृति में निशी क्रिकेट अकादमी द्वारा अंडर 14 ललितपुर टीवीएस प्रीमियर लीग के सातवें दिन दो मैच खेले गये। पहला मैच पठान वॉरियर्स और वीर बुन्देली वॉरियर्स के मध्य व दूसरा शिवाय सुपर किंग व राइजिंग सुपर स्टार के बीच खेला गया। पहले मैच में वीर बुन्देली ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया, वहीं पठान वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 19 ओवर में 100 रन



बनाकर टीम ऑल आउट हो गयी। लक्ष्य का पीछा करते हुये वीर बुन्देली वॉरियर्स के बल्लेबाज 16.5 ओवर में 95 रन बनाकर टीम ऑल आउट हो गई। जिससे पठान वॉरियर्स ने 5 रन से मैच जीतकर लीग मैच में बढ़त हासिल कर ली है। वहीं प्रयांशु चौबे ने 3.5 ओवर में 27 रन देकर चार विकेट लिये, जिससे वह प्लेयर ऑफ द मैच बने। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरूस्कार पार्षद अब्दुल वारी और पार्षद गिरीश पाठक रमाकांत तिवारी ने सयुंक्त रूप से दिया। वहीं दूसरे मैच में शिवाय सुपर किंग ने राइजिंग सुपर स्टार को 9 विकेट से हरा दिया। प्लेयर ऑफ द मैच में योगेश पाठक बने, वहीं दूसरे मैच में शिवाय सुपर किंग ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निणय लिया। राइजिंग सुपर स्टार ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 99 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिवाय सुपर किंग के बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुये 9.5 ओवर में 1 विकेट खोकर 100 रन बनाकर 9 विकेट से लीग मैच जीत लिया। वहीं शिवाय सुपर किंग के बल्लेबाज योगेश पाठक ने 32 गेंद खेलकर नावाद 57 रन बनाये, जिससे वह प्लेयर ऑफ द मैच बने। आयोजन कमेटी में मोहम्मद नसीम, पवन परमार, शत्रुघ्न यादव, रत्नेश दीक्षित, राम प्रताप सिंह, पुष्पेंद्र बुंदेला, पीएस परमार, विजय निरंजन, सोनू राजा छपरट, अजय राजा, रामेश्वर सेन, धर्मेंद्र गोस्वामी, नेहाल राजपूत, राज कौशिक, दिशांत के अलावा बृजबिहारी मिश्रा, ध्रुव बुंदेला, वीरेंद्र, लखन रैकवार आदि मौजूद रहे। निर्णायक की भूमिका में सौरभ नायक, प्रियंक के अलावा धर्मेंद्र कुमार स्कोरर सिद्धार्थ जैन रहे। वहीं आंखों देखा हाल मोहन पेंटर ने सुनाया।

**आज का मैच**

पहला हैमर जिम राइडर्स व अथर्व सुपर किंग और दूसरा मैच व पठान वॉरियर्स शिवाय सुपर किंग के बीच खेला जायेगा।

# पुलिस भर्ती परीक्षा के सम्बंध में हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता

- सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल परीक्षा संपन्न कराये जाने के दिये गये निर्देश

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 हेतु की लिखित परीक्षा 17 व 18 फरवरी 2024 को दो-दो पालियों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सेक्टर व स्टेटिक्स मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक तथा अन्य सम्बन्धित के साथ आयोजित बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के सम्बंध में जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी प्रदान की गयी।

परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला मुख्यालय सहित निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर कन्ट्रोल रूम की स्थापना की जायेगी। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि सभी सम्बन्धित बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का भलि-भांति अध्ययन कर शासन के मंशानुसार सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाय। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार केन्द्र की व्यवस्था समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने स्टेटिक्स मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि अपने-अपने केन्द्र पर भ्रमणशील रहकर केन्द्र पर स्थापित सीसीटीवी कैमरा, कन्ट्रोल रूम से परीक्षा केन्द्र के सभी कक्षों का मानीटरिंग भी करते रहे। जनपद में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों को पहुचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, बस व रेलवे स्टेशन पर कर्मचारी तैनात किये गये है।

### कोतवाली नगर पुलिस नहीं कर सकी चोरी का खुलासा

**सुल्तानपुर।** कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के विवेक नगर के रहने वाले इंद्रभान मिश्रा ने घर मे हुयी चोरी की घटना का लिखित शिकायती पत्र कोतवाली नगर पुलिस को 2,6,2023 दिया गया था,लेकिन कोतवाली नगर की पुलिस सिर्फ मुकदमा दर्ज कर के हाथ पर हाथ बैठी है।शिकायतकर्ता इंद्रभान मिश्रा ने शिकायती पत्र में कहा है कि उनके ही घर में बर्तन साफ करने वाली जो उनके घर पर तीन वर्ष से काम कर रही थी,ने हो उक्त चोरी की घटना को अंजाम दिया जय।शिकायतकर्ता द्वारा लिखित दिया गया है कि उस महिला के पास करीब सात मोबाइल नंबर है। इंद्रभान मिश्रा ने बताया कि 22,6,2023 से 27,6, 2023 तारीख से अपने सारे मोबाइल फोन महिला ने बंद कर लिया है। उससे पहले बर्तन साफ करने वाली महिला कभी अपना मोबाइल बंद नही करती थी।शिकायतकर्ता के अनुसार यदि उस महिला को हिरासत में लिया जाए तो जरूर राज खुल सकता है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर यातायात व्यवस्था रहेगी चाक-चौबंद

- भारी वाहनों को वन-वे प्रणाली होगी प्रभावी, वाहन चालकों से सहयोग का आह्वान

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर ललितपुर जिले में बनाये गये 14 केन्द्रों तक पहुंचने के लिए यातायात व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाया जा रहा है। इसके लिए यातायात विभाग युद्ध स्तर पर तैयारियों में जुट गया है। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के कुशल निर्देशन में पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए तैयारियां व्यापक स्तर पर की जा रहीं हैं। इसी क्रम में मंगलवार को यातायात प्रभारी उप निरीक्षक आलोक कुमार तिवारी ने बस ऑपरेटर यूनियन और टैक्सी एसोशियेशन के पदाधिकारियों से



वार्ता कर व्यवस्थाओं में सहयोग का आह्वान किया।

गौरतलब है कि आगामी 17 व 18 फरवरी को मुख्यालय पर पुलिस भर्ती परीक्षा संपन्न होनी है। परीक्षा के लिए ललितपुर जिले में कुल 14 केन्द्र बनाये गये हैं, जिनमें से सबसे अधिक परीक्षा केन्द्र जिनकी संख्या 9 है कोतवाली क्षेत्रांतर्गत आते हैं। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र तक पहुंचने के लिए किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े इसके लिए यातायात को सुगम बनाने की कार्ययोजना तैयार की गयी है। यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि बस ऑपरेटर यूनियन व टैक्सी एसोशियेशन के पदाधिकारियों से वार्ता करते हुये कहा गया है कि पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए आने वाले परीक्षार्थियों को प्रत्येक दशा में उनके गन्तव्य तक पहुंचाने का प्रयास करें, ताकि कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित न रहे। इसके अलावा शहर में जाम की स्थिति न बने इसके लिए भी व्यापक स्तर पर तैयारियां की गयी हैं। परीक्षा केन्द्रों की ओर जाने वाले रास्तों को खाली रखा जायेगा। इसके अलावा 2-2 पालियों में संपन्न होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए यातायात व्यवस्था सुदृढ़ बनायी गयी है।

### जब दारोगागिरी पर उतारु हुआ लेखपाल

**सुल्तानपुर।** मामला कस्बा पांचों पीरन के आस्था हॉस्पिटल के सामने का है।मकान स्वामी श्याम लाल का कहना है कि करीब आठ वर्ष पहले ही मकान का नक्शा स्वीकृत है। तभी मकान भी बन गया था। कुछ समस्या के चलते बाहरी दीवार का प्लास्टर अब हो रहा था।तीन चार दिन पहले रतनपुर/ कस्बा के लेखपाल सुनील सिंह ने प्लास्टर रोक दिया।जब इनसे मिलने तहसील गया तो दरोगा गिरी स्टाइल में फटकार लगाते हुए ऐसा पूंछ रहे थे जैसे कोई अपराधी हो। फिलहाल पूरी जानकारी दिया।इसके बाद बोले ऐसे नही चलेगा।निर्माण मत कराना नही तो बुलडोजर चलवा दूंगा।फिर भी मकान स्वामी अनुनय विनय करता रहा।फिर कहे करोड़ो की संपत्ति है,सुविधा शुल्क( एक लाख रु ) दोगे तभी प्लास्टर होगा। वही जब एसडीएम सदर से पूंछा गया तो बोले लेखपाल से पूछता हूं तो बताता हूं।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यो के लिए मुहरबंद खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ई–निविदा सूचना संख्या | 1101–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ–तृतीय कॉल दिनांक 12.02.2024 |
| कार्य का नाम | पुराने प्रथम क्षेणी एफ.ओ.बी. चारबाग स्टेशन से 04 नम्बर एस्केलेटर को लखनऊ मण्डल के अन्य स्थान पर स्थानान्तरित करना। |
| अनुमानित लागत | रु.96,67,103/– (छियानवे लाख सढसठ हजार एक सौ तीन रूपये मात्र) |
| बयाना राशि | रु. 1,93,400/– (एक लाख तिरानवे हजार चार सौ रूपये मात्र) |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |
| ई–निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 08.03.2024 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर चैक की जा सकती है। |

सूचना सं0 1101–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ–तृतीय कॉल दिनांक : 12.02.2024

461/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# नकलविहीन परीक्षा हेतु जिला प्रशासन ने कसी कमर

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस की लिखित परीक्षा दिनॉक 17.02.2024 (शनिवार) व दिनॉक 18.02.2024 (रविवार) को दो पालियों में प्रथम पाली प्रातः 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 तक व द्वितीय पाली अपरान्ह 03 से 05 बजे तक होने वाली परीक्षा को शान्तिपूर्ण वातावरण में नकलविहीन व निर्विध्न रूप से संम्पन्न कराने हेतु तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों संयुक्त बैठक डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि बोर्ड द्वारा जिन जिन अधिकारियों को जो दायित्व सौपें गये है, उनका गहनता के साथ अध्ययन कर अपने दायित्वों का निर्वाहन करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा केन्द्र व परीक्षा के आस पास किसी भी प्रकार के ट्राफिक जाम की स्थित न उत्पन्न हो पाये। जिससे परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार से असुविधा न होने पाए, साथ ही उन्होने एआरएम रोड़वेज को परीक्षार्थियों के आवागमन की सुविधा हेतु समय से रोड़वेज बसों के संचालन के निर्देश दिए। जिस पर ए0आर0एम0 रोड़वेज ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु हमीरपुर से मौदहा-सुमेरपुर के लिए प्रातः 05:00 बजे से हर 15 मिनट पर, हमीरपुर से झलोखर, कुरारा के लिए प्रातः 5:30 से हर 30 मिनट पर, झलोखर, कुरारा से हमीरपुर के लिए प्रातः 7:00 बजे से हर 30 मिनट पर, राठ से हमीरपुर के लिए हर 30 मिनट पर प्रातः 4:00 बजे से, हमीरपुर से राइ के लिए हर 30 मिनट पर, गोहाण्ड से राठ प्रातः 3:00 बजे से प्रारम्भ हर घंटे पर, राठ से कुरारा प्रातः 6:00 वायां सरीला, ममना, जलालपुर व कदौरा रोड़वेज बसें चलायी जायेगी। ज्ञात हो कि राजकीय इंण्टर कालेज, हमीरपुर, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, हमीरपुर, श्री विद्या मंदिर इण्टर कालेज, हमीरपुर, सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज, हमीरपुर, सरदार पटेल पब्लिक स्कूल हमीरपुर, सरदार पटेल पब्लिक स्कूल हमीरपुर, राजाराम इण्टर कालेज झलोखर, श्री रामकृष्ण पोस्ट ग्रेजुऐट कालेज कुरारा, श्री कंचन लाल सगुणा इण्टर कालेज कुरारा, मॉ गीता महेश्वरी इण्टर कालेज सुमेरपुर व रहमांनियां इण्टर कालेज मौदहा सहित कुल 10 जनपद में परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, उपजिलाधिकारी सदर, उपजिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी सरीला, उपजिलाधिकारी राठ, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, परियोजना निदेशक,अपर पुलिस अधीक्षक व पुलिस अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

## नशे की हालत में युवक ने जहर खाकर खुदकुशी की

**बांदा।** सोमवार की दोपहर को नशे की हालत में घर पहुंचे युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली। इसके पहले उसने बच्चों की पिटाई की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना गिरवां क्षेत्र के देवरार गांव में रहने वाले कुलदीप (33) पुत्र बच्चा नशे का आदी था। सोमवार की दोपहर को वह अपने घर पहुंचा और नशे की हालत में बच्चों की पिटाई की। पत्नी ने उसे रोका, लेकिन वह नहीं माना। इसके बाद कुलदीप ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ी तो उसकी पत्नी को जानकारी हुई। उसने परिजनों को सूचना दी। परिजन तत्काल युवक को सीएचसी नरेनी ले गए, वहां पर डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर बताते हुए रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे मेडिकल कालेज लेकर आए, वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# रेणुपावर प्राथमिक पाठशाला रेनूसागर में वार्षिक खेलकूद का आयोजन संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/अनपरा।** रेनूपावर प्राथमिक पाठशाला के प्रांगण में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानाध्यापिका डॉक्टर पूनम वार्ष्णेय के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ , कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि दिशिता महिला मंडल की अध्यक्ष इंदू सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल की सचिव कविता श्रीमाली ,संयुक्त सचिव तूलिका श्रीवास्तव के साथ विभा सिंह, रमासिंह तथा आशा सैनी ने मुख्य रूप से उपस्थित होकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

अपने उद्बोधन भाषण में मुख्य अतिथि महोदया ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा - कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। शारीरिक विकास वर्तमान समय में अत्यंत आवश्यक है। सूरज कक्षा - 5 ए, नीलेश - 5 ए, आदित्य साह- 5B तथा अनमोल 5 - स ने मशाल जलाकर दौड़ते हुए मैदान की परिक्रमा की। तदनन्तर छात्र अंशुमान केवट कक्षा -5 ए, ने अपनी निष्ठा कर्तव्य एवं खेल भावना को शपथ के माध्यम से ज्ञापित करते हुए सभी खिलाड़ियों को खेल की शपथ दिलाई। इस अवसर पर बच्चों द्वारा जुम्बा नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके बाद कक्षा शिशु की मेंढक दौड़ तदुपरांत इसी क्रम में क्रमशः गोली चम्मच दौड़, जूता मोजा दौड़, केला दौड़ आदि मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। विक्ट्री स्टैंड पर खड़े बच्चों के उत्साह वर्धन हेतु नन्ही चीयर गर्ल्स सब का मन बरबस मोह रही थीं। प्रतियोगिता का समापन रिले रेस से किया गया।इस रेस में भास्कर हाउस प्रथम एवं रवि हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। इस सम्पूर्ण प्रतियोगिता एवं आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में समस्त शिक्षक -शिक्षिकाओं की अत्यंत सराहानीय भूमिका रही।

# शादी समारोह में हुई जमकर हर्ष फायरिंग

अवधनामा संवाददाता

- गोली चलने के उपरांत बैंड पार्टी का सदस्य हुआ घायल
- डॉक्टरो ने घायल के शरीर में गनशाट की नहीं की पुष्टि

**हमीरपुर।** कुरारा थाना क्षेत्र के झलोखर गांव में बीती रात द्वारचार के दौरान लाइसेंसी रायफल से चली गोली से बैंड बाजा बजा रहे युवक के पीठ में नुकीली चीज घुस गई। इस से

दहशत फैल गई। तथा घायल युवक को आनन फानन सीएससी कुरारा लेकर गए। इसके बाद प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया। युवक ने घटना की तहरीर थाने में दी है। पुलिस ने लाइसेंसधारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

क्षेत्र के झलोखर गांव में बीती रात रामकिशोर अनुरागी की पुत्री का शादी समारोह था। बारात सुमेरपुर थाना क्षेत्र के बांकी गांव निवासी भगवान दास के पुत्र जितेंद्र की आई थी। रात बारह बजे के लगभग जब बारात लड़की के दरवाजे पहुंची तो द्वारा चार होने लगा तथा बैंड बाजा बज रहा था। तभी बारात में आए बाराती मनोज कुमार उपाध्याय ने अपनी लाइसेंसी रायफल से फायरिंग शुरू कर दी। जिससे निकली एक गोली सड़क पर लगी जिससे नुकीली चीज बैंड बजा रहे दीपक बाल्मिकी पुत्र कामताप्रसाद निवासी बाकी गांव निवासी की पीठ पर घुस गई। इस से बारात में हड़कंप मच गया। तथा घायल को लेकर सी एच सी में इलाज के लिए लेकर गए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया।जहां चिकित्सक ने पीठ से गिट्टी निकाली। उसने बताया कि गोली चलने से सड़क में लगने से गिट्टी उछल कर पीठ में लगी थी।

दीपक बाल्मिकी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बाकी गांव निवासी मनोज कुमार उपाध्याय पुत्र स्वर्गीय गोकरन उपाध्याय लापरवाही से फायरिंग कर रहा था। जिससे यह घटना घट गई। पीड़ित की तहरीर पर रायफल धारी के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत व हर्ष फायरिंग के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं शक्ति किट वितरित

- कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी ने की

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** उपजिलाधिकारी, परियोजना अधिकारी (डूडा) खालिद अंजुम ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि दीनदयालय अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन ,राष्ट्रीय ग्रामीण मिशन के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहो के सशक्तीकरण एवं स्वावलम्बन हेतु ''शक्ति वन्दन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत समूह की महिलाओं को सम्मान एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली सक्रिय समूह की महिलाओं प्रशस्ति पत्र एवं शक्ति किट का वितरण कार्यक्रम, अम्बेडकर पार्क, नगर पालिका परिषद हमीरपुर के तत्वाधान में आयोजित किया गया है उक्त आयोजित कार्यक्रम में राहुल पाण्डेय,जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित मुख्य अतिथि सुनील पाठक, जिलाध्यक्ष, जिला नोडल, हमीरपुर, उमाकान्त राजपूत, जिला महामंत्री संयोजक, सहायक जिला नोडल हमीरपुर, महिला मोर्चा, हमीरपुर अन्य जन प्रतिनिधिगणो का स्वागत करने के साथ ही कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया, उक्त आयोजित शक्ति वन्दन कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र में गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा उद्योगों के माध्यम से जुडकर आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी होने के सम्बन्ध में दयावती , रूचि मिश्रा, ज्योति गुप्ता , छाया गुप्ता द्वारा अपने-अपने अनुभव साझा कर तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा विभिन्न विभागों से संचालित योजनाओ से लाभान्वित होकर समूह के स्टाल लगाकर जीवन स्तर को ऊपर उठाये जाने हेतु प्रेरित किया,

हमीरपुर के अम्बेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य करने वाली सक्रिय समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र, शक्ति किट एवं सम्मान स्वरूप अंगवस्त्र का वितरण मुख्य अतिथि मनोज प्रजापति विधायक सदर हमीरपुर, सुनील पाठक,जिलाध्यक्ष एवं जिलाधिकारी के कर कमलों से संयुक्त रूप से प्रदान किया गया है। शहरी एवं ग्रमीण के क्षेत्र के अन्तर्गत 600 दीदियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें 12 क्लास्टर संघ के पदाधिकारी समूह सखी, बैंक सखी ,लखपति दीदी, बीटीसी सखी, आजीविका सखी, स्वास्थ्य सखी, ग्राम्य संगठन एवं समूह के सदस्य उपस्थित रहे,उक्त कार्यक्रम के नोडल अधिकारी,मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ल, नागेन्द्र नाथ यादव, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), खालिद अंजुम,उप जिलाधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा, श्री प्रशान्त, जिला प्रबन्धक, एनआरएलएम, एवं जितेन्द्र त्रिपाठी, शहर मिशन प्रबन्धक, तथा अन्य कर्मचारियो ने प्रतिभाग किया।

## विधि-विधान से पूजी गयीं मां सरस्वती



**सोनभद्र।** पंडित परमेश्वर प्रसाद मिश्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बभनौली तेंदू में मंगलवार को सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में अध्यापिका सीमा, सृष्टी, सादिया ने बच्चो के साथ विधि-विधान से सरस्वती वंदना के साथ से पूजन कराया। इस दौरान छात्रों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर आशिर्वाद लिया। तत्पश्चात् विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय सिंह ने बच्चों को आत्मबल देते हुए कहा कि हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में पूरी तैयारी कर परीक्षा दें परीक्षा से घबराने की जरूरत नहीं है। अध्ययन किये गये विषयों को दुहराते हुए सभी प्रश्नों को पूरे मनोयोग के साथ हल करें। पूरे विश्वास के साथ आप सभी छात्रगण प्रश्नों के उत्तर लिखें इससे आप सब अधिक से अधिक अंक प्राप्त कर सकतें हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय सिंह, शिक्षिकाएं सीमा, सृष्टी, सादिया एवं शिक्षकगण समेत छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# एनटीपीसी विंध्याचल को आईपीएस 2024 समारोह में तीन पुरस्कार से किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

- एनटीपीसी विंध्याचल को व्यावसायिक उत्कृष्टता में ओवर आल चैम्पिअन अवार्ड से नवाजा गया



**सोनभद्र/विंध्याचल।** एनटीपीसी विंध्याचल को नैगम स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यो के लिए तीन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार एनटीपीसी मुख्यालय द्वारा आईपीएस 2024 समारोह के अवसर पर रायपुर में आयोजित किया गया। एनटीपीसी विंध्याचल को व्यावसायिक उत्कृष्टता में चैम्पिअन एवं ओवर आल एक्सलेन्स अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। यह पुरस्कार एनटीपीसी विंध्याचल को लगातार दूसरी बार प्राप्त हुआ है। साथ ही स्वर्ण शक्ति अवार्ड के श्रेणी में ओ एंड एम प्रोडक्टिविटी अवार्ड एवं ओवर आल चैम्पिअन (रनर अप) का खिताब भी विंध्याचल ने अपने नाम किया। इस तरह की सफलताओं का श्रेय एनटीपीसी विंध्याचल के परियोजना प्रमुख एवं कर्मचारियों की वचनबद्धता एवं उत्कृष्ट कार्य शैली तथा समर्पण को जाता है।

पुरस्कार वितरण अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक(एनटीपीसी लिमिटेड) गुरदीप सिंह, चेयर पर्सन (सीईए) घनश्याम प्रसाद एवं एनटीपीसी लिमिटेड के सभी निदेशकगण द्वारा क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक(उत्तर) एन एस राव एवं कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार को प्रदान किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशकगण एवं विभिन्न परियोजनाओं के प्रमुख व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम वेबकास्ट के द्वारा एनटीपीसी की सभी यूनिटों में सीधा प्रसारण किया गया।

## एनएससी, जयंत में गुरुवार को लगेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**सोनभद्र/सिंगरौली।** आगामी गुरुवार को नेहरू शताब्दी चिकित्सालय, जयंत (एनसीएल) के तत्वाधान में निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के दौरान पॉपुलर हॉस्पिटल, वाराणसी के चिकित्सकों की टीम के द्वारा उपस्थित सभी का कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी /न्यूरोसर्जरी एवम् आर्थोपेडिक्स संबंधी स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इस दौरान आस पास के क्षेत्र के स्थानीय लोग शिविर में आकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। गौरतलब है कि एनएससी, जयंत द्वारा समय समय पर स्थानीय समुदाय को उच्च स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु ऐसे अनेक स्वास्थ्यशिविरों का आयोजन किया जाता रहा है।

# 42वां एनटीपीसी विद्युत उत्पादन दिवस हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया

अवधनामा संवाददाता




**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में एनटीपीसी विद्युत उत्पादन दिवस बड़े हर्षोउल्लास एवं गर्व के साथ आयोजित किया गया। 13 फरवरी 1982 को एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा विद्युत उत्पादन की शुरुआत की गई थी एवं देश उर्जा आत्मनिर्भरता की क्षेत्र में अग्रसर हो गया था। इस शानदार उर्जा उपलब्धि के अवसर पर मदर प्लांट और फ्लैगशिप स्टेशन- सिंगरौली प्लांट परिसर में आयोजित 42वां विद्युत उत्पादन दिवस समारोह में एल के बेहरा, मुख्य महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट), एनटीपीसी सिंगरौली ने 13 फरवरी, 2024 को कहा कि 'एनटीपीसी की चार दशक की उर्जा उपलब्धि उर्जा क्षेत्र, देश-समाज के लिए गर्व एवं सम्मान का विषय है एवं एनटीपीसी निरंतर अपनी विद्युत उत्पादन क्षमता विस्तार के माध्यम से देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना कर घर-घर को रोशन करने के अपने संकल्प को साकार करते जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि चार दशक पुरानी यूनिट होने के बाद भी विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में सभी एनटीपीसी इकाइयों के बीच पहला स्थान और अखिल भारतीय स्तर पर गौरवशाली दूसरा स्थान हासिल किया था। उन्होंने कहा कि यह बड़े गर्व की विषय है कि एनटीपीसी सिंगरौली की यूनिट स1 के सफल प्रचालन के 42 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इस अवसर पर एस के सिंह भूतपूर्व महाप्रबंधक (ऑपरेशन), एनटीपीसी सिंगरौली ने प्लांट में पूजा अर्चना कर सभी कर्मचारियों को पूर्ण निष्ठा, गर्व-उत्साह, समर्पण के साथ उर्जा उत्पादन कार्य योजना को पूर्ण करने हेतु अपनी बधाई संप्रेषित किया। एनटीपीसी विद्युत उत्पादन दिवस के पावन अवसर पर अमरीक सिंह भोगल, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), जोसफ बास्टियन, महाप्रबंधक (एडीएम) सिद्धार्थ मण्डल, मानव संसाधन विभाग प्रमुख, यूनियन एवं एसोशिएशन के प्रतिनिधि गण, एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जलशक्ति मंत्री का जन्म दिवस मनाया, बांटी मिठाई

- छत्रपति शिवाजी विकास वाहिनी के द्वारा भुजौली गांव में हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** छत्रपति शिवाजी विकास वाहिनी के द्वारा जलशक्ति मंत्री और भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह का जन्म दिवस मनाया। तिंदवारी क्षेत्र के भुजौली गांव में आयोजित समारोह में तमाम लोगों ने प्रतिभाग किया और उनके दीर्घायु होने की कामना की। भाजयुमो के जिला मंत्री आशीष पटेल की अगुवाई में मंगलवार को सूबे के जलशक्ति मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह का जन्म दिवस तिन्दवारी क्षेत्र के भुजौली गांव में उनके समर्थकों ने धूमधाम से मनाया। केक काटकर आपस में एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। साथ ही सभी ने अपने नेता के अच्छे स्वास्थ्य, दीर्घायु और उनके प्रगति के पथ पर सदैव अग्रसर रहने की भगवान से प्रार्थना की। इस अवसर पर प्रतिनिधि ग्राम प्रधान भुजौली बृजेन्द्र सिंह पटेल, रामदेव सिंह, रामकरन सिंह पटेल ब्रह्मचारी भभुवा, हीरालाल सिंह, अमरनाथ सिंह, आशुतोष सिंह, देशराज सिंह, रामप्रकाश सिंह, जंगी प्रसाद श्रीवास, पृथ्वी कुमार सिंह, मुनिकुमार सिंह, वीरेन्द्र सिंह, मनीष पटेल, आजाद सिंह, कृष्णा सिंह आदि समर्थक और शुभचिन्तक उपस्थित रहे।

## बेतवा नदी में डूबे युवक का शव अभी तक नहीं हुआ बरामद

**हमीरपुर।** कुरारा थाना क्षेत्र के बिंदपुरी गांव के नीचे बह रही बेतवा नदी में उरई शहर निवासी युवक धीरेंद्र नाम देव के दो दिन पूर्व स्नान करते समय डूब जाने से अभी तक बरामद नहीं हो सका है। गोताखोर व पुलिस लगातार प्रयास कर रहे हैं। लेकिन अभी सफलता नहीं मिली है। क्षेत्र के बिंदपुरी गांव में अपने दोस्त के साथ आया था। तथा बेतवा नदी में स्नान करते समय धीरेंद्र गहरे पानी में डूब गया। जिसकी खोजबीन लगातार चल रही है। गोताखोर तीन दिन से प्रयास कर रहे हैं।अभी तक सफलता नहीं मिल पाई है। चौकी इंचार्ज संगम लाल प्रजापति ने बताया कि खोजबीन की जा रही है।

## जहरीला पदार्थ खाने से युवती अचेत

**बांदा।** गिरवां थाना क्षेत्र के मकरी गांव निवासी प्रिंसी (21) पुत्री बृजगोपाल ने अज्ञात कारणों के चलते सोमवार शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। उल्टी होने पर परिजनों का पता चला। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां उसका उपचार किया गया।

# जूनियर अधिवक्ताओं का सहयोग जरूरी: जिला जज

अवधनामा ब्यूरो

- शिक्षक एमएलसी कोटे से बनेगा वादकारी विश्रामालयः लाल बिहारी
- एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट हो लागूः स्नातक एमएलसी
- एडवोकेट एमएलसी कोटे का हो निर्धारणः विनोद
- डीबीए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सकुशल संपन्न



**सोनभद्र।** सदर तहसील प्रांगण में मंगलवार को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के नव निर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई गई। प्रभारी जिला जज एहसानुल्लाह खां ने अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव एडवोकेट को शपथ दिलाई, जबकि अन्य पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को यूपी बार काउंसिल सदस्य विनोद कुमार पांडेय एडवोकेट ने शपथ दिलाई। प्रभारी जिला जज एहसानुल्लाह खां ने कहा कि सोनभद्र जिले में सबसे बड़ी समस्या जूनियर अधिवक्ताओं की है। इसके पीछे सबसे प्रमुख कारण प्रतिवर्ष संख्या में इजाफा होना है, जबकि सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने कहा कि जूनियर अधिवक्ताओं का पढ़ाई से लेकर आर्थिक रूप से सहयोग निहायत जरूरी है। इसके अलावा बार एसोसिएशन के लिए जब भी कोई विचार विमर्श करना हो तो चैंबर हमेशा खुला रहेगा। मुख्य अतिथि शिक्षक एमएलसी लाल बिहारी यादव एडवोकेट ने कहा कि वादकारी हित में कार्य करना अधिवक्ताओं और न्यायिक अधिकारियों की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक एमएलसी कोटे से वादकारी विश्रामालय बनेगा। इसके लिए मई माह में धन भी आवंटित कर दिया जाएगा। स्नातक एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने कहा कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने के लिए कई बार सदन में मांग उठाई गई है। इसके अलावा नए अधिवक्ताओं, 40 वर्ष के प्रैक्टिशनर अधिवक्ताओं को पेंशन , आयुष्मान कार्ड बनाए जाने, ताकि पांच लाख तक का मुफ्त इलाज हो सके। विशिष्ट अतिथि यूपी बार काउंसिल सदस्य विनोद कुमार पांडेय एडवोकेट ने कहा कि जब शिक्षक एमएलसी, स्नातक एमएलसी हो सकते हैं तो एडवोकेट कोटे से एमएलसी क्यों नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि अबकी बार जो बार काउंसिल में बैठक होगी उसमें यह मांग उठाई जाएगी। इसके अलावा अधिवक्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। डीबीए अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव एडवोकेट ने कहा कि जो दायित्व मिला है उसका निष्ठा पूर्वक निर्वहन अधिवक्ता हित में करूंगा।

एमएसीटी जिला जज खलीकुज्जमा, सीजेएम अचल प्रताप सिंह, पूर्व बार काउंसिल सदस्य मधुलिका यादव, पूर्व अध्यक्ष राज बहादुर सिंह आदि ने भी अपना विचार व्यक्त किया। अतिथियों को अंग वस्त्र और प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा वरिष्ठ अधिवक्ताओं को भी सम्मानित किया गया। अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष रामचंद्र सिंह मौर्य एडवोकेट और संचालन पूर्व अध्यक्ष दयाराम यादव एडवोकेट ने किया। उक्त अवसर पर न्यायिक अधिकारी बिनीता सिंह, स्वर्णमाला सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता भोला सिंह यादव, अशोक कुमार जालान, हीरालाल पटेल, जितेंद्र श्रीवास्तव, ओम प्रकाश राय, मार्तंड प्रसाद मिश्र, चंद्रकांत शर्मा, जगजीवन सिंह, रोशनलाल यादव, अशोक कुमार कन्नौजिया, रामजन्म सिंह, रामजियावान यादव, राजेश यादव, सलीम कुरैशी, बिंदु यादव, सुशीला वर्मा आदि मौजूद रही।

# परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाएं कर ली जाएं दुरुस्त: डीएम

अवधनामा संवाददाता

- बैठक कर जिलाधिकारी केंद्र जिम्मेदारों को दिए निर्देश
- 17 व 18 फरवरी को आयोजित होगी नागरिक पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा

**बांदा।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट के महर्षि बामदेव सभागार में आगामी 17 एवं 18 फरवरी को आयोजित होने वाली नागरिक पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के संबंध में बैठक की गई। डीएम ने केन्द्र व्यवस्थापकों, सेक्टर मजिस्टेऊट और स्टेटिक मजिस्टेऊट समेत संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगायी गई है, वह दिशा निर्देशों की जानकारी कर लें। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों को परीक्षा केन्द्रों में बेहतर फर्नीचर, प्रकाश एवं लाइट की समुचित व्यवस्था, पेयजल, सीसीटीवी, साफ-सफाई तथा मोबाइल को जमा करने के लिए कक्ष की व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

डीएम ने कहा कि परीक्षा केन्द्र के अन्दर कोई भी परीक्षार्थी मोबाइल फोन व इलेक्ट्रानिक सामग्री लेकर नही जायेगा। परीक्षा केन्द्र के अन्दर परीक्षार्थी मात्र तीन सामान पेन, पहचान पत्र एवं एडमिट कार्ड ही लेकर जायेगें। यह परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 से 12 बजे और 03 से 05 बजे तक आयोजित की जायेगी। सभी परीक्षा केन्द्र में सीसीटीवी संचालित रहेगें तथा सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों को सिटिंग प्लान समय से तैयार करने तथा परीक्षा के लिए समय से सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। यह परीक्षा जनपद के विभिन्न 11 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जायेगी।

उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में कुछ परीक्षा केन्द्रों के नाम आपसे में मिलते जुलते हैं, इसलिए परीक्षार्थी अपने परीक्षा केन्द्र के बारे में जानकारी कर लें। आदर्श इण्टर कालेज बिसण्डा जो कि ओरन रोड पर स्थित है तथा जनपद बॉदा से लगभग 35 किमी दूर है। दूसरा परीक्षा केन्द्र आदर्श बजरंग इण्टर कालेज बांदा मुख्यालय में है। इसी प्रकार गुलशन फातमा परीक्षा केन्द्र, सादी मदनपुर चिल्ला में है, जो मुख्यालय बांदा से लगभग 40 किमी दूर है तथा फातमा गर्ल्स इण्टर कॉलेज खुटला बांदा शहर में स्थित है। बैठक में एसपी अंकुर अग्रवाल ने केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिये कि प्रत्येक परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी कैमरा उपलब्ध रहें।

## हस्तम टीम ने जीता मैच, बिसंडा को हराया



**बांदा।** हस्तम में चल रहे हस्तम तकुली क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में बिसंडा व हस्तम की टीम के बीच मैच खेला गया। इसमें टास जीतकर बिसंडा की टीम ने पहले फील्डिंग की और हस्तम की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 10 विकेट खोकर 169 रन बनाए जिसमे बल्लेबाज छोटू ने 51 रन, मुरारी ने तूफानी बैटिंग करते हुए मात्र 16 गेंद में 37 रन बनाए। बिसंडा की ओर से गेंद से ज्ञानदत्त पाण्डेय ने सर्वाधिक 4 विकट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिसंडा की टीम की हालत बहुत खराब रही और पूरी टीम मात्र 109 रन पर आउट हो गई। हस्तम की ओर से आलराउंड प्रदर्शन करते हुए मुरारी गुप्ता ने तीन विकट लेकर, विक्कू सिंह ने भी तीन विकेट और तेजा ने दो विकेट लिए। मैन आफ द मैच मुरारी को भाजपा नेता व टूर्नामेंट संस्थापक हरिओम शर्मा ने शील्ड व धनराशि देकर सम्मानित किया। इस मौके पर टूर्नामेंट आयोजक राजा तिवारी, प्रबंधक कुंवर अभिमान सिंह कुलदीप यादव, विक्रम सोलंकी आदि रहे।

# दिव्यांगजन सशक्तिकरण प्रधानमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट: नरेन्द्र कश्यप

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दिव्यांगजनो के हितों के लिए संचालित हो रही हैं विभिन्न योजनायें

अवधनामा ब्यूरो

- नियमित रूप से आयोजित की जाय राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठक
- बसों में दिव्यांगजनों के साथ अच्छा व्यवहार करवाये परिवहन विभाग

**लखनऊ।** दिव्यांगजनों को विभागों में आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए विभागों के भवनों को दिव्यांगजन फ्रेंडली बनाया जाय। स्वास्थ्य विभाग दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाण पत्र समयबद्ध रूप से बनाने का कार्य करे, जिससे दिव्यांगजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन की बसों में दिव्यांजनों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाय। यदि दिव्यांगजन को देखकर देखकर बस चालक एवं कन्डेक्टर बस न रोके ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही भी जाय। खाद्य रसद विभाग दिव्यांगजनों को राशन कार्ड उपलब्ध कराने में सहयोग प्रदान करें, जिससे अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजनों का राशन कार्ड बन सके। विभागों में दिव्यांगजनों के लिए आयोजित होने वाले वर्कशाप में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के प्रतिनिधि को अवश्य आमंत्रित किया जाय। उक्त निर्देश प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने मंगलवार को योजना भवन में आयोजित दिव्यांगता पर गठित राज्य सलाहकार बोर्ड उत्तर प्रदेश की पांचवी बैठक में आये विभागों के प्रतिनिधियों को दिये। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि दिव्यांगजन सशक्तीरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ड्रीम संकल्प है, जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नियमित रूप से समीक्षा कर एवं योजनाओं के माध्यम से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता पर गठित राज्य सलाहकार बोर्ड नियमित रूप से आयोजित की जाय, जिससे दिव्यांगजनों को सशक्तीकरण मे आ रही बाधाओं पर विचार-विमर्श कर उसका समाधान किया जा सके। इसके साथ दिव्यांगजनों के जीवन को और कैसे बेहतर किया जा सकता है, इस बार बोर्ड सदस्यों के सुझावों को सुनकर उसपर रणनीति बनायी जा सके। दिव्यांगजन मंत्री ने बताया कि दिव्यांग व्यक्तियों हेतु भरण पोषण अनुदान योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजनों को 1 हजार रूपये प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 10 लाख 40 हजार 823 दिव्यांगजनों को तृतीय किश्त की धनराशि उपलब्ध करा दी गयी है।



# मनरेगा कार्यों में प्रयुक्त सामग्री उच्च क्वालिटी की होनी चाहिए

- सामग्री की गुणवत्ता की लैब टेस्ट रिपोर्ट 15 दिन में भेजवाना सुनिश्चित करें

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मनरेगा कार्यों में प्रयुक्त सामग्री उच्च क्वालिटी की होनी चाहिए। निर्माण कार्यों में प्रयोग की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता की जांच हर हाल में की जाए। मुख्य विकास अधिकारी व स्टेट क्वालिटी मैनेजर इस सम्बन्ध में पूरी सजगता व नियम संगत कार्य करें। कहीं पर भी अनियमितता या गड़बड़ी पायी जाय, तो दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाय।

उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में ग्राम्य विकास विभाग में तैनात महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत मण्डल स्तरीय प्राविधिक परीक्षक/स्टेट क्वालिटी मॉनिटर्स को ग्राम्य विकास आयुक्त द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि वह मुख्यालय को प्रेषित रिपोर्ट में वृक्षारोपण के कार्यों की जांच का उल्लेख किया जाए। मनरेगा योजनान्तर्गत कराए जा रहे कार्यों पर उपयोग किये जाने वाले मैटेरियल के खरीद एवं प्रयोग की जांच हेतु एम0बी0 में की गयी इन्ट्रीज़ की भी जांच की जाए। जनपदों द्वारा फर्जी मजदूरों के खाते में धनराशि भेजे जाने की शिकायत हो सकती है। इस हेतु मस्टर रोल के मजदूरों ने वास्तव में कार्य किया है या नहीं इसका आंकलन भी किया जाये। यह भी निर्देश दिए गए हैं कि आदर्श रूप में मस्टर रोल को 30 प्रतिशत इंट्रीज की जांच होनी चाहिए। समस्त स्टेट क्वॉलिटी मॉनीटर माह में निरीक्षण के लक्ष्य के सापेक्ष 20 प्रतिशत लैब टेस्ट अवश्य कराएं। निरीक्षण के उपरान्त लैब टेस्ट कराकर स्टेट क्वॉलिटी मॉनीटर आख्या 15 दिवस में भिजवाए। लैब तक स्टेट क्वालिटी मॉनीटर स्वयं सैम्पल लेकर जायेंगे, ताकि कोई सैम्पल में परिवर्तन न कर सके।

निर्देशित किया गया है कि मनरेगा योजनान्तर्गत कार्यों की जांच के समय दिये गये निर्देशों के अनुरूप अनिवार्य रूप से आवश्यक कार्यवाही करते हुए जांच रिपोर्ट में निर्धारित बिन्दुओं पर रिपोर्ट को सम्मिलित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

# सड़क सुरक्षा सरकार की प्रमुख प्राथमिकता: जितिन

- महत्पूर्ण मार्गों पर एम्बुलेंस की व्यवस्था होगी-लोक निर्माण मंत्री
- सड़क निर्माण में नवीनत्म तकनीक का प्रयोग किया जायेगा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि सड़क सुरक्षा सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में है। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में लोक निर्माण विभाग की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि महत्पूर्ण मार्गों पर एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। अस्पतालों से समन्वय बनाकर रखा जाये, ताकि दुर्घटना होने पर घायलों को तत्काल अस्पताल में इलाज मिल सके और उनका जीवन बचाया जा सके। प्रसाद ने निर्देश लोक निर्माण विभाग में सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदीकृत होने हेतु आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, वाहन सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग न करना, खराब रोड इंजीनियरिंग तथा दोषपूर्ण सड़क सुरक्षा उपाय आदि है।

# 18 प्रतिशत से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी

- सीसीटीवी कैमरों को कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद की वार्षिक परीक्षाओं के पहले दिन ही पहली पाली में 29 प्रतिशत और दूसरी पाली में 18 प्रतिशत से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। राजधानी लखनऊ में पहली पाली की परीक्षा में कुल 1578 परीक्षार्थियों में से 347 परीक्षार्थियों ने जबकि दूसरी पाली की परीक्षा में कुल 1620 परीक्षार्थियों में से 179 ने परीक्षा छोड़ी। नकलविहीन परीक्षाओं के लिए बोर्ड ने हर परीक्षा केन्द्र में वॉइस रिकार्डर सहित सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। इन सीसीटीवी कैमरों को इंदिरा भवन स्थित कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है। परीक्षा के पहले दिन बोर्ड चेयरमैन डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने बोर्ड रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठ कर मॉनीटरिंग की। बोर्ड चेयरमैन ने राजधानी के परीक्षा केन्द्रों में भी औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बोर्ड चेयरमैन ने बताया कि पहली पाली में मुंशी-मौलवी सेकेण्ड्री फारसी और अरबी की थियोलॉजी की परीक्षा हुई। दूसरी पाली में आलिम (सीनियर सेकेण्ड्री) के थियोलॉजी, कामिल अरबी-फारसी, प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष का मुतालए कुरान, मुतलाए हदीस और मुतालए फिकहे इस्लामी के साथ फाजिल की परीक्षा हुई। परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण बोर्ड चेयरमैन डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने मंगलवार को पहले दिन की परीक्षा में गोमती नगर स्थित दारुल उलूम वारसिया, गोमती नगर स्थित मदरसा इरम मॉडल स्कूल, चौक स्थित सुल्तानुल मदारिस और चौपटियां स्थित मदरसा इरम मॉडल निस्वां स्कूल पहुंच कर व्यवस्थाएं जांची। इस दौरान चेयरमैन को प्रवेश पत्र पर छात्र-छात्राओं के हस्ताक्षर नहीं मिले, जिस पर उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापक को निर्देश दिये।



## जरूरतमंदों का पक्के मकान का सपना हो रहा साकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन व दूरदर्शी सोच के तहत आवास विहीन/ कच्चे/ झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को ग्राम्य विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास उपलब्ध कराने का प्रयास तेजी से किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग लगातार ग्रामीण अंचलों में विकास की गंगा को बहाने का कार्य कर रहा है। केंद्र व प्रदेश सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को विभाग गाँव के हर जरूरत मंद तक पहुंचाया जा रहा है। इस कड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के माध्यम से अब तक कुल प्राप्त लक्ष्य 3615041 आवासों के सापेक्ष 34 लाख से अधिक आवासों को पूर्ण कर लिया गया है।

# काजमैन में मना जश्ने फातहे कर्बला

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की यौमे पैदाइश की पूर्व संध्या पर मंगलवार को रौजाए काजमैन में जश्ने फातहे कर्बला का आयोजन किया गया। महफिल में मौलाना तनवीर अब्बास नजफी व मौलाना इरशाद अब्बास ने इमाम (अ.स.) फजीलत बयान की। मौलाना ने कहा हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया की मेरा हुसैन हिदायत का चिराग हैं। महफिल में शायर शमीम इलाहाबादी,मेराज मंगलौरी, गौहर सुल्तानपुरी, अंबर तुराबी,सैफ जानसठी, अजीज आजमी, इरशाद अब्बास गोंडवी, एजाज जैदी, शकील उतरौलवी, मसर्रत लखनवी,अली अब्बास जैदपुरी आदि हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की शान में अपने कलाम पेश किये। इस मौके पर मौलाना सदफ जौनपुरी, मौलाना सकलैन आब्दी सहित अनेक उलमा मौजूद थे। महफिल का आगाज कारी नदीम नजफी ने तिलावते कुराने पाक से व संचालन अहमद रजा बिजनौरी ने किया। महफिल के कन्वीनर एजाज जैदी थे। इस मौके रौजाए काजमैन सहित पूरे इलाके को भव्य रूप से सजाया गया था तथा आने वालों के लिए सबीलों का भी इंतजाम था।

**घर घर हुई नजरे-** हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की विलादत की पूर्व संध्या पर मगरिब की नमाज के बाद जगह जगह नज़रों का आयोजन किया गया।

## सभी जनपदों के 02-02 मास्टर ट्रेनर्स हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में मुख्य निर्वाचन उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों के दृष्टिगत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुये अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, कुमार विनीत द्वारा निर्विघ्न व निर्विवाद निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु ईवीएम एवं वीवीपैट के संदर्भ में तथा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आयोग द्वारा पीठासीन अधिकारियों द्वारा निर्धारित विभिन्न प्रारूप, अनुलग्नक एवं सूचनाओं को सही प्रकार भर कर नियत लिफाफों में जमा कराये जाने के संबंध में आयोग निर्देशो का अक्षरशः अनुपालन कराये जाने पर विशेष बल दिया गया।

# डॉ हीरा लाल की अध्यक्षता में 97वीं बोर्ड की बैठक संपन्न

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मंगलवार को उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड, गोमती बैराज, गोमती नगर, लखनऊ स्थित सभागार में 97वीं बैठक डा हीरा लाल, अध्यक्ष एवं प्रशासक ग्रेटर शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास परियोजना/प्राधिकारी की अध्यक्षता में की गयी। उक्त बैठक में विभिन्न जनपदों के जिलाधिकारी तथा उनके नामित प्रतिनिधि व शासन के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक का प्रारम्भ प्राधिकारी के सचिव राजीव यादव, अपर आयुक्त द्वारा करते हुये उपस्थित सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया गया। प्राधिकारी की बैठक में कुल 31 प्रस्तावों पर चर्चा की गयी तथा उन्हें पारित किया गया, जिनमें मुख्य रूप से सरयू नहर परियोजना एवं अर्जुन नहर परियोजना में कराये जा रहे भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का अनुमोदन किया गया। प्राधिकारी की वित्तीय वर्ष 2010 से 2015-16 तक की आडिडेट बैलेंस सीट का भी अनुमोदन किया गया। प्राधिकारी के पास वर्तमान में 81 वाहन जिसमें ज्यादातर 15 वर्ष पुराने हैं, प्राधिकारी द्वारा 15 वर्ष पुराने वाहनों को नियमानुसार निष्प्रयोज्य करने हेतु नीलामी व स्क्रैप कराने के आदेश दिये गये। सरयू नहर परियोजना एवं अर्जुन नहर परियोजना में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति न होने के कारणों को प्राधिकारी के समक्ष रखा गया, जिसमें प्राधिकारी द्वारा कृषकों की भूमि पर बनाये जाने वाली नालियों के निर्माण हेतु भूमि के बदले मुआवजा दिये जाने तथा कृषकों को खड़ी फसल के बदले मुआवजा दिये जाने का प्रस्तावि पारित किया गया। बैठक में कच्चे कार्य को मनरेगा के माध्यम से कराये जाने का प्रस्ताव पास भी किया गया। प्राधिकारी द्वारा कार्यो में तकनीकी सहयोग हेतु निजी संस्थान, अर्द्धसरकारी, सरकारी संस्थान व एन.जी.ओ. से अनुबन्ध कर कार्य को कराये जाने हेतु प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इसके अतिरिक्त माइक्रोएरिगेशन को बढ़ावा प्रदान करने, स्प्रींकल सिंचाई जिसके माध्यम से कम पानी में फसलों की अधिक पैदावार की जा सकती है, से प्रदेश के किसानों को जागरूक करने पर बल दिया गया। जल, जंगल और जमीन की सेवा की जाए, ताकि जलवायु परिवर्तन को रोका जा सके। बैठक में अनीता वर्मा सिंह, विशेष सचिव, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ.प्र. शासन, अंजली सोनी, मुख्य वित्तीय सलाहकार, रजनीश प्रकाश चैधरी, अधीक्षण अभियन्ता एवं अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहें। बैठक की अध्यक्षता डा हीरा लाल, अध्यक्ष एवं प्रशासक ग्रेटर शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास परियोजना/ प्राधिकारी तथा संचालन राजीव यादव, अपर आयुक्त/ सचिव प्राधिकारी द्वारा किया गया।




# जेईई: नबील और साहिल की शानदार कामयाबी


सैयद मोहम्मद नबील रिजवी


सैयद मोहम्मद साहिल रिज़वी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** जेईई के नतीजे आ गए हैं और छात्रों की मेहनत रंग लाती नजर आ रही है। जैसे ही नतीजे घोषित हुए नबील रिजवी और साहिल रिजवी के घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया, क्योंकि इस परीक्षा में सैयद मोहम्मद नबील रिजवी ने 99. 79 परसेंटाइल जबकि सैयद मोहम्मद साहिल रिज़वी ने 99.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर के अपने माता-पिता का नाम रोशन कर दिया । दोनों छात्रों के परिजन व शुभचिंतक उनकी सफलता से काफी खुश नज़र आए।

# विद्युत चालित चाक, मधुमक्खी बॉक्स, प्लंबर टूलकिट समेत 680 मशीनरी और टूलकिट का वितरण

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने सोमवार को शामली जिले के पंजोखरा स्थित चौधरी चरण सिंह बहुउद्देशीय प्रशिक्षण केंद्र में ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत ग्रामीण कारीगरों को मशीनरी और टूलकिट प्रदान किये। इस अवसर पर केवीआईसी अध्यक्ष श्री मनोज कुमार के साथ कैराना लोकसभा सीट से सांसद श्री प्रदीप चौधरी तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य श्री विरेंद्र सिंह उपस्थित रहे। वितरण कार्यक्रम में केवीआईसी के मंडलीय कार्यालय मेरठ के अंतर्गत आनेवाले 6 मंडलों के 25 जिलों के ग्रामीण कारीगरों को 680 मशीनरी और टूलकिट व 90 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केवीआईसी अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने कहा कि 'मोदी सरकार की गारंटी' से पिछले 9 वर्षों में खादी और ग्रामोद्योगी उत्पादों की पहुंच लोकल से ग्लोबल हुई है। वोकल फॉर लोकल और मेक इन इंडिया मंत्र ने खादी को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाई है। पिछले 9 वर्षों में खादी और ग्रामोद्योगी उत्पादों का कारोबार 1.34 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है, जबकि इस दौरान 9.50 लाख से अधिक नये रोजगार का सृजन हुआ है। वितरण कार्यक्रम के दौरान मंडलीय कार्यालय मेरठ के अंतर्गत आने वाले 100 कुम्हारों को कुम्हार सशक्तिकरण योजना के तहत 100 विद्युत चालित चॉक, हनी मिशन योजना के अंतर्गत 50 मधुमक्खी पालकों को 500 मधुमक्खी बॉक्स, 20 कारीगरों को इलेक्ट्रिशियन टूल किट, 20 कारीगरों को प्लंबर टूल किट, 20 कारीगरों को पैडल ऑपरेटेड अगरबत्ती मशीनें, 20 कारीगरों को लेदर मशीनें और 90 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र वितरित किये गये। लाभार्थियों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष केवीआईसी श्री मनोज कुमार ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे 'आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान' से ग्रामीण भारत के कुशल कारीगरों को जोड़ने के लिए केवीआईसी द्वारा वृहद पैमाने पर कारीगरों को आधुनिक ट्रेनिंग के बाद मशीनरी और टूलकिट प्रदान कर रहा है। ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत केवीआईसी ने अभी तक 27 हजार से अधिक कुम्हार भाइयों और बहनों को विद्युत चालित चॉक का वितरण किया है, जिससे 1 लाख से अधिक कुम्हारों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है।



# शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने दुकानों को सील करने के लिए लिखा पत्र

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने अयोध्या के गुदड़ी बाजार चौराहा स्थित वक्फ मस्जिद खजूर वाली वक्फ संख्या आई-856 की सम्पत्ति पर बनी दुकानों को सील करने के लिए जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और अयोध्या विकास प्राधिकरण को पत्र लिखा है। इसी के साथ मस्जिद वक्फ कमेटी के अध्यक्ष और सचिव पर वक्फ एक्ट के खिलाफ काम करने पर वक्फ मस्जिद को हुए नुकसान की भरपाई अध्यक्ष और सचिव की आर.सी. कटवा करने का निर्णय लिया है। बोर्ड चेयरमैन अली जैदी से स्थानीय निवासियों ने शिकायत की थी कि अयोध्या की वक्फ मस्जिद खजूर वाली की सम्पत्ति पर प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष दिलावर हुसैन और सचिव परवेज हुसैन ने बोर्ड की अनुमति के बिना पांच दुकानें बनवाई और गैर कानूनी रूप से किरायेदारी की। इस संबंध में बोर्ड ने वक्फ इंस्पेक्टर मुंतजिर मेहदी को स्थलीय जांच के लिए भेजा। स्थलीय जांच के बाद वक्फ इंस्पेक्टर ने अपनी रिपोर्ट बोर्ड को सौंपी। जांच रिपोर्ट के आधार पर बोर्ड ने जिलाधिकारी अयोध्या और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को संबंधित के खिलाफ कड़ी कानूनी के लिए पत्र लिखा है। बोर्ड ने अयोध्या विकास प्राधिकरण से दुकानें सील करने को भी कहा है। चेयरमैन ने कहा कि मस्जिद प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष और सचिव पर सरकार से मिले मुआवजे के पैसे के दुरुपयोग और बोर्ड के नाम पर अवैध वसूली से बोर्ड की छवि धूमिल हुई है।

# हज यात्री खर्च की पहली किस्त 15 फरवरी तक जमा करें

- तारीख बढ़ना संभव नहीं: सीईओ भारतीय हज कमेटी

अवधनामा ब्यूरो



**नई दिल्ली।** भारतीय हज कमेटी के नेतृत्व और भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की देखरेख में हज 2024 की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। भारतीय हज कमेटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लियाकत अली अफाकी, जो वर्तमान में सऊदी अरब में हज प्रशासनिक मामलों को पूरा करने में लगे अधिकारियों की एक टीम का नेतृत्व कर रहे हैं, ने कहा कि भारत सरकार और सऊदी सरकार के बीच समझौते के अनुसार इस साल 1,75,025 भारतीय मुसलमानों को हज की सौगात मिलेगी. भारतीय हज कमेटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लियाकत अली अफाकी के मुताबिक इनमें भारतीय हज कमेटी के जरिए 1,40,025 यात्री हज करेंगे. अफाकी ने आगे बताया कि भारतीय हज कमेटी से जाने वाले हज यात्रियों के लिए हज खर्च की पहली किस्त जमा करने की विस्तारित अंतिम तिथि 15 फरवरी है जिस का विस्तार करना अब संभव नहीं है क्योंकि हज से जुड़ी हर एजेंसी समय से पहले संतोषजनक व्यवस्था के लिए एयरलाइंस, मक्का, मदीना मुनावराह, मीना, अराफात और मुजदलिफा में आवास के साथ-साथ अन्य व्यवस्था खर्चों का भुगतान आवश्यक है. अगर देरी हुई तो न सिर्फ व्यवस्थाओं में दिक्कत आएगी, बल्कि हर चीज महंगी हो जाएगी, जिसका खामियाजा हज यात्रियों को भुगतना पड़ेगा। श्री अफ़ाकी ने कहा कि अब तक लगभग अधिकांश हज यात्रियों ने पहली किस्त एकत्र कर ली है। बाकी हज यात्रियों से अनुरोध है कि वे 15 फरवरी तक अग्रिम राशि जमा कर दें अन्यथा सीट रद्द कर दी जायेगी और रद्द सीट को बहाल करना भी असंभव है। भारतीय हज कमेटी के मुख्य कार्यकारी श्री लियाकत अली अफाकी ने हज यात्रियों से असामाजिक तत्वों से सावधान रहने की अपील की। किसी भी दुष्प्रचार एवं अफवाह का शिकार न बनें। किसी भी सूचना संबंधी समस्या के लिए भारतीय हज कमेटी की वेबसाइट और राज्य हज कमेटी कार्यालयों की खबरों का अनुसरण करें।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा 13 जनपदों से गुजरेगी

- लखनऊ में यात्रा के दौरान राहुल घण्टाघर पर जनसभा को सम्बोधित करेंगे

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में मणिपुर से निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रदेश में 7 दिनों के भीतर 785 किलोमीटर की दूरी तय 13 जनपदों से गुजरेगी। इस दौरान 15 जनसभा, रास्ते में पडने वाले कस्बों और शहरों में पदयात्रा और समाज के विभिन्न वर्गों के साथ संवाद करते हुए राहुल गांधी न्याय की अलख जगाते चलेंगे। राजधानी लखनऊ में यात्रा के दौरान राहुल गांधी घण्टाघर पर जनसभा को सम्बोधित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय ने बताया कि प्रदेश में यात्रा को ऐतिहासिक बनाने की पूरी तैयारियां की जा रही हैं। कांग्रेस पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गयी हैं और पार्टी का हर कार्यकर्ता अपने नेता का स्वागत करने और इस मुहिम से जुडने के लिए उत्साहित है। डॉ. राय ने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा बिहार से 16 फरवरी को चन्दौली के नौबतपुर में प्रवेश करेगी। डॉ. राय ने प्रदेश में यात्रा की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि चन्दौली में प्रवेश के बाद नेशनल इंटर कॉलेज सैयदराजा से शहीद स्थल सैयदराजा तक पदयात्रा होगी और चन्दौली पड़ाव में रात्रि विश्राम होगा।

# यूनानी दिवस के छठे दिन अर्जुन देव हुए शामिल

- हमारे कॉलेज के छात्र ईमानदारी से मरीज़ों कि सेवा के लिए तैयार: प्रो. क़वी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मसीह मुल्क हकीम अजमल खान की जयंती के मौके पर देश-विदेश में यूनानी दिवस मनाने का सिलसिला जारी है. राजकीय तकमील उत्तिब कॉलेज और हॉस्पिटल में जारी यूनानी दिवस के छठे दिन लखनऊ में यूनानी दिवस समारोहकाफी सफलता पूर्वक आयोजित हुआ जिसमे आज डिप्टी सेक्रेटरी होम अर्जुन देव भारतीय मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे उन्होने अपने सम्बोधन में कहा कि मैं यूनानी चिकित्सा से ज्यादा परिचित नहीं हूँ , लेकिन जो भी जाना और इसके बारे में सुना है वह बहुत दिलचस्प है। उन्होंने अपने सम्बोधन में यूनानी पद्धति को काफी मनोवैज्ञानिक से बता कर लोगों को काफी प्रभावित किया उनका यूनानी चिकित्सा के बारे बोलने का तरीक़ा बहुत सादगी पूर्ण रहा और इसको काफी असरदार चिकित्सा बताया। डॉ. अशफर अहमद पूर्व डीओ (यूनानी ) लखनऊ डिवीज़न विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। । उनके अलावा, डॉ मोहम्मद खालिद सिद्दीकी, डॉ कमल हैदर रजवी और डॉ इरफान अहमद आदि अतिथि के रूप में मौजूद रहे। डॉ हैदर रिज़्वी ने कहा किआज यहां आ कर उनको उनको बहुत ख़ुशी हुयी और उनको अपना छात्र जीवन याद आ गया

कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर अब्दुल क़वी ने सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि ऐसे मेहमानों के आने और सम्बोधन से छात्र और छात्रों में जो ख़ुशी होती है वह तो है ही इससे बढ़कर उनकी हौसला अफ़ज़ाई भी होती है जो उनमे जोश पैदा करती है। प्रोफेसर क़वी ने इन लोगों से कहा कि आप लोग छात्रों को ट्रेनिंग देने कि गरज़ से कॉलेज आते रहे तो अच्छा होगा उन्होने कहा कि इस कॉलेज के छात्र पूरी मेहनत और ईमानदारी से मरीज़ों कि सेवा के लिए तैयार हो रहे मैं इनके उज्जवल भविष्य कि कामना करता हूँ।

पिछले कई दिनों से संस्थान में विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगी कार्यक्रम चल रहे हैं। इस प्रतियोगिता में कुल ग्यारह टीमों ने भाग लिया।